सूर्योदय 6:55 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.2 न्यू | 15.8 अधि |
| धर्मशाला | 9.6 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79043.74 |
| निफ्टी | 23914.15 |
| सोना 77,350 | चांदी 90,297 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




गुकेश ने लिरेन पर बनाई मानसिक बढ़त

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 29 नवंबर 2024 | 14 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 343, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी, महिला हिरासत में



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वीरवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया था। मामले में पुलिस ने एक 34 साल की महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर है। उसने शरारत में फोन किया था। महिला का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड भी नहीं है। मामले की जांच जारी है।

### रवांडा से भारत लाया गया लश्कर का आतंकी सलमान

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बेंगलुरु की जेलों में आतंकी साजिश मामले में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी सलमान खान का रवांडा से प्रत्यर्पण करवाया। 27 नवंबर को रवांडा के किगाली में पकड़े गए सलमान को वीरवार सुबह भारत वापस लाया गया। बेंगलुरु में एनआईए की विशेष अदालत से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर इंटरपोल ने रेड नोटिस के बाद सलमान का प्रत्यर्पण किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने यासीन मलिक को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक से जुड़े मामले की सुनवाई की। मामला जम्मू से नई दिल्ली केस ट्रांसफर करने से जुड़ा है। यह याचिका सीबीआई ने लगाई थी। जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने मलिक और अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया और उन्हें 18 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### जम्मू-कश्मीर में आया 5.8 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में वीरवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 71.27 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 165 किलोमीटर की गहराई में था।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दंगों पर सख्त कानून बनाए सरकार : शांता कुमार -पेज 3
- सुलगवान में राधा स्वामी अस्पताल को लेकर चक्का जाम -पेज 6
- पद का दुरुपयोग करने पर प्रधान और वार्ड सदस्य निलंबित -पेज 9
- पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा -पेज 13
- न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 319 रन -पेज 14


# वक्फ बिल पर बनी जेपीसी का बढ़ा वक्त, विपक्ष का हंगामा

## अडानी और संभल मुद्दे पर तीसरे दिन भी गतिरोध बरकरार, नहीं चले दोनों सदन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** ने वीरवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2023 पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के लिए विस्तार को मंजूरी दे दी, जिसके बाद बिल पर बजट सत्र 2025 के अंतिम दिन तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति मिल गई। समिति के अध्यक्ष और बीजेपी नेता जगदंबिका पाल की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच पारित किया गया।

लोकसभा में अडानी समूह से जुड़े आरोपों और संभल हिंसा सहित कई मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण लगातार तीसरे दिन गतिरोध बना रहा और लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे के कारण दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। पहले दिन से विपक्ष अडानी समूह से जुड़े आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव बनाए हुए है। जेपीसी के समय बढ़ाने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ जेपीसी का समय बढ़ाने की मांग विपक्ष ने की, लेकिन जब समय बढ़ाने का प्रस्ताव आया, तब भी कांग्रेस ने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि मैं इसकी निंदा करता हूं। राज्यसभा में सभापति धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और फिर बताया कि उन्हें अडानी, मणिपुर और संभल हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत कुल 16 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। उन्होंने कहा कि सदस्य इन मुद्दों को अन्य प्रावधानों के तहत उठा सकते हैं।

### जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं, उन्हें आप उठा रहे : ओम बिरला

**लोकसभा** में अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों को इंगित करते हुए कहा कि जनता ने आपको अनेक आकांक्षाओं के साथ यहां भेजा है, आपको उनकी चिंताएं और क्षेत्र की समस्याएं उठानी चाहिए। बिरला ने कहा कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं। चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है। वहीं, राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही में डाले जा रहे व्यवधान पर चिंता जताते हुए कहा कि संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है, बल्कि यह एक रोग है जो देश की नींव को कमजोर करता है और संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है।

# हिमाचल सरकार को खेल कोटे से नौकरी न देने पर 'सुप्रीम' फटकार

## पूछा- क्या स्वर्ण पदक विजेता को ऐसे प्रोत्साहित करते हैं?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**सुप्रीम** कोर्ट ने खेल कोटे के तहत एशियाई खेलों के एक स्वर्ण पदक विजेता को नौकरी देने से इनकार करने पर हिमाचल सरकार को फटकार लगाई है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या आप इस तरह से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं? न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने इस बात पर आपत्ति जताई कि 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता पूजा ठाकुर को अपनी नौकरी के लिए वर्षों तक दर-दर भटकना पड़ा। पीठ ने कहा कि क्या इस तरह से आप खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं? किसी ने 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, आपके मुख्यमंत्री को व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना चाहिए। खिलाड़ियों के प्रति राज्य का ये दृष्टिकोण है? कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से आबकारी एवं कराधान अधिकारी के पद पर पूजा की नियुक्ति के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया, जो जुलाई 2015 में मुख्यमंत्री को उनके आवेदन की तिथि से प्रभावी थी। ठाकुर ने 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में आयोजित एशियाई खेलों के दौरान कबड्डी में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2015 के राष्ट्रीय खेलों में भी रजत पदक जीता था।

राज्य सरकार ने अपनी अपील में हाईकोर्ट की खंडपीठ के 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें पूजा की इस पद पर नियुक्ति के कल न्यायाधीश के आदेश को बरकरार रखा गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारी इस बात से खुश नहीं थे कि ठाकुर ने कथित तौर पर दो मूल आवेदन दाखिल करके प्रथम श्रेणी के पद पर नियुक्ति के लिए उससे संपर्क किया और वे इससे नाराज थे।

# दिल्ली में 2 दिसंबर तक लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रैप-4 के तहत आपात उपायों में छूट देने से वीरवार को इनकार कर दिया और इन्हें दो दिसंबर तक जारी रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि 'कोर्ट कमिश्नर' की ओर से प्रस्तुत दूसरी रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी ग्रैप-4 के तहत पाबंदियों को अक्षरशः लागू करने में ''पूरी तरह विफल'' रहे हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि स्कूलों के संबंध में संशोधित उपायों को छोड़कर 'ग्रैप-4' के तहत सभी पाबंदियां सोमवार तक लागू रहेंगी। इस बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक बैठक आयोजित करेगा और ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 की ओर जाने के बारे में सुझाव देगा। हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि ग्रैप-4 में दिए गए सभी उपाय लागू किए जाएं। कोर्ट ने कहा कि 'गंभीर चूक' करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए। पीठ ने पंजाब से संबंधित उस खबर का संज्ञान लिया, जिसमें एक भूमि अभिलेख अधिकारी और संगरूर ब्लॉक पटवारी यूनियन के अध्यक्ष ने खुले तौर पर किसानों को उपग्रह की नजर से बचने के लिए शाम चार बजे के बाद पराली जलाने की सलाह देने की बात स्वीकार की थी।

# प्रियंका ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केरल** के वायनाड से चुनाव जीतकर प्रियंका गांधी को पहली बार लोकसभा पहुंचीं। उन्हें सांसद पद की शपथ दिलाई गई। प्रियंका ने हिंदी में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने संविधान की एक प्रति अपने हाथ में ले रखी थी।

शपथ ग्रहण करने के बाद प्रियंका ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विपक्ष और सत्तापक्ष में अग्रिम पंक्ति में बैठे नेताओं की ओर हाथ जोड़कर अभिवादन किया तथा सदन में नेता प्रतिपक्ष व भाई राहुल गांधी ने भी हाथ जोड़कर प्रियंका का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि जनता के जरूरी मुद्दों को उठाना, देश और पार्टी के लिए काम करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहीं, महाराष्ट्र के नांदेड़ से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता रवींद्र बसंतराव चव्हाण ने भी सदन की सदस्यता की शपथ ली।

**प्रियंका ने लोकसभा अध्यक्ष और सत्तापक्ष व विपक्ष के नेताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन किया**



# सोरेन चौथी बार बने झारखंड के सीएम

**एजेंसी, रांची**

**झारखंड** मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन ने वीरवार को राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झामुमो नेता रिकॉर्ड चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में आदिवासी नेता सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और 'आप' के नेता अरविंद केजरीवाल मौजूद थे। शपथ लेने से पहले सोरेन ने झामुमो अध्यक्ष और अपने पिता शिबू सोरेन से मुलाकात की। विधानसभा चुनावों में सोरेन ने भाजपा के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल कर अपना बहुमत बनाए रखा, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं। वहीं, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पारंपरिक परिधानों में सजे आदिवासी समूहों ने कार्यक्रम स्थल पर ढोल और नगाड़े की धुन पर नृत्य किया।



### प्रधानमंत्री ने हेमंत सोरेन को बधाई दी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर झामुमो के नेता हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

# बांग्लादेश हाईकोर्ट ने 'इस्कॉन' पर बैन लगाने से किया इनकार

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** हाईकोर्ट ने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

इस संबंध में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के वकील मोनिरुज्जमां ने जस्टिस फराह महबूब और जस्टिस देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के सामने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने वाली अर्जी दाखिल की थी। राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार एक हिंदू नेता के समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में एक वकील की मौत हो गई थी। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से 'इस्कॉन' की हालिया गतिविधियों के संबंध में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा था।

### हिंदू पुजारी को गलत तरीके से किया अरेस्ट : हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सरकार के बदलने के बाद से ही हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को हाल ही में बांग्लादेश में गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने बयान जारी कर कहा कि हिंदू पुजारी को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

# हिमाचल में प्रचंड हुई ठंड, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार दिन चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा व किन्नौर जिले में 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

इससे तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। अन्य जिलों में आगामी सात दिन तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। 29 नवंबर तक बिलासपुर और मंडी जिले के सुंदरनगर में सुबह-शाम घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 3 दिसंबर से प्रदेशभर में मौसम साफ रहने की संभावना है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.2, कल्पा में -0.6, ऊना 4.1, केलांग -3.6, कुकुमसेरी में -6.5, समदो -2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**बिलासपुर और सुंदरनगर में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी**



शिमला में खिली धूप में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

# डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि घटा या बढ़ा सकेंगे यूजी स्टूडेंट्स

**नई दिल्ली।** यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक यूजी स्टूडेंट्स के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस सप्ताह बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम (ईडीपी) की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

# जुब्बल के खलावन गांव में जिंदा जला नेपाली

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**



**शिमला** के रोहड़ू उपमंडल के खलावन गांव में ढारे में आग लगने से नेपाली मूल का एक व्यक्ति जिंदा जल गया।

मृतक की पहचान प्रेम बहादुर (55 ) निवासी नेपाल के रूप में हुई है, जो ओंकार सुनटा पुत्र उमासरन गांव खलावन टिक्कर के पास रहता था। हादसे के समय प्रेम बहादुर अकेला ही था। पुलिस के अनुसार, नेपाली का डेरा अपने मालिक के घर से काफी दूरी पर था। जब तक आग बुझाने पहुंचे, तब तक नेपाली की मौत हो चुकी थी। वहीं, एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है।






**ताकत** दुश्मनों की खैर नहीं, भारत ने 3,500 किलोमीटर रेंज वाली मिसाइल का किया सफल परीक्षण

# के-4 बैलिस्टिक मिसाइल करेगी दुश्मन का खात्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की सैन्य ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है। भारतीय नौसेना ने हाल ही में शामिल की गई परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

यह परीक्षण न केवल भारत की परमाणु ताकत को नई ऊंचाई पर ले जाता है, बल्कि देश की दूसरी मारक क्षमता को भी प्रमाणित करता है। इस सफलता के बाद नौसेना इस मिसाइल प्रणाली के और भी परीक्षण करेगी, जिससे भारत की सामरिक स्थिति और मजबूत होगी।



**खासियत**

- मिसाइल 750 किलोमीटर तक कर सकती है वार
- 3,500 किलोमीटर तक दुश्मन के ठिकानों को करेगी तबाह

### चीन और पाकिस्तान की बढ़ी चिंता

**आईएनएस** अरिघात की ताकत और के-4 मिसाइल की क्षमता के कारण भारत की स्ट्रैटेजिक पोजिशन में बड़ा सुधार हुआ है। इस सफलता ने चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है। यह परीक्षण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत और न्यूक्लियर ट्रायड को और भी मजबूत बनाता है।

### के-4 मिसाइल : भारत का मजबूत हथियार

के-4 बैलिस्टिक मिसाइल को खास तौर पर पनडुब्बियों से दागने के लिए डिजाइन किया गया है। यह 3,500 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेदने की क्षमता रखती है। इस मिसाइल को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है। इसके कई परीक्षण पहले किए गए हैं, जिससे इसकी परिचालन क्षमता को और बेहतर बनाया गया। के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण न केवल भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि चीन और पाकिस्तान जैसे देशों को भी साफ संदेश देता है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार है।

### तीसरी परमाणु पनडुब्बी जल्द होगी शामिल

**आईएनएस** अरिहंत और अरिघात के बाद भारतीय नौसेना के बेड़े में तीसरी परमाणु पनडुब्बी भी अगले साल शामिल की जाएगी। यह कदम भारत की सामरिक शक्ति को और भी मजबूत बनाएगा और दुश्मनों को कड़ा संदेश देगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मरीजों और छात्रों को दी अंगदान की जानकारी



**अनंत ज्ञान, शिमला।** आईजीएमसी में नेत्र रोग ओपीडी के बाहर स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान व नेत्रदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोटो के ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर नरेश व आईईसी कंसल्टेंट रामेश्वरी ने लोगों को मरने के बाद नेत्रदान और ब्रेन डेड स्थिति में अंगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरने के बाद नेत्रदान करके दूसरों के जीवन में उजाला लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वहीं अंगदान एक नया जीवनदान है, इसीलिए अगर लोगों में पहले से अंगदान को लेकर पर्याप्त जानकारी होगी तभी ऐसे मौके जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। मौजूदा समय में प्रदेश भर से करीब 1400 से अधिक लोगों ने अंगदान का शपथ पत्र भरा है।

### चौपाल कॉलेज में छात्रों को दिए करियर के टिप्स

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में महाविद्यालय के 'करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल' के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को करियर से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेज के सहायक प्रबंधक दिनेश डोगरा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर महाविद्यालय के समस्त छात्रों को भविष्य में अच्छे करियर के चुनाव के नए-नए रास्ते बताए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं गैर शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. रविंद्र ने अपने सम्बोधन में छात्रों को मेहनत एवं निष्ठा से कार्य करते हुए अपनी मंजिल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### भड़ेच स्कूल ने ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में जीते 6 पदक




**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जम्मू विश्वविद्यालय में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की 17वीं जूनियर ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में जुन्गा से सटे राजकीय हाई स्कूल भड़ेच के सात बच्चों ने भाग लिया जिनमें से छः सिल्वर और कांस्य पदक जीत कर पाठशाला और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के जूनियर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 31 पदक जीते जिनमें से 6 पदक शिमला जिला भड़ेच स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने नाम किए। उन्होंने बताया कि भड़ेच स्कूल के दीक्षित ने 38 किलोग्राम वजन में एक सिल्वर और एक कांस्य पदक हासिल किया। जबकि अक्षित ने 30 किलोग्राम वजन में दो कांस्य पदक, सुदर्शन ने 42 किलोग्राम वजन में कांस्य और आदर्श ने 46 किलोग्राम वजन में कांस्य पदक जीता।

### थुंदल के शराण में एक दिसंबर से होगी ठोडा प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** ग्राम पंचायत थुन्दल के शराण के ग्रीन पार्क स्टेडियम में एक दिसम्बर से ध्यान सिंह मैमोरियल ठोडा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह ठोडा खेल प्रतियोगिता नव युवक मंडल शराण के द्वारा आयोजित किया जा रही है। प्रतियोगिता में चौपाल, ठियोग और सिरमौर क्षेत्र की कुल 16 ठोडा टीमों के खाश खूंद भाग ले कर एक दूसरे पर तीरों की वर्षा करेंगे। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री रजनीश किमटा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथियों में प्रधान ग्राम पंचायत थुंदल सरीता, प्रधान ग्राम पंचायत सरी अमर सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत जोड़ना नीलम, प्रधान ग्राम पंचायत जावग छमरोग किरण के अलावा पंचायत समिति सदस्य रीना उपस्थित होंगी। ध्यान सिंह मैमोरियल ठोडा खेल प्रतियोगिता का आयोजन थुंदली बिरादरी के प्रसिद्ध ठोडा खिलाड़ी ध्यान सिंह कटाइक की याद में आयोजित किया जा रहा है। नवयुवक मंडल शराण के सदस्य वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि ठोडा प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है।

### झंडूता नगर पंचायत में ठप्पर को न करें शामिल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के झंडूता को शहरी विकास विभाग ने झंडूता को नगर पंचायत बनाने की अधिसूचना हाल ही में जारी की गई है। इस पर झंडूता के ठप्पर गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें नगर पंचायत में नहीं जोड़ा जाए। वह बलघाड़ पंचायत में ही रहना चाहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह कल जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के पास पूरे गांव के साथ आपत्ति लेकर जाएंगे। अगर उनकी यह मांग नहीं मानी गई तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। वहीं ठप्पर गांव के निवासी महेंद्र सिंह कहना है कि गांव ठप्पर गांव को नगर पंचायत ना बनाकर ग्राम पंचायत बलघाड़ के साथ ही रहने दें तथा नगर पंचायत में ठप्पर को बिना जनता की राय के शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वही करतार सिंह ने कहा कि हम इस अधिसूचना का विरोध करते हैं। हमें बलघाड़ पंचायत के साथ रखा जाना चाहिए। हम नगर पंचायत में नहीं जुड़ना चाहते हैं। वही ठप्पर गांव के सुन्दर सिंह ठाकुर का कहना है कि इस अधिसूचना की जानकारी हमें अखबार या न्यूज चैनल के माध्यम से मिली है। इसके लिए हमें कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### पुलिस ने बरामद की देसी शराब की 12 बोतलें

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पुलिस ने समोह के साथ लगते जंगल में 12 बोतलें देसी शराब बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को पुलिस थाना झण्डूता की एक टीम पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार की अगुवाई में समोह में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान प्रदीप कुमार पुत्र ओंकार सिंह गांव जज्जर कल्याडे तहसील झण्डूता जिला बिलासपुर से 12 बोतलें शराब देसी मार्का संतरा बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है शराब को भी कब्जे में ले लिया है। वहीं मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि वह बुधवार रात के समय समोह में गश्त पर थे। तभी एक व्यक्ति पैदल चला था। जब उसे रोका गया और तलाशी ली गई तो उससे एक पेटी देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 33 छात्रों की एक माह की ऑनजॉब ट्रेनिंग शुरू



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के बीवोक रिटेल मैनेजमेंट लेवल-4 के 33 विद्यार्थियों ने घुमारवीं के विभिन्न रिटेल स्टोर रिलायंस ट्रेंड्स, न्यूमेरो यूनो, ऑक्टेव और लंदन बेरी में एक महीने की ऑनजॉब ट्रेनिंग शुरू कर दी है। इंटर्नशिप का उद्देश्य छात्रों को मार्केटिंग, व्यापार, बिक्री तकनीक, विज्ञापन कौशल और संचार कौशल के बारे में व्यावहारिक ज्ञान देना है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर व्यापार जगत से जुड़ सकें। प्राचार्य डॉक्टर राकेश राणा ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, दृढ़ संकल्प, निरंतरता और दृढ़ता के साथ अपने ऑन जॉब प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए प्रेरित किया, ताकि व्यावसायिक कौशल विकसित हो सके। नोडल अधिकारी प्रो. सीता राम ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान अनुशासन में रहने की सलाह दी। प्रो. कुणाल कश्यप ने छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ उद्यमशीलता कौशल सीखने की सलाह दी।

### धनत्थर स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनत्थर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, कार्यक्रम में झंडूता कांग्रेस नेता, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। वहीं, कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

## मार्क्सवादी राज्य कमेटी हिमाचल का शिमला के कालीबाड़ी हॉल में शुरू हुआ सम्मेलन

# चौड़ा मैदान तक निकाली विशाल रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश का तीन दिवसीय सम्मेलन शिमला के कालीबाड़ी हॉल में शुरू हुआ। सम्मेलन से पूर्व पंचायत भवन शिमला से चौड़ा मैदान तक एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। अंबेडकर चौक पर हुई रैली को पार्टी पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सुभाषिनी अली, तो सेन, ए विजय राघवन, राकेश सिंघा, कुशाल भारद्वाज व विजेंद्र मेहरा ने संबोधित किया। जनसभा में केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉ. ओंकार शाद, डॉ. विक्रम सिंह, राज्य सचिवमंडल सदस्य डॉ. कश्मीर ठाकुर, डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, प्रेम गौतम, संजय चौहान, फालमा चौहान, संतोष कपूर, विरेंद्र ठाकुर व मौलाना मुमताज अहमद काजमी आदि मौजूद रहे।



रैली के दौरान मौजूद मार्क्सवादी राज्य कमेटी के सदस्य।

जनसभा की अध्यक्षता स्वागत समिति अध्यक्ष डॉ. विजय कौशल ने की। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2014 से जब से केंद्र में भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से देश में दो तरह का भारत बना है। एक ओर गरीब लोगों का तड़पता भारत है और दूसरी ओर अमीर लोगों का चमकता भारत है। अमीरी व गरीबी में खाई गहरी हुई है। देश में अमीरों को छूट व गरीबों की लूट हो रही है। पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने मेहनतकश जनता के अधिकारों को छीनने का ही काम किया है।

किसानों व आम जनता को मिलने वाली सबसिडी को खत्म किया गया है। पिछले 100 वर्षों में मजदूरों के हक में जो चौबालीस श्रम कानून बने थे, उन कानूनों को खत्म करके मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं मे बदल दिया गया है। केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में भयंकर बेरोजगारी बढ़ी है। किसानों की आत्महत्याएं बढ़ी हैं। कृषि संकट गहरा हुआ है। मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, नौजवानों, दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों पर शोषण व अत्याचार बढ़ा है। देश में गरीबों की लूट व अमीरों को छूट की नीति को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने कॉरपोरेट सांप्रदायिक गठजोड़ की नीति को आगे बढ़ाया है। आरएसएस व भाजपा ने पिछले दस वर्षों में संविधान के मूल ढांचे को नष्ट करने की हर संभव कोशिश की है। मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में अमीरी गरीबी में खाई गहरी हुई है। एक ओर दुनिया में सबसे तेजी से सबसे ज्यादा नए खरबपति भारत में पनपे हैं और दूसरी ओर देश में गरीबी व भुखमरी तेजी से बढ़ी है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स व मानव सूचकांक में भारत की स्थिति दुनिया में दयनीय हुई है।

देश में कर्मचारियों व मजदूरों के अधिकारों पर भारी कुठाराघात हुआ है। किसानों की स्थिति बिगड़ी है। स्थाई रोजगार की जगह कच्चे रोजगार ने ले ली है। मोदी सरकार की नीतियों से देश में मंहगाई, बेरोजगारी व आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार भी प्रदेश में मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को ही लागू कर रही है व आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। शिमला में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के कार्य को आरएसएस व भाजपा से संबंधित कुछ सनातनी संगठनों ने अमलीजामा पहनाया परंतु इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेता भी बेनकाब हुए हैं। इस घटनाक्रम से इन दोनों पार्टियों का जनता में पर्दाफाश हुआ है व जनता के समक्ष केवल सीपीआईएम ही अब एकमात्र विकल्प है।

# आईजीएमसी में एमआरआई मशीन खराब, मरीज ठोकरें खाने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आईजीएमसी में एमआरआई मशीन खराब पड़ी है। ऐसे में मरीजों को दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। मशीन ठीक न होने से अब निजी लैब का रुख कर रहे है। हालत तो यहां पर ऐसी बन चुकी है कि अगर मशीन ठीक भी हो जाती है तो भी मरीजों को लंबी डेट दी जाती है। मरीजों को एमआरआई करवाने के लिए 3 से 4 महीने की डेट दी जा रही है। अब मरीजों को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामिण क्षेत्र के लोग जब भी अपना उपचार करवाते है, तो चिकित्सक उन्हें एमआरआई करवाने को लिख लेते हैं, लेकिन जब एमआरआई करवाने की बारी आती है, तो मरीजों को 3 से 4 महिने की डेट दी जाती है। हद तो यह है कि मरीजों को तब तक चिकित्सक दवाईयां नहीं देता है, जब तक टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आती है। मरीजों को नार्मल टेस्ट करवाने के लिए भी दो सप्ताह लग जाते हैं। यहां पर अतिरिक्त मशीनों का प्रावधान होना बहुत जरूरी है। तभी लोगों की दिक्कतें दूर होगी।



### एक मशीन पर प्रदेशभर के हजारों मरीजों का बोझ

आईजीएमसी हिमाचल का एकमात्र अस्पताल होने के नाते यहां पर हजारों मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं। ऐसे में एमआरआई की सिर्फ एक ही मशीन है। यह दोनों मशीनें काफी पुरानी है। जितनी इस मशीन की किमत है उतना ही खर्चा इसकी मरम्मत करने में लगा है।

### निजी लैब वाले कूट रहे चांदी

इन दिनों अब सारे मरीज निजी लैब में एमआरआई करवाने जा रहे हैं। ऐसे में मरीजों को निजी लैब में भारी पैसे भी खर्च करने पड़ रहे है। मरीज निजी लैब में इसलिए जाते है कि समय से उनका टेस्ट हो जाए। डॉक्टर निजी लैब की रिपोर्ट को भी मान्यता दे रहे हैं। निजी लैब में एमआरआई 5 हजार से 10 हजार के बीच होता है।

# होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**दशमी रावत, रोहड़ू**



सालाना समारोह के दौरान मौजूद गणमान्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खाबल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। समारोह के अवसर पर तहसीलदार चिड़गांव पवन ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला एवं ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिसर चिड़गांव वीरेंद्र श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत खाबल प्रधान कुलदीप बिजरुवाण, उपप्रधान बिहारी लाल, भूतपूर्व एसएमसी प्रधान जय सिह एवं वर्तमान एसएमसी अध्यक्ष संजीव जिताण, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्य कमनीश कुमारी ठाकुर व शिक्षक विनोद कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

वहीं शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शों व समसामयिक विषयों की सराहना की। छात्रों द्वारा उत्कृष्ट श्रेणी का किन्नौरी मिक्स डांस प्रस्तुत किया गया।(अनंत ज्ञान)

### भाजपा विकसित भारत लक्ष्य पर कर रही कार्य : श्रीकांत

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रभाती श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा 2047 विकसित भारत के लक्ष्य के कार्य कर रही है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और हम प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक सभी पदों पर विजय होंगे।

उन्होंने कहा की विपक्षी दलों को केवल एक ही चिंता है भाजपा को रोकने की, उन सभी को देश की चिंता नहीं हैं।

पीएम मोदी को गाली देते देते विपक्षी दल देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिगाड़ रहे है। जब 2017 में चुनाव आयोग ने ईवीएम एक हैकाथॉन करवाया और कहा था कि कोई भी राजनीतिक पार्टी ईवीएम को हैक करके दिखाए। मगर उस हैकाथॉन में किसी भी पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया।

# रजनीश कीमटा ने नवाजे मेधावी



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धारचांदना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश कीमटा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर फार्मर एडवाइजरी कमेटी अध्यक्ष तुलसीराम जमालटा बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहे। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। स्कूल छात्रों द्वारा पेश पहाड़ी नाटी, फिल्मी और पंजाबी गीतो और नाटक से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई तथा कहा कि उनके स्कूल में एकेडमिक में छठी कक्षा में रुब्बल ने प्रथम, स्नेहा ने दूसरा तथा इशिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, सातवी कक्षा में वंशिका ने प्रथम, अनिरुद्ध ने दूसरा, आरव और अंशित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, आठवी कक्षा में अनमोल ने प्रथम, साक्षी ने दूसरा तथा अपन्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, नौवी कक्षा में मीनाक्षी ने प्रथम, अनुवि और कामाक्षी ने दूसरा तथा सुदर्शन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह के अंत में मुख्यातिथि ने मेधावी नवाजे और कहा कि यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है।

### आईजीएमसी में न्यूरोलॉजी की ओपीडी अब तीन दिन होगी

**शिमला।** आईजीएमसी में अब न्यूरोलॉजी की ओपीडी तीन दिन चलेगी। अभी तक ये सप्ताह में सिर्फ दो दिन तक ही चलती थी। अब सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को न्यूरो की ओपीडी चलेगी। इसे नए भवन के नौंवी मंजिल के कमरा नंबर 914-ए में स्थानांतरित कर दिया गया है।

एमएस डॉ. राहुल रॉव का कहना है कि ओपीडी में ज्यादा मरीज आ रहे हैं। इसलिए अब इसे तीन दिन कर दिया गया है। ताकि, मरीजों को किसी तरह की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। उनका कहना है कि तय दिन को ही डॉक्टर ओपीडी में मिलेंगे। ऐसे में अब मरिजों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# जगत सिंह नेगी ने की सरकार के दो साल के जश्न समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर 11 दिसंबर को लुहणू मैदान, बिलासपुर में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गुरुवार को बिलासपुर का दौरा किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक बाबर ठाकुर, कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, एचआरटीसी परचेसिंग कमेटी के सदस्य संदीप संख्यान, और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष



सरकार के दो साल के जश्न समारोह की तैयारियों का जायजा लेते मंत्री जगत सिंह नेगी

आशीष विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने सुझाव दिए और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नेगी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता और मोबाइल शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देने को कहा। पुलिस विभाग को ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने कांग्रेस नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लुहणू मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सजावट और अन्य तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर को बिलासपुर में पुन: समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यक्रम आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा और तैयारियों की प्रगति पर विचार किया जाएगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने का जश्न भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपने कार्यक्रम कहां करेगी, यह तय करने के लिए विपक्ष से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। सरकार अपने अधिकार क्षेत्र में काम कर रही है, और यह आयोजन जनता के लिए है, न कि राजनीतिक आलोचना के लिए।

# घुमारवीं शहर में बनी पार्किंग को डेढ़ वर्ष से लोकार्पण का इंतजार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं में लोग एक तरफ तो पार्किंग सुविधा न होने के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ करोड़ों रुपए की लागत से तैयार की गई पार्किंग पिछले डेढ़ वर्ष से लोकार्पण के इंतजार में है। घुमारवीं शहर में पार्किंग का अभाव होने के कारण वाहन चालक पहले ही परेशान रहते हैं। मजबूरन वाहन चालक नेशनल हाइवे या फिर तहसील परिसर को जाने वाली सडक़ के किनारे ही वाहन पार्क कर देते हैं। इससे कई बार यहां पर जाम की स्थिति भी बन जाती है तथा कई बार वाहन चालकों को इसका खामियाजा चालान कटवाकर भुगतान पड़ता है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद नगर परिषद घुमारवीं में एसडीएम ऑफिस व मेला ग्राउंड के समीप बनी पार्किंग का लाभ वाहन चालकों व लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

बताते चलें कि नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत मेला ग्राउंड के पास नवनिर्मित पार्किंग का शिलान्यास नवंबर, 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया गया था। मई, 2023 में तैयार हो चुकी यह पार्किंग उद्घाटन के इंतजार में धूल फांक रही है।



करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए में तैयार हुई इस मल्टी स्टोरी पार्किंग में करीब 35 से 40 गाड़ियों के खड़े करने की जगह है। इस पार्किंग का काम करीब डेढ़ वर्ष पहले ही पूरा हो चुका है जिसके बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा इस पार्किंग को विभाग को सौंपा जा चुका है। लोग काफी समय से इस पार्किंग के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि इस पार्किंग से बाजार में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी राहत मिल सकती है वैसे भी यह शहर की पहली पार्किंग है जिसे नगर परिषद घुमारवीं संचालित करेगा। हालांकि अभी यह तय नहीं हो सका है कि इस पार्किंग की सुविधा लोगों के लिए निशुल्क रहेगी या फिर नगर परिषद इस पर शुल्क चार्ज करेगा।

वहीं, नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि घुमारवीं में मेला ग्राउंड के समीन बनी पार्किंग बनकर तैयार है। शीघ्र ही इस पार्किंग का उद्घाटन करवाकर लोगों को समर्पित कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सरकार का जश्न समारोह भाजपा की कथित लोकप्रियता पर होगा बड़ा प्रहार : बंबर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बिलासपुर में 11 दिसंबर को कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष के सफल सुशासन पर समारोह आयोजित करने के निर्णय पर प्रश्न उठाने के लिए बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि इस समारोह के विषय में त्रिलोक जम्वाल का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि निश्चित रूप से यह समारोह भाजपा की कथित लोकप्रियता पर एक बहुत बड़ा प्रहार होगा। बंबर ठाकुर ने कहा कि आश्चर्य है कि सदर का विधायक होते हुए भी जम्वाल मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के उनके क्षेत्र में आने पर मुक्त कंठ से स्वागत करने की बजाए विरोध कर रहे हैं क्योंकि जब ये नेता बिलासपुर पधारेंगे तो बिलासपुर को कुछ न कुछ सौगात अवश्य देंगे, जिसकी त्रिलोक जम्वाल को खुशी मनानी चाहिए।

### चैरिटेबल अस्पताल भोटा को बंद करने के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा को 1 दिसंबर से बंद करने के नोटिस चिस्पाने पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने ऐसी स्थिती की नौबत आने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। इसको लेकर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पिछले करीब 24 वर्षों से जनता की सेवा में समर्पित है और इससे लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई निर्णय न लेना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर अब चैरिटेबल अस्पतालों को भी निशाना बना रही है।

# डायनथस फ्लावर की सफल खेती करने वाली प्रदेश की पहली किसान बनी मीना

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के औहर क्षेत्र के साथ लगती पंचायत हीरापुर पंचायत की मीना चंदेल ने फ्लोरीकल्चर सेक्टर में एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने डायनथस फ्लावर की सफल खेती करके देश और प्रदेश की पहली किसान का खिताब अपने नाम कर लिया है।

इस फ्लावर की इस्तेमाल करने की अवधि अन्य फूलों से ज्यादा है। इसलिए यह सजावट करने वाले लोगों की पहली पसंद हैं। बता दें कि डायन्थस फूलों की



खेती यूरोप, उत्तर अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, कोलंबिया, केन्या, टर्की, मोरक्को, नीदरलैंड, इसराइल, पोलैंड, स्पेन और भारत जैसे देशों में होती है। हिमाचल के झंडूता से संबंध रखने वाली मीना ने डायनथस फ्लावर के 10,000 प्लांट राइज न साइन कंपनी से जुलाई महीने में लिए थे और उनकी रोपाई अपने ग्रीन हाउस में की थी। नवंबर माह में पैदावार भी शुरू हो गई है। वह इन फूलों को बेचकर अच्छी कमाई भी कर रही हैं। यह फूल पांच महीनों में तैयार हो जाता है।

यह फ्लावर बेहद खूबसूरत है और इसका प्रयोग शादी विवाह समारोहों इत्यादि भी में सजावट के लिए किया जाता है। मीना चंदेल ने बताया कि इस फ्लावर की डिमांड मार्केट से इतनी आ रही है कि हम इसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

### डाडासीबा कॉलेज में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में गुरुवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया ने खिलाड़ियों को खेलों को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिला कर इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पुरुष वर्ग में बेस्ट एथलीट विशाल शर्मा और महिला वर्ग में पलक कुमारी रहे। वहीं 100 मीटर दौड़ में विशाल शर्मा सचिन सहोत्रा और रेहान क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में प्रथम पलक कुमारी, द्वितीय प्रीति व तृतीया आरती रही। 200 मीटर में पुरुष वर्ग में प्रथम विशाल सचिन और महिला वर्ग में पलक कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया।



# हर दिन नया झूठ बोलते रहना मुख्यमंत्री और कांग्रेस परिवार की असलियत : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संगठन पर्व की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की महायुति को छप्परफाड़ जनादेश मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनीति में एक नया शब्द सामने आया है प्रो-इनकंबेंसी। यह शब्द, जो पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं सुना गया, आज भाजपा की उपलब्धियों को परिभाषित करता है।

गुजरात में तीन दशकों से कमल खिल रहा है। मध्यप्रदेश में दो दशकों से भाजपा का वर्चस्व है और असम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तथा गोवा में पिछले दो कार्यकाल से एनडीए की सरकारें सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। इस बार महाराष्ट्र की जनता ने भी भाजपा पर भरोसा जताते हुए दोबारा कमल खिलाया है। जयराम ठाकुर ने कहा हर दिन नया झूठ बोलते रहना मुख्यमंत्री और कांग्रेस परिवार की सच्चाई बन गई है। आज कांग्रेस का अर्बन नक्सलवाद भारत के सामने चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। इसका रिमोट देश के बाहर है। इससे बचना जरूरी है। कांग्रेस की हकीकत जानना जरूरी है।

हरियाणा से मिले आशीर्वाद पर हमने बात की थी। आज महाराष्ट्र के सभी शहरों ने आज स्पष्ट राय रखी है। शहरी क्षेत्रों के गरीब, मिडिल क्लास ने भाजपा का समर्थन किया है। आधुनिक भारत का संदेश दिया है। हमारे महानगरों ने विकास को चुना है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को चुना है। विकास की बाधाओं को नकार दिया है। आज का शहरी भारत इज ऑफ लिविंग चाहता है, इसके लिए उनका भरोसा भाजपा-एनडीए पर है। आज भाजपा देश के युवाओं को नए-नए सेक्टर में अवसर देने का काम कर रही है। स्टार्टअप के लिए बीजेपी नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है। हमारा मानना है कि भारत के शहर विकास का इंजन हैं। शहर के विकास से गांव को ताकत मिलती है। हमारे शहर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों के लिस्ट में आए हैं। केवल 10 सालों में हमने भारत को 11वीं से दुनिया की सबसे 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बना दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। हम मिलकर आगे बढ़ेंगे। एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। तो हर लक्ष्य पाकर रहेंगे।



## खराबी ईवीएम में नहीं राहुल गांधी में : टंडन

भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने प्रदेश स्तरीय संगठन पर्व बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ईवीएम पर सवाल पर पलटवार किया है। टंडन ने कटाक्ष किया कि खराबी ईवीएम में नहीं, राहुल गांधी में है। कांग्रेस को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम के कारण नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व के खराब प्रबंधन के कारण करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने खड़गे से कहा कि वह ईवीएम को नहीं, बल्कि राहुल को बदलें।



## भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी : बिंदल

**भाजपा** हिमाचल प्रदेश संगठन पर्व की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन होटल ध्रूव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल द्वारा की उनके साथ भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव भारद्वाज, संजीव कटवाल और राजीव सहजल विशेष रूप से उपस्थित रहें। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राषट्रवादी विचारधारा की पार्टी है, भारत माता की जय का उदघोष करने वाली पार्टी, भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट बनाने हेतु लगी हुई है और भाजपा के नेता, विश्व के महान नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश का आहवान किया है कि ''एक रहोगे तो सेफ रहोगे'' अर्थात हम सब लोगों को जातिगत विभाजन से उपर उठ कर सबके विकास के लिए काम करना है। इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी देश को जातियों में बांटकर देश को बर्बाद करना चाहती है।

## राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से की भेंट



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित विभिन्न मामलों पर प्रधानमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की।

## दंगों पर सख्त कानून बनाए सरकार : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि संभल का दंगा, पत्थराव, गोली कांड, आगजनी और लूटमार की गूंज अब लोकसभा में पहुंची है और दो दिन से वहां कोई काम नहीं हुआ।

इस प्रकार के दंगे लूटमार और फिर लाखों करोड़ों रुपए की सम्पत्ति को जलाने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। बहुत लोग



पकड़े गए, मुकदमें चलेंगे और अदालतों में कई वर्षों तक इन मुकदमों की गूंज गूंजती रहेगी। यह सब अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गंभीर समस्याओं के संबंध में नई तकनीक के आधार पर सरकार दंगों को रोकने लिए सख्त कानून बनाना चाहिए।

उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह से विशेष आग्रह किया है कि विज्ञान की नई तकनीक से कहीं भी भीड़ इक्कठी न होनी दी जाए। यदि भीड़ इक्कठी नहीं होगी तो आगजनी तक की सारी कार्यवाही रूक जाएगी।

# न्यूज ब्रीफ

## पेट दर्द उपचार के लिए अस्पताल लाए युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून सोलन में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से सूचना मिली कि एक युवक पृथ्वी कुमार टोपो को उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल लाए हैं जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित किया है। इस सूचना पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम तस्दीक हेतु क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची जहां पर एक युवक आपातकालीन कक्ष में मृत पड़ा था। जांच के दौरान मृतक के साथ आए लोगों के बयान लिखे गए। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक 27 नवंबर को अपने तीन अन्य साथियों के साथ मजदूरी करने के लिएसोलन के कायलर गांव आया था और कायलर पहुंचने के उपरान्त ही मृतक के पेट में काफी ज्यादा दर्द हो गया था जिस पर उसके साथी उसे केमिस्ट की दुकान से दर्द निवारक दवा लाया और उसे दवा खाने को दी जिससे वह ठीक हो गया था। परन्तु शाम के समय मृतक के पेट में काफी ज्यादा दर्द शुरू हो गया जिस पर उसके साथी उसे उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाये जहां पर चिकित्सकों ने उसे चेक करने के उपरान्त मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में करवाया जा रहा है।

## गाड़ी से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** नालागढ़ जल शक्ति विभाग के कार्यालय के सामने खड़ी गाड़ी से दो लाख रुपए चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल भारद्वाज पुत्र प्रवीण कुमार निवासी कश्मीरपुर बरूना नालागढ़ से हुई। जानकारी के अनुसार जसवंत सिंह निवासी बसोवाल ने 18 अक्तूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि गाड़ी जो आईपीएच कार्यालय के सामने खड़ी थी, जिसमें 2 लाख रुपए थे जिसे किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना नालागढ़ के तहत मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## स्टोन क्रशर के मालिक के पार्टनर ने की लाखों की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, अंब।** जिला के अंब उपमंडल के तहत एक स्टोन क्रशर उद्योग के मालिक ने अपने ही पार्टनर के खिलाफ जॉइंट खाते से 1.98 लाख रुपए की हेरा-फेरी करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर बंगाणा पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस ने इस मामले को लेकर कमल शर्मा की शिकायत पर उनके पार्टनर और उनकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कमल शर्मा और उनके एक साथी की स्टोन क्रशर में काफी समय से भागीदारी थी। कमल शर्मा ने आरोप लगाया कि उनके पार्टनरशिप पार्टनर ने बैंक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करते हुए इस उद्योग से संबंधित उनके जॉइंट बैंक अकाउंट को बंद करवा दिया, लेकिन जब उन्होंने इस बैंक खाते की स्टेटमेंट हासिल की तो पता चला कि उनके पार्टनर ने बैंक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करते हुए उनके जॉइंट अकाउंट से बिना उनकी सहमति के अपनी पत्नी के खाते में 1.98 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। कमल शर्मा ने इस मामले को लेकर तुरंत पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने इस घटना पर मामला दर्ज कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि की।

## चिट्टे समेत पंजाब के दो आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10.860 ग्राम चिट्टे समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जसवीर कुमार पुत्र



कृष्ण कुमार और जसवीर सिंह पुत्र जोधा सिंह निवासी नथाना जिला बठिंडा पंजाब से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बद्तदी पुलिस की स्पेशल सेल की टीम को सूचना मिली कि ट्रक चालक नशा तस्करी का काम करता है। टीम ने तुरंत दबिश देकर ट्रक को रोकते हुए तलाशी ली जिसके पास से 10.860 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

# विशेष सत्र बुलाने के लिए सीएम व नेता प्रतिपक्ष से करेंगे अनुरोध : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विदेश लौटने के बाद हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व कोरिया के पहाड़ी क्षेत्रों को जिस तरह से विकसित देखा, उसी तर्ज पर हिमाचल को भी आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से अनुरोध करेंगे कि राज्य के मुद्दों पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र बुलाया जाए। यह सत्र कैमरा प्रोसिडिंग में हो सकता है।

विधानसभा के नियमों में इसका प्रावधान है। यह सत्र विधानसभा के सामान्य सत्रों से अलग होगा। पठानिया ने यह बात गुरुवार को शिमला के विधानसभा परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।



उन्होंने अपने विदेश दौरों के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में ऐसा बहुत कुछ है जिसे विकसित करके राज्य को मुख्यधारा में लाया जा सकता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व कोरिया के पहाड़ी क्षेत्रों को जिस तरह से विकसित देखा है, उसी तर्ज पर हिमाचल को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन इस संबंध में तमाम मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। ऐसे मुद्दों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने का वह सत्तापक्ष व विपक्ष से अनुरोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि कैमरा प्रोसिडिंग के तहत होने वाले विशेष सत्र में सत्तापक्ष व विपक्ष ही सदन में मौजूद होते हैं। अब नेवा एप से जुड़ी हिमाचल विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष ने जानकारी दी कि हिमाचल विधानसभा को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन से जोड़ दिया गया है। इस एप पर देश की विभिन्ना विधानसभाओं व संसद से जुड़ी कार्यवाही से जुड़े दस्तावेज मौजूद रहेंगे। शीतसत्र सत्र की कार्यवाही भी इस पर उपलब्ध करवा दी जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि आज विधानसभा के शीत सत्र की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। यह सत्र 18 से 21 दिसंबर के बीच धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर राज्यपाल की मंजूरी मिल चुकी है। अधिसूचना जारी होने के बाद विधायक विधानसभा सचिवालय को अपने सवाल भेज सकेंगे

## विधानसभा की सालाना कुल 27 बैठकें होंगी

इस कैलेंडर वर्ष में विधानसभा की कुल 27 बैठकें होंगी। 12 बैठकें बजट सत्र में हो चुकी हैं जबकि 11 मानसून सत्र में हुई। अब शीत सत्र में चार बैठकें होंगी। हिमाचल के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को कम जानकारी होने पर पठानिया ने कहा कि जापान व दक्षिण कोरिया में अंग्रेजी बहुत कम बोली जाती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश से जुड़े मामलों को लेकर वहां पर स्थानीय भाषाओं में विषयवस्तु को अनुवादित किया गया व दूतावासों को उपलब्ध करवाया गया। इसमें हिमाचल के बारे में जानकारी दी गई। हिमाचल के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है।

## चरस रखने के आरोपी को 25 दिन का कारावास

**हमीरपुर।** एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने चरस के आरोपी अश्वनी कुमार पुत्र दिला राम सोनी निवासी झरलोग को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाया है। पुलिस ने अश्वनी कुमार से 10 सितंबर 2018 में झरलोग में 12.36 ग्राम चरस बरामद की थी।

उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत भोरंज थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई एलडी उप जिला न्यायवादी राहुल चोपड़ा और एलडी असिस्टेंट लोक न्यायवादी विशाल दीपक ने की। एलडी कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत 25 दिन का कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना की राशि अदा न करने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

## किसान आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी को भी अपनाएं : नेगी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बागवानी, राजस्व और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला के किसानों से आग्रह किया है कि वे पारंपरिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी को भी अपनाएं, जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि होगी। वीरवार सुबह हमीरपुर के निकटवर्ती गांव बकारटी और बरंडा में एचपीशिवा परियोजना के तहत लगाए गए मौसमी के बगीचे के निरीक्षण तथा बकारटी में स्थानीय बागवानों के साथ संवाद के दौरान जगत सिंह नेगी ने यह अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी फल उत्पादन, विशेषकर नींबू प्रजाति के फलों को बढ़ावा देने तथा बागवानों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से प्रदेश सरकार बागवानों के लिए बागीचे तैयार करके उन्हें सौंप रही है।

इन क्षेत्रों के हर किसान-बागवान को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बकारटी और बरंडा के क्लस्टरों में लगाए गए मौसम्बी के बागीचों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि शुरुआती दौर में ही यहां अच्छी पैदावार हुई है।

# हाटी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा हाटी विकास मंच : प्रदीप सिंगटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हाटी समुदाय हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के गिरिपार में निवास करता है, अपने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और अद्वितीय परंपराओं के लिए जाना जाता है। वर्षों से यह समुदाय अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। अपने जनजातीय अधिकार को प्राप्त करने के लिए अभी भी आंदोलनरत हैं। देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले वर्ष 4 अगस्त 2023 को हाटी समुदाय से संबंधित दूसरा अनुसूचित जनजाति विधेयक संसद से पारित करवा कर लाखों हाटी समुदाय के लोगों को जनजाति दर्जा दे दिया था।

इसके बाद 1 जनवरी 2024 को राज्य सरकार ने केंद्रीय कानून को क्रियान्वित कर दिया था, लेकिन कुछ लोगों ने इस विधेयक के खिलाफ हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी और माननीय उच्च न्यायालय ने कानून पर अंतरिम लगाई है। अब इस पर अगली सुनवाई 16 दिसंबर 2024 को होनी है।

हाटी विकास मंच हिमाचल प्रदेश(पंजीकृत) के प्रान्त अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा ने शिमला में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद कहा कि हम लाखों हाटी समुदाय के लोगों के लिए न्यायिक संघर्ष कर रहे है और माननीय उच्च न्यायालय में पार्टी बन कर अपने वरिष्ठ वकीलों के माध्यम हाटी हितों की पैरवी कर रहे है।

उन्होंने कहा कि हाटी विकास मंच ने इससे पूर्व राज्य और केंद्र सरकार की कार्यपालिका और विधायिका से मुद्दे को हल करवाने के लिए संघर्ष किया था। एक दस्तावेज हर संवैधानिक संस्थान से तैयार करवाया था। अब न्यायपालिका में भी हाटी विकास मंच लाखों लोगों को जनजातीय अधिकार दिलवाने के लिए संघर्ष कर रहा है।




## क्षेत्र को एसटी का दर्जा दिलवाने को आवाज बुलंद

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** केंद्रीय हाटी समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई,जिसमे चौपाल,नेरवा और कुपवी के दर्जनों लोगों ने भाग लिया। बैठक में विस्तृत चर्चा कर चौपाल,नेरवा और कुपवी क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलवाने को लेकर रणनीति तैयार के गई। श्याम शर्मा ने कहा कि हमारे क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थियां एवं रीति रिवाज उत्तराखंड के जौनसार बाबर एवं जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र से पूरी तरह मेल खाते है। जौनसार बाबर को पहले से ही जनजातीय क्षेत्र का दर्जा प्राप्त है, जबकि जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र को भी यह दर्जा मिल चुका है। एक समान भौगोलिक परिस्थितियों और रीति रिवाजों के चलते चौपाल,नेरवा और कुपवी को भी यह दर्जा मिलना चाहिए।

**शीतकालीन सत्र** | सत्र से पहले आया शांता कुमार का बयान मचाएगा हलचल, विपक्ष को इस बार विधायक सुधीर का साथ

# केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर मामले पर धर्मशाला में तपेगा सदन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मौका भी होगा और दस्तूर भी, और गंभीर मुद्दा भी होगा। पिछली बार सत्तासीन कांग्रेस के खेमे में रहे विधायक सुधीर शर्मा इस बार विपक्ष में होंगे तो जाहिर है धर्मशाला को भी जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर निर्माण पर सरकार की मंशा जानने का इंतजार रहेगा। उपचुनावों की हॉटसीट धर्मशाला से अन्याय के मुद्दे को दिग्गज तथा वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व सीएम शांता कुमार की टिप्पणी ने हवा दे दी है।

पार्टी लाइन से ऊपर उठकर साफगोई से अपनी बेबाक बात कहने वाले शांता कुमार कई बार सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तारीफ भी कर चुके हैं।

कुल मिलाकर शांता कुमार भी इस प्रकरण पर नजर रखे हुए हैं। उधर सुधीर शर्मा भी इस मुद्दे पर अक्सर प्रदेश सरकार को घेरते नजर आए हैं। ऐसे में केंद्रित विश्विद्यालय के धर्मशाला परिसर के लिए 30 करोड़ न देने का मुद्दा विधानसभा में भी प्रदेश सरकार को घेरने का बड़ा मसौदा बन सकता है। हालांकि पिछले शीतकालीन




फाइल फोटो

विधानसभा सत्र में सदन के बाहर ओर अंदर या तो ये मुद्दा उठा नहीं ओर या फिर गंभीरता से नहीं उठा। स्थानीय विधायक की बात करें तो धर्मशाला के कद्दावर नेता साबित हुए सुधीर शर्मा ने कांग्रेस से भाजपा में एंट्री से भाजपा गदगद है। इसका सबसे बड़ा कारण ये कि सुधीर शर्मा के सामने कोई भी पार्टी मजबूत दावेदारी पेश नहीं कर पाई है। उपचुनाव की हॉटसीट धर्मशाला में उनकी लड़ाई सीधे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मानी गई थी। सुधीर इस दौरान अपने पूरे अभियान में जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए तथा सीएम को घेरने से नहीं चुके। हालांकि सरकार ने भी सुधीर को घेरने के लिए बाकायदा फील्डिंग सजा रखी थी। सुधीर को जहां अपनी कूटनीति पर विश्वास साफ झलका तो वहीं वो राष्ट्रीय भाजपा के साथ भी जुड़ते दिखे।

राजनीतिक चर्चा ये थी कि परिवारवाद के मुद्दे पर हमेशा घिरती आई कांग्रेस में रहने पर धर्मशाला से सुधीर शर्मा की टिकट पक्की रहनी थी। जबकि भाजपा में टिकट को लेकर प्रयोग होना कोई हैरानी नहीं होती।

हालांकि सुधीर शर्मा ने जिस प्रकार से भाजपा में एंट्री कर संगठन के साथ मिलकर काम करने के साथ राष्ट्रीय भाजपा में भी दस्तक दी है उससे हाल फिलहाल सुधीर की धर्मशाला में मजबूती तथा बीजेपी की टॉप लाइन से उनकी नजदीकी के चलते उनकी टिकट भाजपा में भी भविष्य में भी पक्की मानी जा रही है। सीएम सुक्खू उन्हें सरकार गिराने की साजिश का सूत्रधार बताते हुए अक्सर नजर आए।

ऐसे में भाजपा को इस नेता को दरकिनार करना भी आसान नहीं लगता। कुल मिलाकर सुधीर शर्मा के दम पर ही भाजपा यहां गढ़ की राजनीति कर सकती है जबकि सुधीर शर्मा के कांग्रेस में रहते ये भाजपा के लिए टेढ़ी खीर साबित होता। खैर, इस बार के सदन में भाजपा सुधीर के सहारे धर्मशाला के अहम मुद्दे केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर पर क्या कर पाती है, इस पर न सिर्फ कांगड़ा बल्कि पूरे प्रदेश की नजर रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## 18 से 21 दिसंबर तक चलेगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

## विपक्ष का राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने भाजपा पर राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा के मामले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना वजह इस मुद्दे को तूल देकर जनता को गुमराह कर रही है।



राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि भोटा अस्पताल को बंद नहीं होने दिया जाएगा। सरकार इस मामले में सभी संभावनाओं और कानूनी पहलुओं पर विचार-विमर्श कर शीघ्र निर्णय लेगी। अस्पताल को बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार अध्यादेश लाने या कानून में संशोधन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि जमीन हस्तांतरण का यह मामला भाजपा सरकार के समय से लंबित है। उस समय भाजपा ने इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने व्यक्तिगत रुचि लेकर इसे प्राथमिकता में रखा है।

उन्होंने कहा कि यह अस्पताल जिला हमीरपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। प्रदेश सरकार इस संस्थान की अहमियत को समझती है और इसे किसी भी हालत में बंद नहीं होने देगी। राजेश धर्माणी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को राजनीतिक फायदे के लिए इस तरह के संवेदनशील मुद्दों का उपयोग करना बंद करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सार्वजनिक स्थानों और मंदिरों में लगवाए बेंच, पानी की टंकियां भी रखवाईं



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नौरा वार्ड नंबर 28 की जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी 15वें वित्त आयोग 2023-24 के तहत अपने बजट से 18 लाख 72 हजार 144 रुपए अपने वार्ड की विभिन्न पंचायतों में खर्च कर रही हैं। नौरा वार्ड में कुल 17 पंचायतों में 91 वार्ड आते हैं, जिसके तहत संतोष कुमारी ने ग्राम पंचायत ककड़ें से सामान बांटने का अभियान शुरू किया। उन्होंने ककड़ें पंचायत के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों तथा मंदिरों में वरिष्ठ नागरिकों के बैठने तथा आराम करने के लिए बेंच लगवाए और पीने के पानी के लिए प्लास्टिक की टंकियां भी रखवाईं। इस दौरान संतोष ने कहा कि वह अपने बजट से स्वच्छता के तहत लगभग 1500 डस्टबिन भी वितरित करेंगी। इसके तहत प्रत्येक परिवार को एक डस्टबिन बांटा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि गांववासियों को समय समय पर सरकार द्वारा दी जा रही स्कीमों का भी लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर पंचायत के उप प्रधान विजय शर्मा, वार्ड सदस्य मदन लाल, हंस राज, अनु राणा, रंजू कुमारी, ममता देवी, प्रवीण कटोच सहित इलाके के ग्रामीण मौजूद रहे।

### कृषि उपनिदेशक डॉ. कुलदीप धीमान से की भेंट



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राज्य स्तरीय कृषि प्रसार अधिकारी संघ ने मनु नाग की अध्यक्षता में कृषि उपनिदेशक जिला कांगड़ा डॉ. कुलदीप धीमान से शिष्टाचार भेंट की। संघ ने डॉ. कुलदीप धीमान को जिला कांगड़ा का कृषि उपनिदेशक बनने पर उन्हें बधाई दी और उनका स्वागत किया। संघ ने बताया कि कृषि प्रसार अधिकारी किसानों से सीधे जुड़े हैं और सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाते हैं और उनके विजन में जिले को कृषि के नए आयामों पर पहुंचने का हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संघ के पदाधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सुरेशा व डॉ. त्रिप्ता मौजूद रहे।

### थुरल की छात्राएं करेंगी हिमाचल का प्रतिनिधित्व



**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल की चार छात्राएं अर्चना, कंगना, यशवी और आशु मध्यप्रदेश के मंडसोर में 9 से 13 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय अंडर-14 हॉकी प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने इस उपलब्धि के लिए चारों छात्राओं सहित उनके परिजनों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दीं व कहा कि यह विद्यालय व समस्त इलाके के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत व स्कूल की शारीरिक शिक्षिका शगुन डोगरा को दिया। शगुन डोगरा स्वयं हॉकी की राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जो आलमपुर के एक छोटे से गांव डोगरवां की स्थाई निवासी हैं। शगुन डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चारों छात्राए राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर (छात्र) में 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेंगी। इस मौके पर स्कूल के प्राध्यापक लेख राज, प्रवीण कुमार, राजीव चौधरी, वरुण शर्मा, मनोज कुमार मेहरा, अनिल कुमार जमाल, सीमा समकरिया, तमन्ना राणा व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# एनजीटी और उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना करें सभी विभाग : एडीसी

## नदी-नालों में प्रदूषण, अवैध डंपिंग और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सभी विभाग नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में वीरवार को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के तहत कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने यह बात कही। बैठक में जिला में एनजीटी के तहत गठित कमेटियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि एनजीटी के नियमों को लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्यों के प्रति जिम्मेदार रहें तथा इसकी अनुपालना के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्यों का निर्वहन करें।



राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के तहत कार्यों की समीक्षा करते एडीसी विनय कुमार।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण में स्वच्छता बनाए रखने के दृष्टिगत नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट तथा कंस्ट्रक्शन वेस्ट आदि के प्रबंधन के लिए जो नियम बनाए गए है, उनका सफल तरीके से क्रियान्वयन विभाग सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जिला के नदी-नालों में प्रदूषण, अवैध डंपिंग और अवैध खनन को रोकने के लिए आवश्यक कदमों को उठाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होंने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरे का सही निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है, इस दिशा में भी विभागों को कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ वरूण गुप्ता ने बैठक का संचालन किया तथा विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा पेश किया।

### बैठक में इन बिंदुओं पर की गई चर्चा

**बैठक** में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तहत जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं, जिला में बायो मेडिकल वेस्ट की मात्रा व उनका प्रबंधन, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा जिला में चल रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, निर्माणाधीन प्लांटों की प्रगति आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। विनय कुमार ने कहा कि जिला पर्यावरण योजना में सभी विभाग सामाजिक सहभागिता भी सुनिश्चित करें। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### दवाइयों के सैंपल बार-बार फेल होना चिंतनीय : मनजीत

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** केंद्रीय औषधि मानक संगठन और राज्य दवा नियामकों की जांच में



हिमाचल के 33 दवा उद्योगों में निर्मित 37 तरह की दवाइयों, इंजेक्शन व आई ड्रॉप्स के क्वालिटी टेस्ट में फेल हो जान बहुत चिंता का विषय है। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि मानव रक्षक दवाइयों के सैंपल बार-बार फेल होना यह दर्शाता है कि दवा निर्माता उद्योगों में दवा माफिया सक्रिय है तथा सरकार के नियंत्रण में नहीं है। हिमाचल प्रदेश का दवाइयों के निर्माण में देश और दुनिया में नाम है। प्रदेश में बनी दवाइयां न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी निर्यात की जाती हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार से अपील है कि इस सुनियोजित तरीके से मानवता के खिलाफ किए जाने वाले अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### कैंपस इंटरव्यू में 37 कैंडिडेट्स का चयन

**नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह सरोत्री में श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरौड़ी, राजस्थान द्वारा आयोजित कैंपस इंटरव्यू में 55 कैंडिडेट्स ने भाग लिया। इसमें 37 कैंडिडेट चयनित हुए। प्रधानाचार्य वंदना कुमारी और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।

### फतेहपुर में हरे पेड़ों के कटान पर रोक

**फतेहपुर।** वन मंडल फतेहपुर में हरे पेड़ों के कटान पर विभाग ने पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। डिप्टी रेंजर ब्रहम सिंह ने बताया क्षेत्र में अवैध तरीके से हो रहे हरे पेड़ों के कटान की कई शिकायतें मिलने के बाद वन मंडल अधिकारी नूरपुर के निर्देशों पर हरे पेड़ों के कटान पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया गया है। किसान सिर्फ बांस,सफेदा व पापुलर के पेड़ ही कटवा सकते हैं।

## डीएवी कांगड़ा, सोलन और खड्ड कॉलेज की टीमें सेमीफाइनल में



**शुभम शर्मा, देहरा**

राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में चल रहे अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन भी खेल का रोमांच जारी रहा। तीसरे दिन पहला मुकाबला संजौली कॉलेज व ऊना कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें ऊना कॉलेज की टीम 4-0 से विजयी रही। वहीं, जीसी खड्डु व वीजीसी मंडी के बीच हुए मुकाबले में जीसी खड्डु ने 5-0 से अपना मुकाबला जीता। जीसी चंबा व डीएवी कांगड़ा के बीच में हुए मैच में डीएवी कांगड़ा 2-1 से विजय रही। इस टूर्नामेंट में

**ढलियारा कॉलेज में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन हुए रोचक मुकाबले**

सेमीफाइनल के मुकाबले शुक्रवार को होंगे। जीसी खड्डु, डीएवी कांगड़ा और जीसी सोलन की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। चौथी टीम के लिए मैच जीसी ऊना व जीसी पावंटा साहिब के बीच होना बाकी था। टूर्नामेंट अधिकारी प्रो. सुशील भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार को टूर्नामेंट का समापन होगा। उसी दिन सेमीफाइनल के साथ फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## बीएमओ ने किया सीएचसी बड़ोह के नए निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

### खंड चिकित्सा अधिकारी ने मरीजों को मिल रही सुविधाएं भी जांचीं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा बगवां डॉक्टर रूबी भारद्वाज ने वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ोह का औचक निरीक्षण किया और वहां मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने अस्पताल में तैनात स्टाफ को समय पर ड्यूटी आने जाने सबकी हाजिरी बायोमेट्रिक से सुनिश्चित करने, वर्दी पहनने, परिचय पत्र लगाने, स्वस्थ्य केंद्र में साफ सफाई को सुनिश्चित करने, आपातकालीन सेवाओं को सुचारु बनाने व मरीजों की सुविधाओं हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध दवाइयों को पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने के आदेश दिए, ताकि यहां आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए बन रहे भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग से इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया जाएगा, ताकि लोगों को अति शीघ्र बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चगर क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने वाले इस अस्पताल में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सरकार द्वारा संचालित तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।



बीएमओ डॉ. रूबी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ोह का औचक निरीक्षण करती हुई।




## मिला लें ये हरे पत्ते, नेचुरली काले हो जाएंगे सफेद बाल

# बालों को जड़ से काला बना देगा सरसों का तेल



आजकल लोगों के बाल कम उम्र में ही सफेद होने लगे हैं। ऐसे में बालों को नेचुरली काला बनाने के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कोई हेयर कलर करता है तो कोई मेहंदी लगाकर बालों को रंगता है। मार्केट में ऐसे कई प्रोडक्ट आपको मिल जाएंगे जो बालों को काला बनाते हैं लेकिन ये कोई नेचुरल और हमेशा के लिए उपाय नहीं है। बल्कि इन चीजों में पाया जाने वाला केमिकल बालों को और ज्यादा सफेद बना देता है। इससे बेहतर है कि आप बालों को काला बनाने के लिए सरसों के तेल इस्तेमाल करें। इस तेल में कुछ पत्ते मिलाकर बालों पर लगाने से बाल जड़ से काले होने लगते हैं। अगर आप भी बालों के समय से पहले सफेद होने से परेशान हैं, तो एक बार इस तेल को जरूर ट्राई करें।

### सरसों के तेल में मिलाएं करी पत्ता

सरसों का तेल बालों को नेचुरली काला बनाने में मदद करता है। सरसों का तेल बालों की जड़ों को पोषण देता है और बालों को मजबूत और चमकदार बनाता है। सरसों के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स और कई विटामिन पाए जाते हैं जो बालों के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। वहीं करी पत्ता बालों को नेचुरली काला बनाने में मदद करता है। करी पत्ता बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है। करी पत्ता में बीटा-कैरोटीन और प्रोटीन पाया जाता है जिससे बालों की लंबाई बढ़ती है और रंग काला होता है।

### ऐसे बनाएं तेल



इस तेल को तैयार करने के लिए आप 1 कप सरसों का तेल लें। इसे किसी पैन में डालकर गर्म करें। जब तेल हल्का गर्म हो जाए तो इसमें 15-20 ताजा करी पत्ता डाल दें। इस तेल को एकदम धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि करी पत्ता का रंग काला नहीं हो जाता। अब तेल को ठंडा कर लें और छानकर किसी साफ बोतल में भर लें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इस तेल को बालों की जड़ों पर अच्छी तरह से लगाएं। बालों की हल्के हाथ से मालिश करें। इसके बाद तेल को करीब 1-2 घंटे तक बालों पर लगा रहने दें। किसी माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। आपको हफ्ते में 2-3 बार इसी तरह तेल का इस्तेमाल करना है।

## सर्दियों में रोज चेहरे पर लगाएं कोकोनट ऑयल

## दाग-धब्बे होंगे दूर चमक उठेगी त्वचा आएगा निखार



*सर्दियों में रूखी सीखू त्वचा अपनी चमक खो बैठती है। चेहरे का ग्लो कम होने लगता है। इसके कुछ बड़े कारण हैं जिसमें सबसे बड़ी वजह है ड्राईनेस। ठंड में कम पानी पीने के कारण त्वचा की नमी गायब होने लगती है। इसके अलावा गर्म पानी का इस्तेमाल करने से भी स्किन की ऊपरी परत सूखकर बेजान हो जाती है। नहाने के बाद कितनी भी क्रीम और लोशन लगा लीजिए, 1-2 घंटे में सब सूख जाता है। बेहतर नतीजे के लिए आप स्किन पर वर्जिन कोकोनट ऑयल जो कोल्ड प्रेस से निकाला जाता है त्वचा पर लगाएं। शुद्ध नारियल का तेल चेहरे पर नमी और ग्लो लेकर आएगा।*

### चेहरे पर नारियल का तेल लगाने के फायदे

चेहरे पर नारियल तेल का इस्तेमाल मेकअप हटाने के लिए भी किया जा सकता है। शुद्ध नारियल का तेल लगाने से चेहरे पर चमक आती है। इससे दाग-धब्बे दूर होते हैं। नारियल का तेल लगाने से त्वचा एकमद मुलायम और चमकदार बनती है। रोजाना नारियल का तेल लगाने से झुर्रियां भी खत्म होने लगती है। नारियल का तेल लगाने से पिंपल की समस्या को भी दूर किया जा सकता है।



### त्वचा के दाग-धब्बे दूर करता है नारियल तेल

**नारियल** का तेल लगाने से चेहरे की लालिमा यानि रेडनेस को कम किया जा सकता है। इससे स्किन की टोन एक समान होती है। नारियल का तेल त्वचा में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाता है, जिससे एजिंग की समस्या दूर रहती है। जिन लोगों की स्किन पर रैशेज हो रखे हों वो भी नारियल का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल का तेल लगाने से किसी भी तरह की एलर्जी को दूर किया जा सकता है।

*(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)*

# रोज सुबह 1 आंवला चेहरे पर लाएगा निखार बालों में चमक

**आपके बालों और त्वचा से जुड़ी समस्याओं का एक ही हल है और वो है आंवला, जिसे रोज सुबह खाने से ही आप अपने चेहरे के निखार को कई गुना बढ़ा सकते हैं और बालों को लंबा-घना के साथ खूबसूरत भी बना सकते हैं। आज हम आपको इस लेख में रोज सुबह आंवला खाने के 5 ऐसे दमदार फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानने के बाद आप आंवला अपनी डाइट में शामिल करने से रोक नहीं पाएंगे। त्वचा के साथ-साथ जब आपके बाल भी खूबसूरत होने लगें तो फिर भला कोई आंवला कैसे न खाए!**



### आंवला विटामिन सी से भरपूर

कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिन्हें समय रहते अपनी डाइट में शामिल कर लेना चाहिए। जैसे कि आंवला जो विटामिन सी से भरपूर होता है और हमारी त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ नेचुरल निखार देने का भी काम करता है। अगर आप रोज सुबह एक आंवला खाते हैं तो ये पाचन तंत्र को बेहतर कर त्वचा को निखारने के लिए फायदेमंद होता है।

### कोलेजन को करेगा बूस्ट

कोलेजन हमारी त्वचा के स्ट्रक्चर को बनाए रखने और नए स्किन सेल्स को बनाने में मदद करता है। क्योंकि आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो कोलेजन को बनाने का काम करता है जो हमारी त्वचा की इलास्टिसिटी को बनाए रखने के लिए फायदेमंद होता है। साथ ही अगर आपके चेहरे पर फाइन लाइंस हैं तो ये उन्हें भी कम करने में मदद करता है।

### रोकता है हेयर फॉल

**आंवला विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, टैनिन, कैल्शियम और एंटी-बैक्टीरियल से प्रचुर मात्रा में भरा होता है, जिसमें से टैनिन और कैल्शियम बालों को मजबूती देने और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करता है। साथ ही बाकी पोषक हमारे बालों की चमक को बरकरार रखने, उन्हें झड़ने से रोकने, बालों के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें सफेद होने से रोकने से भी रोकते हैं।**

### स्कैल्प के लिए फायदेमंद

**बालों** की अच्छी हेल्थ के लिए स्कैल्प की देखभाल करना सबसे ज्यादा जरूरी है। इसलिए रोज सुबह एक आंवला खाने से स्कैल्प पर होने वाली खुजली से राहत मिलेगी, हेयर फोलिकल साफ होंगे और स्वस्थ रहेंगे। साथ ही अगर आपको डैंड्रफ के कारण हेयर फॉल की समस्या है तो रोज एक आंवला खाना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### बाल और त्वचा दोनों को रखता है जवां

बात चाहे बालों की हो या फिर त्वचा की, दोनों के लिए ही आंवला बहुत फायदेमंद है। चेहरे पर जमे पुराने दाग-धब्बे हो या फिर बालों की रुकी हुई ग्रोथ, रोज सुबह एक आंवला खाने से आपको बेहतरीन रिजल्ट देखने को मिलेगा। एक ओर जहां आंवला चेहरे पर आती फाइन लाइंस को कम करने और झुर्रियों को ठीक करने का काम करता है। वहीं ये बालों की खूबसूरती को भी कम नहीं होने देता है। रोज एक आंवला खाने से आपको बाल चमकदार और मजबूत नजर आते हैं।



*(ये लेख आपकी जानकारी के लिए है। साथ ही याद रखें कि हर किसी की स्किन अलग-अलग होती है, इसलिए किसी भी तरह के नुस्खे को अपनाने से पहले पैच टेस्ट करना बिल्कुल न भूलें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है या आपको किसी भी तरह की एलर्जी है, तो सबसे पहले स्किन स्पेशलिस्ट से बात करें। उनके कहे अनुसार ही स्किन पर कुछ इस्तेमाल करें।)*

## न्यूज ब्रीफ

### नारा लेखन स्पर्धा में दिव्या ज्योति अव्वल



**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में वीरवार को रोड सेफ्टी क्लब व प्रहरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. सरजनी नेगी, प्रो. पूनम शर्मा और मुकेश चंद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराना और नशा निवारण संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में दिव्या ज्योति, सायना कुमारी, आंचल जग्गी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कशिश, अर्पित शर्मा और सोनिया ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत कर उन्हें व रोड सेफ्टी क्लब व प्रहरी क्लब के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### टांडा अस्पताल में मॉकड्रिल का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज ने वीरवार को फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। टांडा अस्पताल की सिक्योरिटी विभाग ने एसएसबी सुपरस्पेशलिटी परिसर में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। इस फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल के माध्यम से अचानक अस्पताल में आग लगने पर नियंत्रण कैसे किया जाए इस पर अभ्यास किया गया तथा गैस सिलेंडरों की एक्सपायरी की चेकिंग भी की गई। इस फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल में टांडा अस्पताल के सिक्योरिटी विभाग ने अभ्यास किया। इस फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल में टांडा मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल के सभी सिक्योरिटी गार्ड जवानों ने मिलकर फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल में भाग लिया। यह मॉक ड्रिल अभ्यास टांडा अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ मिलाप शर्मा, एडिशनल डायरेक्टर मेजर अवनिंदर कुमार, मेडीकल सुपरिडेंट डॉ. अशोक वर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर जीवन कुमार, सुपरवाइजर हंसराज की अगुवाई व देखरेख में किया गया।

### जवान की विधवा को दिया 55 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, गगल।** भारतीय सेना 100 मीडियम रेजीमेंट के जवान धनश्री यादव, जिनकी 7 जून, 2024 को एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, की विधवा किरण देवी को एचडीएफसी बैंक के कर्मियों ने धर्मशाला कैंट में रक्षा वेतन पैकेज के तहत 55 लाख का चेक भेंट किया। इस अवसर पर सेना के कमांडिंग ऑफिसर अविनाश बाला साहेब मोगली, मेजर लकी शर्मा तथा बैंक के कलेक्टर हेड सुमित आनंद शाखा प्रबंधक प्रदीप शर्मा व प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित थे।

### अवैरी में चाय की दुकान में पकड़ी शराब

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत अवेरी में अरुण कुमार निवासी अवैरी तहसील बैजनाथ की चिकन, चाय, अंडा की दुकान से 9 बोतल देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में दर्ज किया गया है।

### गाड़ी से शराब की 156 बोतलें की बरामद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत भारथा में चेकिंग के दौरान एक गाड़ी के चालक रजत कुमार से 156 बोतलें देसी शराब की बरामद की गई हैं। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है।

# आलमपुर के जांगल में जल्द बनेगा आयुर्वेद अस्पताल : यादविंद्र गोमा

## 44 लाख से निर्मित निरीक्षण कुटीर और प्रवेशद्वार लोगों को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, आलमपुर**

आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के जांगल में 44 लाख से निर्मित प्रवेशद्वार और वन निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण किया। मंत्री ने 6 लाख से जांगल बालकरूपी सड़क मार्ग पर बने प्रवेशद्वार और 38 लाख से बने वन विभाग के निरीक्षण कुटीर लोगों को समर्पित किया। जांगल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आलमपुर के जांगल क्षेत्र में आयुर्वेद का 10 बिस्तरों का अस्पताल आरंभ किया जाएगा और इसकी अधिसूचना 31 मार्च, 2025 से पहले जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आलमपुर की अस्थायी पुलिस चौकी को वर्तमान सरकार



ने स्थाई पुलिस चौकी का दर्जा दिया और 31 मार्च के पश्चात इसके भवन का निर्माण कार्य भी आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पपरोला गांव को आलमपुर से जोड़ने के लिए न्यूगल नदी पर साढ़े आठ करोड रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है।

गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनहित, लोकहित और सामाजिक सभी कार्यों को पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार, सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं और मांगों का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो आशीर्वाद और विश्वास उन पर जताया है वे अपने सामर्थ्य और क्षमता के अनुरूप कार्य कर रहे हैं।

### जयसिंहपुर में बनेगा इंडोर स्टेडियम

**मंत्री** ने कहा कि जांगल चौक जयसिंहपुर क्षेत्र का प्रमुख स्थानों में है और इसका सौंदर्यीकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जांगल चौक पर सोलर हाई मास्ट लाइट, प्रवेशद्वार का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर में 20 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय में गेट और चारदीवारी के लिए 3 लाख और बास्केटबॉल सिंथेटिक ग्राउंड के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।

# युवाओं को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता : कमलेश ठाकुर



**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा में आयोजित रोजगार मेले में 60 का हुआ चयन**

प्रदेश के युवाओं को सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। देहरा के शहीद भुवनेश डोगरा स्टेडियम में आज वीरवार को आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचीं क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने यह उद्गार प्रकट किए।

विधायक के प्रयासों से लेबरनेट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में नालागढ़ की दो निजी कंपनी मेसर्स बेक्टर क्रिमिका और संधार टेक्नोलॉजिक यूनिट ने भाग लिया। देहरा में आयोजित इस रोजगार मेले में क्षेत्र के 80 युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया, जिनमें से 60 अभ्यर्थियों का चयन कर उक्त कंपनियों द्वारा किया गया। रोजगार मेले में आठवीं, दसवीं तथा बारहवीं पास युवाओं के साथ आईटीआई प्रशिक्षितों ने भाग लिया। चयनित युवाओं को कंपनी द्वारा प्रतिमाह 13 से 15 हजार वेतन दिया जाएगा। विधायक कमलेश ठाकुर ने रोजगार मेले में नौकरी पाने वाले युवाओं को उनके चयन पर बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चरस तस्करी की कड़ियां सुलझाने को दबिश देने में जुटीं पुलिस टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एएसपी बोले, इस मुहिम में जनसहयोग अपेक्षित**

धर्मशाला पुलिस थाना की योल चौकी के तहत गत रविवार को 1.084 किलोग्राम चरस के साथ चंबा के 2 युवक गिरफ्तार करने के बाद इस गैंग के सरगना माने जा रहे युवक की गिरफ्तारी के बाद तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। इसको लेकर पुलिस टीमें जहां गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही हैं, तो वहीं तीन युवकों की गिरफ्तारी के बाद इनसे जुड़े लोग भी भागमभाग में हैं।

कांगड़ा पुलिस इस मामले में पूछताछ के बाद इस गिरोह से जुड़े लोगों पर शिकंजा कस रही है। ऐसे में अब पुलिस ने संदिग्धों पर भी नजर गढ़ाई हुई है जबकि पूछताछ के बाद होने वाले खुलासों के साथ तस्करी से जुड़े और कई लोग पुलिस के हत्थे चढ़ सकते हैं। बताते चलें कि रविवार को आई टेन कार में तपोवन से योल चौकी प्रभारी यादेश ठाकुर ने चंबा जिला के दो युवकों को एक किलो से ज्यादा चरस की खेप के साथ पकड़ा था जबकि मंगलवार देर रात नौरबलिंगा क्षेत्र से रक्कड़ निवासी सरगना को पकड़ा गया। इसके बाद पूछताछ के बाद हुए खुलासों के बाद पुलिस कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दे रही है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस पूछताछ कर रही है तथा गिरोह से जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के जहर से बचाने की इस मुहिम में जनता का सहयोग हमेशा आपेक्षित रहेगा।

# एसडीएम ने नवाजे सेंट जेम्स स्कूल के मेधावी

## स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**आशीष, दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा स्थित सेंट जेम्स स्कूल ने अपना वार्षिक समारोह मनाया। स्कूल के इस वार्षिक समारोह के शुभ अवसर पर एसडीएम कांगड़ा आईएएस अधिकारी इशांत जसवाल मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे। स्कूल प्रांगण पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्कूल की प्रधानाचार्य इंदू सिंह, अध्यापकों और बच्चों ने पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इशांत जसवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। स्कूल के छात्रों द्वारा अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, नाटक, ड्रामा और गायन प्रस्तुतियों से लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य इंदू सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने



स्कूल में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे कार्यों का वर्णन किया।

वहीं, मुख्यातिथि जसवाल ने अपने संबोधन के दौरान स्कूल प्रशासन और बच्चों को इस बेहतरीन वार्षिक समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बच्चों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा बच्चों का भविष्य उज्जवल बने इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी माता-पिता और शिक्षकों की होती है सभी परिजनों को यह सुनिश्चित करना चाहिए की बच्चों में नैतिक गुण उनके अंदर घर से ही मिलना शुरू हो जाएं। स्कूल में नैतिकता के साथ-साथ शिक्षकों द्वारा उनका भविष्य संभारने के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली शिक्षा उन्हें प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा बच्चों का यह सर्वप्रथम कर्तव्य बनता है कि वह अपने माता-पिता और शिक्षकों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने परीक्षाओं और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। (अनंत ज्ञान)

### जयसिंहपुर में 10 दिसंबर को लगेगा मेडिकल शिविर

**जयसिंहपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी, धर्मशाला द्वारा कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से जयसिंहपुर में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया जाएगा। दिव्यागजनों को सहायता उपकरण प्रदान करने के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। इस शिविर की अधिक जानकारी के लिए सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा के 01892- 224888, 94188-32244 पर संपर्क कर सकते हैं।

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर में चल रहे तीन दिवसीय महिला आत्मरक्षा शिविर के दौरान प्रतिभागी छात्राओं ने आत्मरक्षा के दांवपेच सीखे। शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कई प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम की शुरुआत समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम की ओर से उद्घाटन से की गई। देहरा स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत रेड रिबन क्लब और देहरा पुलिस विभाग के सहयोग से इस तीन दिवसीय महिला आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दृश्य कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. निरुपमा सिंह और समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. संजीत सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

## कौना स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाएं अभिभावक : संजय चौहान

**राकेश डोगरा, डरोह**

प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है, ताकि प्रदेश के सभी बच्चों का बेहतर शिक्षा मिल सके। उक्त शब्द हिमाचल प्रदेश राज्य सहकार कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर उठाने के लिए सुक्खू सरकार अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विदेश में भेज रही है और शिक्षकों को तकनीकी दृष्टि से सुदृढ़ करने के लिए टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि



वे सरकार विद्यालयों में अपने बच्चों को दाखिल करवाएं, क्योंकि सरकार विद्यालयों में सुयोग्य शिक्षक पढ़ा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर के उपस्थित जनसमूह को मनोरंजन किया। इस अवसर पर निहा कुमारी, यामिनी चनोरिया, रुचि, गुंजन, इशिता, स्नेहा,सेजल, शिवानी, यामिनी, स्नेहा, रिद्धिमा, शुभम जम्वाल,साक्षी, कार्तिक, चेतना, आकाशी, अंशु राणा, इत्यादि विद्यार्थियों को अकादमिक पुरस्कारों से नवाजा गया। खेल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सदन यमुना सदन को मुख्यातिथि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### बिजली उपभोक्ता 29 व 30 नवंबर को करवाएं ई-केवाईसी

**डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इं. मंयक शर्मा और विद्युत अनुभाग धीरा अधीनस्थ उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इं. सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी बयान में विद्युत उपमंडल भवारना और डरोह के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार नंबर से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। विद्युत कर्मचारियों द्वारा 29 नवंबर को भवारना पंचायत घर व पुन्नर विद्युत दफ्तर में तथा 30 नवंबर को वडघवार पंचायत घर, लाहट पंचायत घर व जालग पंचायत घर में काउंटर खुले रहेंगे। वहीं, 29 नवंबर को कर्मचारी ग्राम पंचायत भदरोल के गांव पनयाली व पंचायत काहनफट तथा 30 नवंबर को गांव गईं और गांव गगलखोली के अधीनस्थ सरकारी विद्यालय के समीप उपस्थित रहेंगे।

# नहर में गिरी एएसआई की कार, बेटी की मौत

## पठानकोट के जसवाली के पास हुआ हादसा, लोगों ने व्यक्ति को बचाया

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट के जसवाली गांव के पास वीरवार को यूवीडीसी नहर में एक कार जा गिरी। कार में बाप-बेटी सवार थे। इस हादसे में बेटी की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर है। स्थानीय लोगों की मदद से कार से दोनों लोगों को बाहर निकाला गया।

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने नहर का पानी बंद कर कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। दोनों लोग गुरुद्वारा श्री बारठ साहिब में माथा टेक कर अपने घर को वापस जा रहे थ, तो जसवाली गांव के पास नहर में उनकी सफेद रंग की कार जा गिरी। ये लोग बटाले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और कार में से निकाला गया शख्स पुलिस में बतौर एएसआई तैनात हैं। जैसे ही स्थानीय लोगों को पता चला तो तुरंत लोग बचाने के लिए नहर के किनारे



पहुंचे। जहां से उन्होंने बाप को तो जिंदा निकाल लिया। लेकिन बेटी जिसकी उम्र करीब 18 साल बताई जा रही है, उसकी डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस और जिला प्रशासन की मदद से नहर का पानी बंद करवाकर मृतक लड़की को बाहर निकाल लिया गया। क्रेन की मदद से कार को भी बाहर निकाला गया। एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि उन्हें एक सूचना मिली थी कि एक कार गांव जसवाली के पास यूवीडीसी नहर में गिर गई है। इसमें दो लोग सवार थे जो कि बाप और बेटी बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाप को तो स्थानीय लोगों की ओर से बचा लिया गया है, लेकिन बेटी की मौत हो गई है। जिस शख्स को बचाया गया है वह पुलिस में ही बतौर एएसआई तैनात है, जो कि गुरुद्वारा श्री बारठ साहिब में माथा टेकने आए हुए थे और घर वापस जाते समय यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### रैहन में जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** रेड रिबन कलब राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान रैहन द्वारा एचआईवी/एड्स/ टीबी की रोकथाम के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।



प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार कटवाल ने सत्र की शुरुआत की तथा स्वास्थ्य विभाग से पहुंची डॉ. रिचा शर्मा ने संस्थान की छात्राओं को एचआईवी/एड्स/टीबी के बारे में जागरूक किया तथा वो दिन के बारे में भी बताया, जिसमें संस्थान से 290 छात्राओं ने भाग लिया।

### टांडा रेंज में आज होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान , धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 29 नवंबर प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में स्वयं न जाने तथा मवेशियों को भी न भेजने की अपील की है।

### पठानकोट पुलिस ने बीएसएफ के साथ बॉर्डर एरिया में चलाया सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पुलिस प्रशासन पठानकोट ने बीएसएफ और कमांडों के साथ मिलकर वीरवार को बॉर्डर एरिया के विभिन्न स्थानों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान संवेदनशील जगहों पर गहनता से जांच करते हुए नदी, नालों के आसपास चप्पा-चप्पा खंगाला। वहीं, पुलिस ने



अज्ञात लोगों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी की। दूसरा रावी नदी किनारे एवं जंगलों के आसपास रहने वाले गुर्जर परिवारों के डेरों पर भी तलाशी अभियान चलाया। पुलिस, बीएसएफ व कमांडों ने करीब 3 घंटे तक सर्च किया। हालांकि इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

ग्रामीण डीएसपी सुखविंदर सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिहाजे से बॉर्डर क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

# 'एसपी को बोलो पहल' से अब ऑनलाइन होगी न्याय की बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात करेंगी एसपी शालिनी**

नशा तस्करों तथा अपराधियों पर नुकेल कसने वाली कांगड़ा की पहली महिला एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने अब एक नई पहल शुरू की है। धर्मशाला पुलिस कप्तान की 'एसपी को बोलो पहल' से लोगों को पुलिस थानों में सुनवाई न होने से निजात के साथ समय पर न्याय या न्याय की राह मिल पाएगी।

कांगड़ा पुलिस के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन शुक्रवार और शनिवार निर्धारित किए गए हैं। यह संवाद सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इस निर्धारित समय में कोई भी शिकायतकर्ता, जो अपनी समस्या के समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक से मिलना चाहता है या थाना व चौकी स्तर पर अपनी शिकायत के समाधान से असंतुष्ट है, वह अपने निकटतम थाना या चौकी में जाकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से सीधे रू-ब-रू हो सकता है। यह पहल नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र व पारदर्शी प्रक्रिया उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**हेल्थ**

## जिले के 6 आयुष अस्पतालों तथा वेलनेस केंद्रों में 4 दिन में 400 ने करवाई फ्री जांच

# एक माह तक लोगों की नब्ज जांचेगा आयुष विभाग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

एक नई पहल के रूप में आयुष मंत्रालय का अभियान प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा समेत प्रदेश तथा देश में शुरू हो चुका है। कांगड़ा जिला के 6 आयुष अस्पतालों तथा वेलनेस केंद्रों में अब तक 400 से ज्यादा लोग अपना फ्री चेकअप करवा चुके हैं।

शरीर के तीन दोषों वात, पित्त तथा कफ का पता लगाने के लिए अब आपके घर वालंटियर (आयुर्वेद विशेषज्ञ) आएंगे। आयुष विभाग के ये वालंटियर नागरिकों के शरीर की प्रकृति का परीक्षण कर समस्या का समाधान भी बताएंगे। आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक उपचार को लेकर प्रयास करने में जुटा हुआ है। इस दौरान सेहत



से जुड़ी ये सभी जानकारियां मोबाइल ऐप पर प्राप्त होंगी। इसके लिए 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' का पहला चरण 26 नवंबर से शुरू हुआ है, जो 25 दिसंबर तक चलेगा। इसमें 18 साल और इससे ऊपर के नागरिकों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को उनकी प्रकृति के आधार पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना है। इससे बीमारियों की रोकथाम हो सकेगी। संविधान दिवस पर मंगलवार को अभियान की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रकृति परीक्षण के साथ की गई। आयुष मंत्रालय के नेतृत्व और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) द्वारा प्रबंधित 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति की अनूठी मन-शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है।

आयुष मंत्रालय ने 'प्रकृति परीक्षण' ऐप तैयार किया है। एंड्रॉयड फोन में ऐप के जरिये लोगों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी 12 प्रश्नावली में मांगी जाएगी। अंत में लाइव वीडियो के जरिये एक वाक्य भी बोलना है। सभी जानकारियां समिट करने के बाद एक क्यू आर कोड जेनरेट होगा। क्यूआर कोड को विशेषज्ञ वॉलेंटियर (आयुर्वेद ग्रेजेएट और पोस्ट ग्रेजुएट) स्कैन कर लोगों को उनकी सेहत की प्रकृति बताएंगे। समय-समय पर उपयोगी टिप्स के मैसेज भी भेजे जाएंगे।

उधर, इसकी पुष्टि करते हुए आयुष विभाग की धर्मशाला स्थित उपनिदेशक रश्मि अग्निहोत्री ने बताया कि शुरुआती दिनों में करीब 400 लोग चेकअप के लिए जिला भर में पहुंचे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आयुष विभाग की इस पहल का लाभ उठाने के लिए नजदीकी आयुष अस्पताल या वेलनेस केंद्र पर जरूर आएं। (अनंत ज्ञान)

### बरसात में प्रोजेक्ट को हुआ नुकसान अब कंपनी देगी अढ़ाई करोड़ रुपए

**दीपक पुरी, धर्मशाला।** कांगड़ा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट वेंचर के मामले में उपभोक्ता आयोग न्यूनियोरेंस कंपनी को शिकायतकर्ता को करीब अढ़ाई करोड़ रुपए मुआवजे के साथ 10 लाख तथा कोर्ट खर्च के 50000 रुपए देने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने करेरी पंचायत के तहत गज खड्ड पर 5 एमवी का स्मॉल हाइड्रोप्रोजेक्ट साल 2019-20 में लगाया था। इसकी इंश्योरेंस इंडस्ट्रियल आल रिस्क पॉलिसी के तहत करवाई थी। इसका 960166 लाख का प्रीमियम भी दिया गया था। साल 2021 की भारी बरसात में गज खड्ड में बाढ़ के चलते प्रोजेक्ट को भारी नुकसान हुआ तथा विद्युत उत्पादन बंद हो गया। इसके बाद न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर ने सर्वे के बाद 1.23 करोड़ का क्लेम बनाया। वहीं कंपनी ने बाद में काफी विरोध के बावजूद को 51 लाख के करीब क्लेम दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कंपनी से बात भी की लेकिन इंश्योरेंस कंपनी नहीं मानी तथा इसकी शिकायत उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला पहुंची। अधिवक्ता विनय शर्मा ने केस की पैरवी की। आयोग ने कंपनी को शिकायतकर्ता को 6 प्रतिशत ब्याज के साथ 24938472 रुपए मुआवजे के साथ 10 लाख तथा कोर्ट खर्च के 50000 रुपए देने के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चकमोह कॉलेज में रक्त देकर कमाया पुण्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** चकमोह स्थित बाबा बालकनाथ डिग्री कॉलेज में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डिग्री कॉलेज और संस्कृत कॉलेज के कुल मिलाकर 34 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष और बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर इस शिविर का शुभारंभ किया। एनएसएस के सौजन्य से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर एसी टू डीसी अपराजिता चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि को टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उन्होंने स्टूडेंट्स के उत्साहवर्धन के लिए अपने विचार भी साझा किए और कहा कि वह नशे से दूर रहें और मोबाइल का भी उतना ही प्रयोग करें, जितना बेहद जरूरी हो।

### भरनांग में महिलाएं सीखेंगी आधुनिक डेयरी फार्मिंग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के सौजन्य से वीरवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव भरनांग में स्थानीय महिलाओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। इस शिविर में महिलाओं को डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना ने शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए निदेशक ने महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ घर में ही स्वरोजगार के माध्यम से आय के अन्य वैकल्पिक अवसर तलाश सकती हैं। वे बैंकों की ऋण योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की सब्सिडी योजनाओं की मदद से अपना उद्यम भी स्थापित कर सकती हैं। इस दौरान वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, पंचायत प्रधान विमला देवी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लदरौर स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्या रीता कुमारी ने किया। इस शिविर में स्कूल के 52 स्वंयसेवी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के जलपान के लिए अपनी ओर से 11 हजार रुपए भी दिए। इससे पहले, एनएसएस इकाई की महिला प्रभारी ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा स्टाफ के सभी सदस्यों का स्वागत किया। एनएसएस प्रभारी अच्युतम वर्मा ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सामने प्रस्तुत की। इस मौके पर स्कूल एनएसएस अधिकारी लता कुमारी, एसएमसी के अध्यक्ष बाबू खान और सभी शिक्षक भी उपस्थित थे।

### एंजेल स्कूल में भी होगा परख का फाइनल पेपर

**नादौन।** एंजेल पब्लिक स्कूल बेला नादौन स्थित का परख के फाइनल पेपर के लिए चयन हुआ है। एंजेल पब्लिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका बिंदु शर्मा ने बताया कि रिंपी, निशा, बंदना, ज्योति और दिव्या संग बच्चों को फाइनल परीक्षा के लिए जोर-शोर से तैयारी में जुट गए हैं ताकि बच्चे परीक्षा में अपना अच्छा प्रदर्शन करें और स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल शर्मा ने बच्चों को परीक्षा के लिए जोर-शोर से मेहनत करने और सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### कार की टक्कर से 78 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के साथ लगते तरोपका गांव में कार की टक्कर से तरोपका के निवासी राजेंद्र कौशल की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र कौशल घर से दुकान के लिए निकले थे कि कार सवार महिला ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अस्पताल मुद्दे पर घटिया राजनीति कर रही भाजपा : अजय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा के जमीन हस्तांतरण के मामले को लेकर भाजपा के नेता घटिया राजनीति पर उतर आए हैं, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अजय शर्मा ने कहा कि इस मामले के समाधान के लिए प्रदेश सरकार संवेदनशील एवं गंभीर है। प्रदेश सरकार इस मामले में सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस दिशा में त्वरित कदम उठाए हैं। अजय ने कहा कि निर्धारित कानूनी प्रकिया के माध्यम से ही इस मामले का समाधान निकलेगा।

# राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 'परख' के लिए जिले के 107 स्कूल चयनित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**तीसरी कक्षा की परीक्षा के लिए 34, छठी कक्षा की परीक्षा के लिए 33 और नौवीं कक्षा की परीक्षा के लिए 40 स्कूल चयनित**

जिलेभर में शिक्षा की रैंकिंग सुधारने के लिए सभी सरकार व निजी स्कूलों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख के तहत आयोजित की जानी वाली परीक्षा के लिए जिले के 107 सरकारी व निजी स्कूलों की लिस्ट जारी कर दी है। जिले में तीसरी कक्षा की परीक्षा के लिए 34 स्कूल, छठी कक्षा की परीक्षा के 33 स्कूल और नौवीं कक्षा की परीक्षा के लिए 40 स्कूलों का चयन कर लिया गया है।

हालांकि इस परीक्षा के लिए पहले ही तीन मॉक टेस्ट ले लिए हैं लेकिन अब आने वाले दिनों में जिन स्कूलों का चयन किया गया है, उनमें परीक्षा की तैयारी व्यापक स्तर पर करवाई जाएगी। गौर रहे कि यह परीक्षा 4 दिसंबर को करवाई जाएगी, जिसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन स्कूलों का चयन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा रैंडम आधार पर किया गया है और एक स्कूल में अधिकतम 30 बच्चों की ही परीक्षा आयोजित की जाएगी।




इसमें तीसरी और छठी कक्षा के छात्रों से हिंदी, गणित और हमारे चारो तरफ विश्व विषय के प्रश्न पूछे जाएंगे और यह परीक्षा 90 अंकों की होगी। वहीं नौवीं कक्षा के छात्रों से हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे और यह परीक्षा 120 अंकों की होगी। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा के आधार पर ही जिला और राज्य की रैंकिंग तय की जाएगी। हालांकि, उच्च साक्षरता दर के बावजूद वर्ष 2021 में हुए सर्वेक्षण में हमीरपुर जिले का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा था, इसलिए रैंकिंग में सुधार लाने के लिए चयनित स्कूलों के बच्चों से की तैयारियों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख के अंतर्गत स्कूलों में करवाई जा रही तैयारी को जांचने के लिए, उपशिक्षा निदेशक अनिल कौशल, प्रारंभिक उपशिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार, शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन शर्मा और जिला संयोजक परख परमजीत डोगरा के अलावा खंड शिक्षा अधिकारी चार-पांच दिन तक स्कूलों में विजिट करेंगे।

जिला संयोजक परख परमजीत डोगरा ने बताया कि सीबीएसई ने आर्ब्जवर, फील्ड इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर नियुक्त कर दिए हैं, जिन्हें प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम में भाषा का पेपर अंग्रेजी में होगा, जबकि हिंदी माध्यम स्कूलों में हिंदी भाषा का पेपर होगा। शिक्षा निदेशक अमरजीत सिंह से वीरवार को वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे फील्ड में उतरें और संपूर्ण तैयारियों का जायजा लें और बच्चों को परीक्षा में कोई कमी न छोड़ें। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में चयनित स्कूलों में परीक्षा संबंधी तैयारियों का निरीक्षण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सुलगवान में राधा स्वामी अस्पताल की खातिर ग्रामीणों का चक्का जाम

## राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा की भूमि को महाराज जगत सिंह रिलीफ सोसायटी को हस्तांतरित करे सरकार : दिनेश भाटिया

**यशवंत भारद्वाज, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत सुलगवान में राधा स्वामी अस्पताल को लेकर धरना-प्रदर्शन किया व जाहू कलखर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर चक्का जाम किया। प्रदेश भाजपा सचिव, संस्थापक एवं अध्यक्ष भारत मजदूर किसान संगठन के अध्यक्ष, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश भाटिया ने बताया कि सन 1999 से खुला राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा क्षेत्र की करीब 75 पंचायतों की 30 हजार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का कार्य कर रहा है। इससे हजारों लोगों अभी तक स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित हो चुके हैं।

व्यास प्रबंधन लोगों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने के लिए 45 बेड वाले इस अस्पताल को अपग्रेड करने की योजना के तहत जमीन को महाराज जगत सिंह रिलीफ सोसायटी के नाम हस्तांतरित करवाना चाहता है तथा इसकी सरकार से मांग की गई है। इस मांग के बावजूद प्रदेश



जाहू-कलखर मार्ग पर धरना-प्रदर्शनक करते ग्रामीण(

सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू अभी तक उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस बावत जिलाधीश हमीरपुर को भी ज्ञापन देकर अवगत करवाया जा चुका है और अब पंचायतीराज संस्थाओं के साथ स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। डेरा प्रमुख के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले हैं, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया तो तेज धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा। भारत मजदूर किसान संगठन व श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के पदधिकारियों ने राधा स्वामी सत्संग व्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा की भूमि को हस्तांतरण न करने पर प्रदेश सरकार के उदासीन रवैया पर कड़ा रोष जताया है तथा इसके विरोध में जल्द जन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर बाहनवीं के उपप्रधान तेज राज खूब सिंह, राम आसरा, ब्रह्मदास, अजीत कुमार, दीवान चंद, बिधि चंद, मीरा देवी, सरोज देवी, पिंगला देवी, सुषमा देवी, अजुध्या, नीलम, सुमन, सीमा इत्यादि ग्रामीणों ने भाग लिया।

## भोटा अस्पताल नहीं होगा बंद, सुक्खू सरकार हरसंभव प्रयास में लगी : सुभाष ढलवालिया

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर के कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कहा कि राधा स्वामी सत्संग ब्यास भोटा अस्पताल के लिए सरकार का स्टैंड साफ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी इस मामले में साफ किया है कि सरकार अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने के लिए अध्यादेश लाने की जरूरत होगी तो अध्यादेश भी लेकर आएंगे। सरकार इस मामले को लेकर काफी गंभीर है।



इस पूरे प्रकरण में भाजपा राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्पष्ट करे कि जब उनके कार्यकाल में यह मामला उठा था तो इसका पटाक्षेप क्यों नहीं किया गया। जनता को या भी जानने का हक है तथा कांग्रेस पार्टी इसे भी जनता के बीच लेकर जाएगी। भाजपा नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कभी भोटा चैरिटेबल ट्रस्ट के बाहर तो कभी बड़सर में लोगों का धरना-प्रदर्शन करवा रही है जो सरासर गलत है। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल बोल रहे हैं कि धरना- प्रदर्शन जारी रहेगा। विधायक को चाहिए कि बजाए लोगों को गुमराह करने के यथास्थिति के बारे में बताएं।

किसी भी मसले को हल करने में वक्त तो लगता ही है। उन्होंने विधायक को नसीहत देते हुए कहा कि मुद्दों पर राजनीति करें। ढटवालिया ने लोगों से भी अपील की कि आप किसी के झांसे में न आकर गुमराह न हों। सरकार इस पर लोगों के हित को मद्देनजर रखते हुए ही फैसला लेगी। बड़सर के हित में मैं जनता के साथ हूं। बड़सर की जनता के लिए ही लड़ाई लड़ता रहूंगा। (अनंत ज्ञान)

# चैरिटेबल अस्पताल गरीबों के लिए जीवन रेखा, इसे बंद करने का निर्णय अन्याय : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

भोटा में स्थित राधास्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल को बंद करने के निर्णय के विरोध में स्थानीय जनता ने वीरवार को सलौणी में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की।

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने धरने में भाग लेते हुए जनता का समर्थन किया और कहा कि वह इस लड़ाई में पूरी तरह से जनता के साथ हैं। धरने में जनता को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सरकार को चेतावनी दी कि यह अस्पताल गरीबों के लिए जीवनरेखा है। इसे बंद करना अन्याय है और मैं इसे किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दूंगा। यदि सरकार ने दो दिन के भीतर इस अस्पताल को बंद करने के निर्णय को वापस नहीं लिया, तो आम जनता के साथ भूख हड़ताल शुरू करूंगा। उन्होंने कहा



सलौणी में भोटा अस्पताल को बंद करने के खिलाफ धरना-प्रदर्शन में शामिल विधायक।

कि यह आंदोलन गरीबों और जरूरतमंदों के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए है और इसे सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

विधायक ने राज्य सरकार पर गरीब विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमीरपुर के मुख्यमंत्री ने अपने जिले की जनता की परेशानियों की अनदेखी कर दी है। सरकारी अस्पतालों की स्थिति सुधारने के बजाए सरकार उन संस्थानों को बंद करने की कोशिश कर रही है, जो सस्ते और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध करा रहे हैं। यह फैसला जनता के स्वास्थ्य अधिकारों का उल्लंघन है। कांग्रेस नेताओं पर निशाना विधायक लखनपाल ने कांग्रेस नेताओं को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता केवल अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। यह समय बयानबाजी का नहीं, बल्कि जनता के साथ खड़े होने का है।

**धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल :** इस धरने में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शन में बड़सर के उपप्रधान राकेश, कड़साई पंचायत के पूर्व प्रधान रवींद्र कुमार, वर्तमान प्रधान राम रत्न, कुल्हेड़ा के उपप्रधान इंद्रजीत, देवराज, रणवीर, अजय, त्रिशला देवी, महिला मंडल कुल्हेड़ा, कमलदेव, अमर सिंह, और बलवंत राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### और तेज किया जाएगा आंदोलन : लखनपाल

विधायक लखनपाल ने कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी की नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा के लिए है। जब तक यह अस्पताल बच नहीं जाता, मैं और मेरी पूरी टीम जनता के साथ खड़ी रहेगी। राधास्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल को बंद करने के खिलाफ यह आंदोलन अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। जनता और विधायक के संयुक्त प्रयास से सरकार पर दबाव बनाने के लिए यह प्रदर्शन आगे और तेज किया जाएगा।

## बुधवीं चौक पर लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**गलोड़।** राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा को बंद किए जाने के विरोध में तहसील गलोड़ के तहत आने वाले क्षेत्र के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवीं चौक पर एकत्रित होकर लोगों ने सड़क मार्ग के बीच बैठकर चक्का जाम कर दिया। कई घंटों तक सड़क मार्ग पर यातायात बाधित रहा। लोगों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद यातायात को बहाल करवाया गया। लोग सड़क मार्ग से उठने का तैयार नहीं थे। राधास्वामी अस्पताल को बंद किए जाने की बात सुनकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि प्रदेश सरकार ने इस अस्पताल को बंद होने से नहीं रोका तो लोग आंदोलन पर उतर जाएंगे। बताया जाता है कि तहसील गलोड़ के तहत आने वाली लगभग 20 पंचायतों के लोग इलाज के लिए राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा पहुंचते हैं। इस अस्पताल में जहां बेहतर उपचार दिया जाता है तो वहीं यहां की व्यवस्थाएं भी काबिले तारीफ हैं। लोगों की सुविधाओं का पूरा ख्याल अस्पताल में रखा जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस अस्पताल से विभिन्न क्षेत्रों के लगभग चार लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अस्पताल के बंद होने से एक बड़ी आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# नेशनल हाईवे दिनभर जाम, आज होगा बड़ा प्रदर्शन

## जाहू, बड़सर और गलोड़ में भी अस्तपाल बंद न करने को लेकर समर्थकों ने किए प्रदर्शन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के भोटा स्थित राधा स्वामी संस्था के चैरिटेबल अस्पताल का कानूनी दांव पेच में उलझे मामले को लेकर वीरवार को भी नेशनल हाईवे को प्रदर्शनकारियों ने दिनभर जाम किया। इसके अलावा जाहू, बड़सर और गलोड़ में भी अस्पताल को बंद किए जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन हुए, मगर अहम बात यह है कि शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन का आज बड़ा स्वरूप देखने को मिलेगा। इसके लिए इस संस्था के साथ जुड़े हुए लोगों ने सारी तैयारी कर ली है और शुक्रवार को बड़ी तादाद में भोटा में लोगों के जुटने की बात कही जा रही है।

काबिलेगौर यह है कि इस संस्था के मुख्य गेट पर एक ऐसा नोटिस चिपकाए गया है, उसमें कहा गया है कि पहली दिसंबर से यह अस्पताल बंद हो जाएगा। बस, इसी को लेकर इस संस्था के साथ जुड़े हुए इलाके के लोग और यहां इलाज करवाने आने वालों ने अपना गुस्सा उतारना शुरू कर रखा है। वे पिछले कुछ दिनों से भोटा में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रैफिक भी जाम कर रहे हैं। दिन में कई घंटे तक लोगों ने ट्रैफिक जाम रखा और पुलिस का प्रबंध भी यहां



चैरिटेबल अस्पताल बंद करने के खिलाफ महिलाओं के साथ प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनकारी।

पर अच्छा खासा किया गया था, ताकि ट्रैफिक को दूसरे सड़क मार्गों से डाइवर्ट करके स्थिति से निपटा जा सके। जिस बड़े स्तर पर यह अस्पताल इन दोनों सुर्खियां बना हुआ है। उससे मौजूदा सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के लिए भी समस्या खड़ी हो पड़ी है।

हालांकि जिन कानूनी दांव पेंचों की वजह से यह समस्या आई है, उस पर सरकार इसके निवारण का दम पहले ही भर चुकी है। मगर लोग हैं जो मानने को तैयार नहीं है। अब ऐसा भी लग रहा है कि भाजपा ने इस मामले को अच्छा खासा मुद्दा बनाने का भरपूर प्रयास किया है। अंजाम क्या होगा? इसका पता तो बाद में ही चलेगा, लेकिन मुद्दे को भुनाने में भाजपा के नेता खूब मशक्कत कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के विधायक आईडी लखनपाल भी अच्छे खासे सक्रिय हैं, क्योंकि उनके क्षेत्र में ही यह अस्पताल आता है। उन्होंने आज धरना-प्रदर्शन करने वाले लोगों के साथ मिलकर इसकी आवाज को बुलंद करने का बीड़ा उठाया हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### धाराओं के तहत कानूनी प्रक्रिया करनी होगी मकम्मल

असल में महाराज जगजीत सिंह रिलीफ सोसायटी के नाम अब इस अस्पताल को तब्दील किया जाना है, लेकिन इसमें मामला धारा 118 और अदला-बदली के मामले को लेकर राजस्व विभाग के पाली में लंबित है। इससे संबंधित फाइल मंडी स्थित डिविजनल कमिश्नर के पास भी गई थी, लेकिन अब इस सारे मामले को लेकर लॉ डिपार्टमेंट के पास अंतिम जानकारी के लिए इस सारे कैसे की पेंडिंग स्थिति चल रही है। कारण यह है कि इस जमीन को किसी और के नाम ट्रांसफर करने के लिए धारा 118 और राजस्व विभाग की अन्य धाराओं के तहत कानूनी प्रक्रिया मुकम्मल करनी होंगी।

### भाजपा सरकार के समय से है मामला पेंडिंग : धर्माणी

उधर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का कहना है कि यह सारा मामला भाजपा के समय का ही पेंडिंग है और अब जब मौजूदा सरकार के ध्यान में से लाया गया, तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसके निवारण का रास्ता ढूंढने के लिए भरपूर आश्वासन दिया है। इस पर काम भी शुरू हो गया है, लेकिन बीजेपी वाले जिस राजनीति पर उतारू हैं, यह बेहद शर्मनाक स्थिति है।

## प्रेस काउंसिल के नाम से नहीं हो सकता किसी भी संस्था का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया यानी भारतीय प्रेस परिषद के नाम के दुरुपयोग को रोकने और इस प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए सरकार ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि प्रेस काउंसिल यानी भारतीय प्रेस परिषद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना प्रेस परिषद अधिनियम के तहत की गई थी। इसलिए, प्रेस काउंसिल या भारतीय प्रेस परिषद के नाम से किसी भी अन्य संस्था अथवा संगठन का पंजीकरण नहीं किया जा सकता है। उपायुक्त ने जिला के सभी एसडीएम, जिला लोक संपर्क अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला में किसी भी ऐसी संस्था या संगठन को पंजीकृत न करें, जिसका टाइटल 'प्रेस काउंसिल' या 'भारतीय प्रेस परिषद' हो। उपायुक्त ने कहा कि अगर इस नाम या टाइटल से कोई संस्था पहले से ही पंजीकृत है तो उसके नाम या टाइटल में संशोधन किया जा सकता है।

## अस्पताल चौक पर खोदे गए गड्ढे से परेशान लोग



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर-अवाहदेवी नेशनल हाईवे तीन के निर्माण कार्य की कछुआ गति से जनता परेशान हो गई है। सांसद अनुराग ठाकुर के आदेशों के बाबजूद अभी तक टौणी देवी क्सबे में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उल्टा अस्पताल चौक के पास खड्डा खोदा गया है, जहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है । इस खड्डे कि बजह से दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है। इसके अलावा विजय ट्रेडर्स की दुकान से आगे डंगे का निर्माण भी नहीं हो रहा है जिससे दुकानदारों में काफी रोष है। स्थानीय दुकानदारों विजय बहल, जगदीश चंद, राजीव, विपन, देश राज, अजित सिंह व अन्य ने कहा कि एनएच निर्माण कंपनी जानबूझकर दुकानदारों को परेशान कर रही है और कार्य धीमी गति से कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ना तो पानी का छिड़काव कर रही है, जिससे दुकानें धूल से भर गई हैं, जिससे उन्हें व अन्य लोगों को सांस की समस्या भी होना शुरू हो गई है। साइट इंजीनियर सुशील ठाकुर ने कहा कि इस बारे उन्हें पता नहीं है, पता करके गड्ढे के कार्य को पूरा करवाएंगे ताकि कोई दुर्घटना न हो। (अनंत ज्ञान)

**रोष** गसोता, सराकड़, दरबैली और पनतेहड़ी के लोग मांगें मनवाने के लिए डीसी से मिले

# नगर निगम में शामिल करने पर कई पंचायतों के लोग मुखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

गठित हो रहे हमीरपुर के प्रस्तावित नगर निगम को लेकर संबंधित पंचायत क्षेत्रों के लोग मुखर हो रहे हैं। कई पंचायतों के लोग वीरवार को भी डीसी से मिलने पहुंचे और लिखित रूप में अपना विरोध जता रहे हैं। बीते रोज भी कई गांवों के लोग विरोध जताने के लिए जिला प्रशासन से मिले थे और लिखित तौर पर उन्होंने अपनी समस्याएं गिनाई थीं।

कुछ दिन पहले ही ऑब्जेक्शन फाइल करने के लिए नोटिफिकेशन हुई थी, उसी को आधार बनाकर ये लोग अलग-अलग ग्रुपों में लिखित शिकायत लेकर डीसी के पास पहुंच रहे हैं। वीरवार को गसोता, सराकड़, दरबैली और पनतेहड़ी क्षेत्र के लोगों ने डीसी से मिलकर अपने ऑब्जेक्शन दर्ज



नगर निगम में शामिल करने को लेकर डीसी से मिलते ग्रामीण।

करवाए। ग्राम पंचायत गसोता की प्रधान सुमन कुमारी ने बताया कि पंचायत के अंतर्गत आने वाले गावों को नगर-निगम हमीरपुर में शामिल न किया जाए। प्रधान ने बताया कि अधिसूचना के मुताबिक गसोता पंचायत के सभी गांवों को नगर-निगम हमीरपुर में शामिल किया जा रहा है।

पंचायतीराज संस्थाओं में लोगों की सहभागिता ज्यादा रहती है। हम लोग प्रत्यक्ष रूप से पंचायतों के साथ जुड़े हुए हैं। पंचायत के सभी विकास कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता होती है।

शहरीकरण से ठेकेदारी प्रथा शुरू हो जाएगी। गांवों में घर भी दूर-दूर हैं और आबादी भी कम है। इन गमों को शहर न बनाया जाए। उन्हें गांव ही रहने दिया जाए, इसी में उनकी भलाई है। उन्होंने बताया कि गांवों में रहने वाले लोग अधिकतर गरीब हैं जो दिहाड़ी लगाकर, मनरेगा में मजदूरी करके, पशुपालन कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतीराज संस्थाओं में गांवों का विकास हो रहा है, ऐसे में उन्हें नगर निगम में नहीं आना है। इससे पहले बीते रोज भी दड़ूही पंचायत क्षेत्र के लोग नगर निगम में शामिल होने का विरोध जता चुके हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### वल्लभ महाविद्यालय में उत्सव-2024 संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संगठन के सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव-2024 के समापन समारोह में महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या प्रोफेसर शुक्ला शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। प्रोफेसर शुक्ला शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। अभिभावकों व शिक्षकों को विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करना चाहिए। नृत्य, संगीत, नाटक, और पारंपरिक उत्सव, हमारी प्राचीन परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक होते है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने कहा-सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शुक्ला शर्मा व पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पूनम शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा ने मंड्याली बोली मे शानदार कविता पाठ किया।

### नौकरी के लिए बंगलुरु रवाना हुईं 9 महिलाएं

**चंबा।** आईटीआई चंबा में आयोजित साक्षात्कार में चयनित हुई नौ महिलाएं बंगलूरू के लिए रवाना हुईं। चयनित महिलाएं चंबा से दिल्ली के लिए वोल्वो बस और दिल्ली से बंगलूरू तक हवाई जहाज में निशुल्क यात्रा करेगी। यात्रा के दौरान कंपनी के दो अधिकारी उनके साथ रहेंगे। ऐसा पहली बार ही हो रहा है कि इतनी संख्या में एक साथ महिलाएं प्रदेश के बाहर नौकरी के लिए जा रही हैं। इस दौरान आईटीआई प्रधानाचार्य विपिन शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को संस्थान में साक्षात्कार हुआ था। इसमें कंपनी की ओर से 12 महिलाओं को चयनित किया गया था। इनमें से नौ महिलाएं बंगलूरू के लिए रवाना हुई हैं। इस मौके पर समूह अनुदेशिका रश्मि सूद और प्लेसमेंट अधिकारी वेद प्रकाश महाजन ने चयनित महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### लापता व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**चंबा ।** चंबा-बैरागढ़ मार्ग पर तरवाई मोड के पास एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। व्यक्ति की पहचान करमो पुत्र दिलो निवासी गांव डंडियूड के रूप में हुई है। वह निजी पावर प्रोजेक्ट में कार्यरत था और 4 दिन से लापता था। डंडियूड गांव का करमो गत 25 नवम्बर को घर से ड्यूटी के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसके रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता होने के बाद परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी हर संभावित जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। वीरवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। इसी बीच वीरवार दोपहर बाद ग्रामीणों ने तरवाई मोड़ के समीप कैलईं में सड़क किनारे करमो को मृत हालत में पड़ा पाया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने युवक की मौत को लेकर संदेह जाहिर किया है। इस पर पुलिस ने फोरैंसिक टीम को बुलाने का फैसला लिया। फोरैंसिक टीम के शुक्रवार को मौके पर पहुंचने के बाद ही शव को उठाया जाएगा। उधर, एसपी चम्बा अभिषेक यादव ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। फोरैंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

### घर लौट रहे बुजुर्ग को रास्ते में मिली दर्दनाक मौत

**चंबा ।** चंबा जिले की बाट पंचायत के बेही में ढांक से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति की पहचान किरपो राम (65) पुत्र हीरा निवासी गांव रौणी दी भुई के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किरपो राम बुधवार रात को जुम्महार से अपने घर की तरफ जा रहा था। जब वह बेही पहुंचा तो अचानक उसका पैर फिसल गया, जिसके चलते वह अनियंत्रित होकर रास्ते से लगभग 25 मीटर नीचे गिर गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।
घटना के बारे में पता चलते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। वीरवार को मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चम्बा में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को 25000 रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की गई है। एसपी अभिषेक यादव ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कश्मीरी मोहल्ला में आवारा कुत्ते ने बच्चे पर किया हमला

**चंबा ।** चंबा शहर के चौगान वार्ड के कश्मीरी मोहल्ले में एक मासूम पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बच्चे की दाहिनी टांग व शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे घाव हुए हैं। कुत्ते के काटने से घायल हुए बच्चे को परिजन मेडिकल कॉलेज चम्बा में इलाज के लिए ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे एंटी रैबीज वैक्सीन लगा दी। डॉक्टरों ने एंटी रैबीज वैक्सीन के साथ एंटी रैबीज सीरम लगाने की भी सलाह दी है। बताया जा रहा है कि बच्चा घर के बाहर निकला ही था कि आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तथा परिजन मौके पर पहुंचे तथा बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया, लेकिन तब तक कुत्ते ने उसे कई जगहों पर काट लिया था।
वहीं नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने कहा कि मामले की की जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया, ताकि कुत्ते को पकड़कर शहर से बाहर खदेड़ा जा सके। अधिकतर कुत्तों को टीका लगा दिया गया है।

## बनीखेत में पहले सरकारी भूमि पर किया कब्जा, अब कानून की उड़ा रहे धज्जियां

# पंजाबी दंपती से मुक्त होगी कब्जाई भूमि

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

चंबा जिले में बाहरी राज्यों के लोग सरकारी जमीनों पर हुए कब्जों को औने-पौने दामों में खरीदकर हिमाचल सरकार द्वारा दी जाने वाली सुख सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन अब स्थानीय राजस्व विभाग मामले पर दंपति के खिलाफ संज्ञान लेने जा रहा है। तहसीलदार कार्यालय में विचाराधीन मामले को देखते हुए विभाग जगह खाली करवाने जा रहा है। बकायदा दिशा निर्देश भी जारी हो चूके हैं।

गौरतलब है कि बनीखेत में बीते दो-चार साल से पंजाब से अपनी बच्ची को पढ़ाने आए दंपती ने बनीखेत में किराए पर मकान तथा दुकान ली और महिला के नाम पर मेडिकल स्टोर खोल दिया।

उन्होंने कुछ समय बाद बनीखेत के वार्ड नंबर 6 में किसी अन्य पंजाबी द्वारा कब्जाई भूमि खसरा नंबर 961/875/220 बनीखेत जरेई को खरीदा तथा मौजूदा समय में पंजाब से आए दोनों दंपति अब इस खसरा नंबर पर अपना दावा पेश कर रहे हैं। जरूरी सरकारी दस्तावेज जैसे बिजली का मीटर दुकान पर लगा कैसे जल शक्ति विभाग द्वारा बिना किसी कागजी फॉर्मेलिटी के पानी का कनेक्शन प्रदान कर दिया गया जबकि इन दंपति का तो आधार कार्ड तक यहां का नहीं है और तो और स्थानीय पंचायत में भी इनका परिवार पंजीकृत नहीं है तो फिर कि बिना पर यह सरकार द्वारा दी जाने वाली सुख सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### कागजों की हो उचित जांच : आशीष अबरोल



**आशीष** अबरोल का कहना है कि बड़ी ही हैरानी की बात है कि जब हिमाचल प्रदेश में कानून पारित है कि बाहरी राज्यों से आने वाले लोग यहां किसी भी तरह की जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं कर सकते तो इन्होंने किस कानून के तहत यहां पर जमीन पर काबिज हुई और जिन कागज पत्रों का यह पंजाबवासी दावा कर रहे है उसकी उचित जांच पड़ताल होनी चाहिए। ताकि भविष्य में होने वाले ऐसे काम को लेकर औरों को सबक मिल सके।

### सरकार ऐसे लोगों पर करे कार्रवाई : अंजू



**स्थानीय** वार्ड मेंबर अंजू बाला ने कहा कि उक्त दंपति वार्ड नंबर 6 के न तो वोटर है न ही किसी तरह पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज हैं और न ही बनीखेत पंचायत के किसी भी कारगुजारी का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को ऐसे जाली तौर पर बसने वाले लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

### ऐसे मामलों की होनी चाहिए जांच : अश्विनी



**बनीखेत** निवासी अश्विनी कुमार ने कहा कि बाहरी राज्यों से आए लोग यहां की भोली भाली जनता को चंद पैसों कल लालच देकर कैसे अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं इसका यह ज्वलंत उदाहरण है क्षेत्र में न जाने ऐसे कई मामले हैं जिन पर उचित जांच होनी चाहिए ताकि पता चल सके की यहां पर कौन स्थाई है और कौन स्थाई होने का ढोंग कर रहा है।

### संबंधित विभागों ने कैसे बिजली और पानी के दिए कनेक्शन : राकेश मल्होत्रा



**पद्दर** बाजार के स्थानीय दुकानदार राकेश मल्होत्रा ने कहा कि बड़ा ही हैरानी का विषय है कि पंजाबी या किसी भी बाहरी राज्य से आकर लोग यहां कब्जे हासिल कर रहे हैं और सरकार से मिलने वाली सुख सुविधाओं का मजे से लाभ उठा रहे हैं। इसकी उचित जांच पड़ताल होनी चाहिए क्योंकि बिजली तथा पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जो रिवेन्यू रिकॉर्ड विभाग द्वारा लिया जाता है। वह इन्होंने कहां से और कैसे पेश किया और संबंधित विभाग द्वारा कैसे बिजली और पानी के कनेक्शन लगाए गए । इसकी उचित और गहनता से जांच होनी चाहिए। गैर कानूनी तरीके से सुविधा ले रहे हैं तो इन्हें इन सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। यह सीधे तौर पर कानून से ही ठगी का मामला है।



यह परिवार बनीखेत पंचायत में पंजीकृत नहीं है और यह कब से बनी खेत में रह रहा है इसका भी रिकॉर्ड हमारे पास नहीं है।
**-सुरेश ठाकुर, पंचायत सेक्रेटरी बनीखेत।**



दोनों पंजाबी दंपती का मामला तहसीलदार कार्यालय में विचाराधीन है और दंपति को कब्जाई भूमि खसरा नंबर 961/875/220 को खाली करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही विभाग कब्जा धारक दंपति पर उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाकर कब्जा खाली करवाएगा।
**-रमेश चौहान, तहसीलदार डलहौजी।**

# हुडको क्षेत्रीय अस्पताल चंबा को देगा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन



बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हुडको द्वारा सोशल कॉर्पोरेट रिस्पांसिबिलिटी के तहत जिला चंबा में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा हुडको के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उपायुक्त चंबा ने बताया कि हुडको द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के तहत जिला चंबा में स्वास्थ्य विभाग के लिए एक पोर्टेबल है हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान की जा रही है जिसकी कीमत 23 लाख 50 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की शेष राशि लगभग 21 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य विभाग चंबा को उनकी मांग के अनुसार अन्य चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाएंगे जिसका निर्णय चिकित्सा अधिकारी चंबा द्वारा एक सप्ताह में लेने के पश्चात हुडको को अवगत करवाया जाएगा। तदोपरांत लगभग 21 लाख रुपए की कीमत के अन्य चिकित्सा उपकरण भी स्वास्थ्य विभाग चंबा को हुडको की ओर से उपलब्ध होंगे। हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख संजय भार्गव ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन को आगामी 6 दिसंबर को हुडको के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव शर्मा की ओर से स्वास्थ्य विभाग को विधिवत सौंपा जाएगा।

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए भी हुडको द्वारा लगभग एक करोड रुपए की ग्रांट स्वीकृत की गई है जिसमें से हुडको द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत का हॉस्टल फर्नीचर व व्हीलचेयर पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा को शीघ्र उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# नोडल अधिकारी ने किया जिले के स्कूलों का दौरा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की तैयारीयों के लिए स्कूलों में आयोजित की जा रही परख गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए आज जिला चंबा के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया।

उन्होंने आज बनीखेत ब्लॉक के राजकीय केन्द्रीय प्राथमिक पाठशाला गरंगड, केन्द्रीय विद्यालय संगठन बनीखेत, डलहौजी पब्लिक स्कूल व विभिन्न स्कूलों का दौरा किया तथा तीसरी छठी और नवमी कक्षा के छात्रों से बातचीत की। सुधीर भाटिया ने शिक्षकों को अधिक सक्रिय होने तथा परख तैयारीयों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

उन्होंने छात्रों को आगामी मूल्यांकन परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया।

# पति की आवाज से साइबर ठगी का प्रयास

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

हिमाचल प्रदेश में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। चुवाड़ी में सामने आए साइबर ठगी क्राइम के स्टाइल ने चौंका दिया है। शातिर आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को चपत लगा रहे है। हालांकि शिमला साइबर सैल द्वारा बार-बार लोगों को जागरूक कर रहा है, लेकिन जनता फिर भी शातिरों को फोन पर अपनी पूरी डिटेल दे रही है और जल्दबाजी में अपने पैसे बैंकों से निकाल कर शातिरों के बताए अकाउंट में डाल रहे है।

ऐसा ही एक ताजा मामला चंबा जिला के चुवाड़ी में आया है, जहां



### चुवाड़ी की महिला ठगी का शिकार होने से बची

बुधवार को निजी बैंक प्रबंधक की मुस्तैदी से महिला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फेर में फंसकर साइबर ठगी का शिकार होने से बच गई। अन्यथा साइबर ठगों के बुने जाल में फंसकर महिला डेढ़ लाख रुपए की राशि गंवा देती। हुआ यूं कि बुधवार को एक व्यक्ति कार की सर्विस के लिए घर से लाहड़ू के निकला। इसके थोड़ी देर ही पत्नी को फोन आता है कि कार की सर्विस को जाते वक्त उसके पति ने एक बच्चे को कुचल दिया है, अभी उसे थाने में बिठाया है और लोगों ने थाना घेर लिया हैं।

अगर आप चाहती हैं कि आपके पति पर केस न बने तो एक बताए खाते में डेढ़ लाख रुपए डाल दें। साथ ही चेतावनी दी कि किसी से भी इस बारे में कोई बात न करें चाहें तो अपने पति से बात कर लो। दूसरी ओर से हू-ब-हू पति की आवाज में बात कर जान बचाने की बात कहकर बैंक में पैसे जमा करवाने की बात सुनाई गई।

पति की बात सुनकर पत्नी बदहवास बैंक भागी और एक बैंक से पैसे निकालकर दूसरे बैंक में जमा करवाने पहुंची। जहां बैंक प्रबंधक को महिला की हरकतों में डर सा दिखा।

बैंक प्रबंधक ने महिला से बातचीत कर समझाया और पैसे खाते में डालने से पहले एक बार पति से बात करने को कहा। इस पर जब पत्नी ने पति को फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि वह एजेंसी में कार की सर्विस करवा रहा है। इसके बाद ही महिला ने राहत की सांस ली सभी से निवेदन है की इन ठगों से बचकर रहे।

# 'अभिभावक होते हैं बरगद के पेड़ की तरह'

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में वरिष्ठ अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पढ़ रहे बच्चों के बुजुर्ग दादा-दादी और नाना-नानी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कक्षा पांच की छात्राओं दमनप्रीत कौर और अर्वंशिका ने सभी वरिष्ठ अभिभावकों का तिलक के साथ विद्यालय परिवेश में स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथिविद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस दौरान विजेताओं को मुख्यातिथि महोदय द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार जी ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा वरिष्ठ अभिभावकों के महत्व के बारे में बात की,उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अभिभावक बच्चों और उनके माता-पिता के बीच एक कड़ी का काम करते हैं,जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

विद्यालय प्राचार्या करमजीत कौर ने सभी वरिष्ठ अभिभावकों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। प्राचार्या महोदया ने बताया कि किस प्रकार वरिष्ठ अभिभावक बच्चों को अच्छे संस्कार देकर देश के लिए एक अच्छे नागरिक का निर्माण करते हैं, उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अभिभावक बरगद के पेड़ की तरह होते हैं जिनकी जड़े बहुत गहरी तथा छाया बहुत ठंडी तथा निर्मल होती है। श्रीमती करमजीत कौर ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि लड़का-लड़की में कोई भेद नहीं होता। इस मौके पर विद्यालय के मुख्याध्यापक उमेश कुमार, सुनीता चंद्रा, धर्मेन्द्र सिंह, आशु हुड्डा, शालिनी, इमराना, कीर्ति राज, नितिन सागर, सुनील कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

# बाल मेले में प्रतिभा का लोहा मनवाकर लौटे बच्चों को ग्राम पंचायत बैली ने नवाजा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



पोजिशन हासिल करने वाले बच्चों के साथ अध्यापक व अन्य।

जिला स्तरीय बाल मेले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर लौटे राजकीय उच्च पाठशाला बैली के बच्चों को पंचायत बैली ने नवाजा । इस मौके पर पंचायत के उप प्रधान कैप्टन जैसी राम जी उपस्थित रहे गौरतलब है कि ब्लॉक बनीखेत में विज्ञान मॉडल,कविता वाचन एवम नाटक में राजकीय उच्च पाठशाला बैली के बच्चे प्रथम स्थान पर रहे थे, जिन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जोकि जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान सरू में आयोजित हुई में भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक नीरज नैय्यर रहे।

बैली स्कूल का मॉडल जिला भर में द्वितीय स्थान पर रहा जिसे तमाम निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। ग्राम पंचायत बैली के तेजतरार एवम समाज सेवी उप प्रधान रिटायर्ड कैप्टन जैसी राम जी ने जीत कर वापिस लौटे शिक्षकों तथा बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

सम्मान के रूप में एक छोटे से कार्यक्रम का आयोजन पंचायत द्वारा किया जाएगा जिसमें उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और साथ ही आश्वस्त किया कि स्कूल के हित में जो भी पंचायत द्वारा संभव होगा उसमें पंचायत बैली पूरा सहयोग करेगी।

स्कूल के कार्यवाहक मुख्याध्यापक आज़ाद ने बताया कि बैली स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तमाम कदम उठाए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ साथ अन्य गति विधियों के द्वारा उनका चरित्र निर्माण किया जा रहा है।

### सूडोकु 00131 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत पहुंचाएं अस्पताल

**ओपी शर्मा, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा रोड सेफ्टी को लेकर मेडिकल ऑफिसर ओर पैरामेडिकल स्टाफ के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपन ठाकुर ने की।

मुख्य अधिकारी ने बताया कि समाज का जो भी व्यक्ति सदभावना पूर्वक स्वेच्छा से और किसी इनाम या मुआवजा की आशा किए बगैर दुर्घटना स्थल पर किसी पीड़ित व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा सहायता या गैर चिकित्सा देख रेख की सहायता प्राप्त करता है ऐसे पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल तक पहुंचाता है। वह एक नेक व्यक्ति कहलाता है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तड़पते हुए देखने की बजाय आप उसे अस्पताल पहुंचा कर अपने मानवीय कर्तव्यों का पालन कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस एकदिवसीय कार्यशाला में विशेष रूप से पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आशीष, जनरल सर्जन डॉ. रोहित कुमार और एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ डॉ. सुनील दत्त द्वारा किस तरह से सड़क दुर्घटनाओं में चोटिल व्यक्तियों की देखरेख और रखरखाव के बारे में विस्तार पूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी और लाइफ सेविंग से जुड़ी जानकारी दी ।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जेएस भारद्वाज, जिला कार्यक्रम अधिकारी ड़ा रोहित नड्डा डॉ. सुरेश भी उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)




सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए अधिकारी व अन्य।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

29 नवंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** त्रयोदशी (8:42): **नक्षत्र** स्वाति (10:18), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** शोभन (04:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:48-12:30), **राहुकाल** (10:50 -12:09)।

### विशेष दिन

- 29 नवंबर : मासिक शिवरात्रि आज।
- 29 नवंबर : संत ज्ञानेश्वर का पुण्य दिवस आज।

**मेष:** आर्थिक दृष्टि से बहुत शुभ है। आज आपको व्यवसाय में लाभ होने के संयोग हैं। घेरलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे तो लोग नाराज हो सकते हैं ।

**वृषभ:** आपको आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आज किसी नए कार्य का प्रारंभ न करें और क्रोध एवं आवेश में वृद्धि न आए इसका ध्यान रखें।

**मिथुन:** आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का आरोग्य अच्छा रहेगा। धन संपत्ति-मान सम्मान के अधिकारी बनेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें।

**कर्क:** व्यवसाय में बाधा की संभावना है। मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपका है।

**सिंह :** शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से आनंदपूर्वक बीतेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी।

**तुला:** आज स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे, परिणामस्वरूप घर में विरोध का वातावरण उपस्थित होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यापार अच्छा चलेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे।

**धनु :** अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। आज आपका पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरा रहेगा।

**मकर :** आज आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। सोच-समझकर व्यय करें।

**कुंभ :** आज का दिन शुभ है। आपका आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा।

**मीन:** धार्मिक स्थल पर जाने का अवसर है। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। शत्रु से सतर्क रहें। हाथ पर रखे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

## बैठक | जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक की उपायुक्त मुकेश ने की अध्यक्षता

# वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 1410.41 करोड़ का लक्ष्य: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक के दौरान उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

जिला मुख्यालय चंबा में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया।, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बैंकों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वर्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 1410.41 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसमें जिला चंबा ने वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही 30 सितंबर 2024 तक 851.31 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लिया, जो कि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य का 60.37 प्रतिशत है। उन्होने बैंकों की जमा ऋण अनुपात पर अपनी अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सभी बैंक और विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, हिप्र सहकारी बैंक इस पर ज्यादा ध्यान दें और इस बारे में शाखा स्तर पर विश्लेषण व उन बैंकों के समन्वयकों के साथ मासिक बैठक कर इसका निरंतर आंकलन करें।

उपायुक्त ने जिला के सभी बैंकों को निर्देश दिए कि जिला के सभी किसानों को कृषि क्रेडिट कार्ड से जोड़े तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि चंबा जिला जो कि आकांक्षी जिला चयनित हुआ है इसलिए सभी बैंकों का यह प्रमुख दायित्व है कि वे जिला में अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग व किसान क्रेडिट कार्ड तथा शिक्षा ऋण के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूकता शिविर लगाएं।

उन्होंने बैंक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों जैसे कि मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, पी एम स्वनिधि, राजीव गाँधी स्वराज योजनाओं का शीघ्र से निपटारा करने के लिए भी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिला के सभी बैंको को साथ मिलकर अग्रणी बैंक की अगुवाई में सोशल मीडिया के द्वारा स्थानीय भाषा में छोटे वीडियो के माध्यम से डिजिटल साक्षरता व बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए विशेष जागरूकता कैंप लगाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक शिमला से अनुराग भाटुओ एलडीओ, अग्रणी जिला प्रबंधक चंबा डीसी चौहान सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से इस तरह से अलग होता है कि वह समाज का नौकर बनने को तैयार रहता है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# सुलग रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश एक बार फिर सुलग उठा है। वहां इस समय कई मुद्दों को लेकर तनाव है। हिंदू समुदाय पर हमले और इस्कॉन मंदिरों पर हमले की खबरें मीडिया में छाई हुई हैं। हिंदुओं के खिलाफ यह तनाव भरा माहौल कोई एक दिन या रात में नहीं बन गया, बल्कि इसके लिए पिछले चार महीने से प्लानिंग की जा रही थी। बांग्लादेश में अब हिंदुओं के खिलफ मिशन मारो-काटो शुरू हो चुका है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने धर्मो रक्षति रक्षित: का ज्ञान दिया था अर्थात धर्म उसी की रक्षा करता है जो धर्म की रक्षा के लिए आगे आते हैं। कोई अपने धर्म के लिए जान की बाजी लगा रहा है तो उसके लिए उसे सजा नहीं दी जानी चाहिए। बांग्लादेश में अब वैसा ही वक्त आ गया है, क्योंकि हिंदुओं के खिलाफ साजिश रची जा चुकी है। वहां की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भरोसा सिर्फ बयानों में ही देते हैं, लेकिन जमीन पर हालात कुछ और ही दिखाई देते हैं। 5 अगस्त, 2024 को तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में हालात कुछ ठीक नहीं रहे। बांग्लादेश में भड़की हिंसा आज 1950 और 60 के दशक में हुई व्यापक हिंसा की याद दिला रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों ने सत्ता को पलटा। अवामी लीग की मुखिया और प्रधानमंत्री शेख हसीना तो महज एक बहाना था, लेकिन उनका असली निशाना बना अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय। हिंदुओं के घरों पर हमले कर खौफ पैदा किया गया। उन्हें दुर्गा पूजा पंडालों में जाने से रोका गया।


बांग्लादेश में कट्टरपंथी जमातों की गतिविधियां हिंदुओं के दिलों में चिंता भर रही हैं। इस्कॉन पर हमले के पीछे का एक कारण यह भी है कि कट्टरपंथी जमातें इस्कॉन को एक कट्टरपंथी और आतंकवादी संगठन बताकर प्रतिबंध लगाने की बात कह रही हैं। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले को लेकर भी चिंता सबसे ज्यादा है। बांग्लादेश के हिंदू पुजारी और इस्कॉन के पूर्व प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद हिंदू अल्पसंख्यक और उनके मंदिर एक बार फिर निशाने पर हैं। बांग्लादेश में अब इस्कॉन मंदिरों पर बैन की मांग भी उठने लग पड़ी है। छात्र आंदोलन के दौरान सक्रिय रहे संगठन अब चेतावनी दे रहे हैं कि वो इस्कॉन को बांग्लादेश के अंदर भारत के एजेंडे को लागू करने की अनुमति नहीं देंगे। इसी साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिराने में प्रमुख भूमिका निभाने वाला छात्र संगठन कहता है कि देश को अस्थिर करने के लिए अल्पसंख्यक थ्योरी का षड्यंत्र रचा जा रहा है, लेकिन षड्यंत्रकारी देश को बांट नहीं पाएंगे। यह सरेआम कहा जाने लगा है कि इस्कॉन आवामी लीग के एजेंट की तरह काम कर रहा है और देश को अस्थिर करने की कोशिश में है। कहने को तो यह भी कहा जाने लगा है कि बांग्लादेश सबको साथ लेकर चलने वाला देश है और कट्टरपंथियों की यहां कोई जगह नहीं है, लेकिन यह सिर्फ कहने की बातें हैं।

धर्म के नाम पर किसी भी कट्टरपंथी संगठन को चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। चिन्मय दास की जमानत याचिका खारिज होने के बाद भड़की हिंसा में सरकारी वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की मौत का जिम्मेदार इस्कॉन को बताया जा रहा है और इसलिए इस पर बैन लगाने की बातें हो रही हैं। वहां के नीति नियंताओं को चाहिए कि वह दोनों पक्षों को आमने सामने बिठाकर गलतफहमी दूर करे तथा भड़कती हिंसा को किसी न किसी तरीके से नियंत्रित करे वरना भविष्य में कभी वहां हिंदू जाने से भी कतराने लगेंगे। ऐसे आरोप भी देखने को मिल रहे हैं कि इस्कॉन आवामी लीग की मुखिया शेख हसीना के इशारे पर बांग्लादेश में भारत के एजेंडे को लागू करने का काम कर रहा है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, लेकिन हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होता। अगर यह कोई षड्यंत्र है तो निश्चित रूप से उसका पर्दाफाश करना चाहिए। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेशी हिंदुओं समेत वहां के अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं। हिंदुओं और उनके धार्मिक लोगों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। यह किसी भी समुदाय के लिए ठीक नहीं है, क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम काफी घातक होते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक

**कैप्टन** गुरबचन सिंह सालारिया परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। इन्हें यह सम्मान सन 1961 में मरणोपरांत मिला। संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना के साथ कांगो के पक्ष में बेल्जियम के विरुद्ध बहादुरी पूर्वक प्राण न्योछावर करने वाले योद्धाओं में कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया का नाम लिया जाता है जिन्हें एलिजाबेथ विला में लड़ते हुए अद्भुत पराक्रम दिखाने के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र दिया गया। वह उस समय केवल 26 वर्ष के थे।



कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया
**जन्म :** 29 नवंबर, 1935
**शहादत :** 5 दिसंबर, 1961

गुरबचन सिंह का जन्म शकरगढ़ के जनवल गांव में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इनके पिता भी फौजी थे और ब्रिटिश-इंडियन आर्मी के डोगरा स्क्वेड्रन, हडसन हाउस में नियुक्त थे। इनकी मां एक साहसी महिला थीं तथा बहुत सुचारु रूप से गृहस्थी चलाते हुए बच्चों का भविष्य बनाने में लगी रहती थीं। पिता के बहादुरी के किस्सों ने गुरबचन सिंह को भी फौजी जिंदगी के प्रति आकृष्ट किया। इसी आकर्षण के कारण गुरबचन ने 1946 में बैंगलोर के किंग जार्ज रॉयल मिलिट्री कॉलेज में प्रवेश लिया। अगस्त 1947 में उनका स्थानांतरण उसी कॉलेज की जालंधर शाखा में हो गया। 1953 में वह नैशनल डिफेंस अकेडमी में पहुंच गए और वहां से पास होकर कारपोरल रैंक लेकर सेना में आ गए। कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया 5 दिसम्बर 1961 को एलिजाबेथ विला के गोल चक्कर पर दोपहर की ताक में बैठे थे कि उन्हें हमला करके उस सशस्त्र पुलिसवालों के व्यूह को तोड़ना है, ताकि फौजें आगे बढ़ सकें। इस बीच गुरबचन सिंह सालारिया अपनी टुकड़ी के साथ अपने तयशुदा ठिकाने पर पहुंचने में कामयाब हो गई। उन्होंने ठीक समय पर अपनी रॉकेट लांचन टीम की मदद से रॉकेट दाग कर दुश्मन की दोनों सशस्त्र कारें नष्ट कर दीं। यही ठीक समय था जब वह सशस्त्र पुलिस के सिपाहियों को तितर-बितर कर सकते थे। ■

## कविता

### केला



राकेश डोगरा

*नाजुक पेड़ से लिपटा रहता,*
*स्वाद भरा हूं मैं अलबेला।*
*मेरे हैं कितने ही भाई,*
*रहता नहीं मैं कभी अकेला।*
*जगह-जगह पर मैं मिलता हूं,*
*चाहे कोई भी हो बेला।*
*दर्जन लो या आधी दर्जन, पूरा भरा पड़ा है ठेला।*
*दुबलों को मैं तगड़ा कर दूं, खाए जो बन जाए छैला।*
*जब भी खाना जी भर खाना, न करना आप कभी झमेला।*
*फलवाले मुझे सांभ के रखते, यूं लगता ज्यों नया नवेला।*
*मुझ जैसा फल और न सस्ता, कम पैसों में भर लो थैला।*
*पीले रंग के कपड़े पहनू, मित्रों मेरा नाम है केला।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बिगड़ैल साहिबजादों को कार नहीं संस्कार दीजिए

अमीरजादो अपने बिगड़ैल साहिबजादों को कितनी भी अच्छी अकादमियों में कोचिंग दिलवा दो कितने महंगे स्कूलों में पढ़ा दीजिए। यह बिगड़ैल नहीं सुधर सकते इन पर हम नहीं सुधरेंगे का पक्का लेवल लगा हुआ है। अमीरजादो जब आपको ही संस्कार नहीं मिले तो आप अपने बिगड़ैल औलादों को क्या संस्कार देंगें कार नहीं संस्कार दीजिए। संस्कार नहीं दिए तो ताउम्र पछताओगे । बच्चों को डांटने के बजाए तुम लोग इनको शह देते हो जिससे इनका हौसला बढ़ रहा है, लेकिन एक दिन मात खाओगे पछताओगे तब तक बहुत देर हो जाएगी। कभी भी ऐसा मत सोचना कि ऐसी ही चलती रहेगी। लाखों रुपए हॉस्टल में खर्चा किया, लेकिन हॉस्टल में भी आपके बिगड़ैल साहिबजादे नहीं सुधरे तो कहां सुधरेंगे।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

बिगड़ैल द्वारा गलती करने पर आपने कभी भी इनको थप्पड़ नहीं मारा उल्टा मनोबल बढ़ाया जिससे यह ढीठ बन गए और अब कभी नहीं सुधर सकते। तुम इनकी हरकतों पर खुश होते हो, लेकिन एक दिन दुखी जरूर होंगे। आज आप इनका साथ दे रहे हो कल जब तुम नहीं होंगे, तब यह धक्के जरूर खाएंगे तब संस्कारों की याद आएगी। अभी बहुत वक्त है समझा लीजिए। बिगड़ैल एक बार बिगड़ गए फिर नहीं सुधर सकते। आज शह दे रहे कल मात जरूर खाओगे। संस्कारों का अंतिम संस्कार अशुभ संकेत? आज संस्कारों का अंतिम संस्कार व चीरहरण हो रहा है। संस्कार एक विरासत होती है। संस्कार के कारण ही मानव की पहचान होती है। संस्कारहीन मानव समाज के लिए घातक है। संस्कारों से बड़ी कोई पूंजी है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं । संस्कृति का विनाश हो रहा है।

दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। ईमानदारी कराह रही है। आत्मा सिसक रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है, क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है, जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है । कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इंसान को गिरा सके, इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है। ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है, मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की लाठी जब पड़ती है तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण -कण में विद्यमान है।



इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है इंसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं विडंबना देखिए कि आज इंसान रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है, जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्ग दाने-दाने का मोहताज है। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भाग्य है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। साल भर उन्हें महीनों में बांटा जाता है। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे है। बेशक ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है।

आज सड़कों पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। आज पैसे का बोलबाला है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे हैं, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है । मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जंतु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जंतुओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रुख करेंगें । नरभक्षी बनेगें।आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं ।

मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुत्ते लोगों की फैंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है। रिश्तों में संक्रमण बढ़ता जा रहा है। मानव धरती के लिए खून कर रहा है। कई पीढ़ियां गुजर गई मगर आज तक न तो धरती किसी के साथ गई न जाएगी। फिर यह नफरत व दंगा फसाद क्यों हो रहा है। मानव, मानव से भेदभाव कर रहा है। ऊंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है फिर भी यह भेदभाव क्यों। यह बहुत गहरी खाई है इसे पाटना सबसे बड़ा धर्म है। आज लोग बिलासिता पर हजारों-लाखों रुपए पानी की तरह बहा देते हैं, मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उड़ा रहे हैं। अनैतिक कार्यों से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए, तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनंद प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतघ्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# समझदारी और त्याग में ही असली राजनीति

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर एक बार महायुती को प्रचंड बहुमत के बाद भी सीएम के पद को लेकर खींचतान हो रहा है। इससे आपस में अंदर से कलह होना ठीक नहीं होता है आपस में मिलकर शांति से आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर जनादेश का सम्मान करना चाहिए। यदि सीएम पद के लिए तकरार हो रहा है तो घबराहट में नहीं शांति से काम लेकर आपस में मिलकर सहमति बनाने की आवश्यकता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सभी ने अच्छा किया है काम पर वोट मिला है। अत: देश के लिए विकास की जरूरत है यदि इसमें कोई त्याग कर काम करता है तो लोग उसे पद से ज्यादा सम्मान देते हैं। कुर्सी आती है जाती है, लेकिन बंधन नहीं टूटना चाहिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कर्म करो फल की चिंता न करो ऐसा बने की लोग आपको पद से ज्यादा आपके काम पर प्यार व सम्मान करें स्व बालासाहेब ठाकरे जी ने कभी सत्ता नहीं हासिल की, लेकिन वो सभी के दिलों में राज करते हैं ऐ सब चुनाव से पहले ही घोषणा करना चाहिए, आपस में लड़ने से अपना ही नुकसान होगा।

विपक्ष को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल जाएगा। अत: आपसी प्रेम से ही इसे हासिल किया जा सकता है और इसके लिए त्याग बहुत जरूरी है जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सवाल है नीतीश कुमार मझे हुए खिलाड़ी हैं अत: जैसे ही नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री पद पर खतरा नजर आता है एक ही दिन में इस्तीफा भी देते है और उसी दिन सरकार भी बन जाती है और इसमें दोनों को ही अच्छा सीट मिल जाता है। हालांकि केंद्र में उनके 12 लोकसभा सीट भी है जो सरकार को बनाए रखने हेतु दोनों में तालमेल होना अच्छी है और बिहार में बिना जेडीयू के किसी भी पार्टी को सरकार बनाना मुश्किल है और विकास भी हो रहा है महाराष्ट्र में भी विकास हुआ और महायुती को प्रचंड बहुमत भी मिली है यह भी सच है महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे जी और देवेंद्र फडणवीस जी व अजित पवार जी ने जितना काम किया वैसे ही वोट मिला है।



अत: शांति समझदारी और आगे की राजनीति को ध्यान में रखकर ही कोई सही फैसला लेना चाहिए असली राजनीति तो केंद्र में है एक संघ के कार्यकर्ता के रूप में पहले मोदीजी को जाना जाता था बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और बाद में प्रधानमंत्री जैसे पद पर लगातार 3 बार बनाना जरूर ही उनके मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। अत: विपक्ष को बैठे बिठाए कोई मुद्दा न मिल जाए एक होकर ही शांति और समझदारी से काम लेना चाहिए और उसे पूर्ण करने का भी दम होना चाहिए। मिलकर काम को पूर्ण कर ही जनता के जनादेश को सम्मान मिलेगा। लोगों के बहकावे में न आकर दूर की राजनीति पर कुछ खोना भी पड़ता है, लेकिन अच्छा गेन होता है, याद रखना चाहिए जब चमकौर के युद्ध में मात्र 40 सिख जो गुरुगोविंद सिंह जी के भक्त की तरह सेना के रूप में थे जैसे ही औरंगजेब की सेना, वाजिर खान के नेतृत्व में 10 लाख मुगल सैनिक ने घेर लिया था तब गुरुगोविंद सिंह जी ने पांच पांच की गुट में सेना भेजी और जैसे ही उनका पुत्र अजित सिंह जी लड़ने के लिए आगे आते हैं वैसे ही गुरुजी का शिष्य ने बोला, महाराज यह तो आपका पुत्र है तभी गुरुजी ने उत्तर दिया क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो।

अत: उन्हें भी आशीर्वाद देकर भेजा और शहीद हो गए, लेकिन उनका यह बलिदान आज भी लोगों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत रहा है। अत: जब किसी को अपना मानते हैं तो विरोध का सबाल ही नहीं। अत: समझदारी और त्याग में ही असली राजनीति है जो आने वाले समय के लिए बहुत सुखद होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वर्तमान** समय में चिट्टे की खबरें पढ़ने व सुनने को मिलती हैं। अखबारों के पेज चिट्टे की न्यूज से रोज भरे पड़े हैं। चिट्टा जानलेवा बन चुका है। हमारे आने वाले नवयुवक इसकी चपेट में आ रहे हैं। बुरा हाल है। जब हम ऐसी खबरों को सुनते हैं तो हम सब खामोश हो जाते हैं। इस पर सोचना और इसके लिए कड़े कदम उठाना महत्वपूर्ण बन गया है। अब न सोचा गया तो सब कुछ हाथ से निकल जाएगा। फिर कुछ न होगा, इसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं, क्योंकि अगर हम सब सही तरीके से अपने बच्चों को संभाले तो शायद इस पर थोड़ा तो काबू किया जा सकता है। हमें अपने बच्चों पर ध्यान देना होगा कि उनकी दिनचर्या क्या है। अगर हम अपने बच्चों पर शुरू से ही ध्यान देंगे। हमें अपने बच्चों को बचपन से ही इन सभी चीजों को बताना होगा। **विजय बाहड़ी, कांगड़ा**

# सैकड़ों वर्षों की दुश्मनी को रिश्तों में बदलते गिरिपार के तीन गांव

जिस देवभूमि हिमाचल प्रदेश को देवी देवताओं के प्रति अटूट आस्था और विश्वास के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर सदियों से विभिन्न प्रकार की परमपराएं, रीति-रिवाज इत्यादि का भी पुराना इतिहास देखने एवं सुनने को मिलता हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आप सभी के समक्ष जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के गिरिपार के ऐसे क्षेत्रों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे, जिन विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं बुजुर्गों के अनुसार आपस में सैकड़ों वर्षों से आपसी दुश्मनी में एक बड़ी खाई एवं आपसी मनमुटाव देखने एवं सुनने को मिलते थे, गिरिपार के मिल्ला गांव, कोटी ऊतरूऊ, और हल्लाह गांव जिन क्षेत्रों को स्थानीय भाषा में मिल्ला गांव को धिरवान, मिलयाणा खौश, कोटी ऊतरूऊ को ऊतरूऊ खौश, हलाह गांव को जुआऊ खौश कहां जाता आ रहा है। इन तीनों क्षेत्रों में सैकड़ों वर्षों से आपसी लड़ाई एवं दुश्मनी के कारण रिश्तेदारी नहीं लगती थी। अर्थात किसी भी प्रकार के रिश्ते नाते नहीं लगते थे, जिसमें कहा जाता है कि इन क्षेत्रों के सैकड़ों वर्षों पूर्व एक दूसरे गांव के लोगों की किन्हीं आपसी रंजिसों के कारण हत्याएं हुई थी।

स्थानीय बुजुर्गों एवं बुद्धिजीवियों के अनुसार अनेक कारण समय-समय पर सुनने को मिलते हैं, जिन हत्याओं के कारण मानों दुश्मनी बढ़ती गई और तत्पश्चात आपस में कोई खास सुलह का प्रयास नहीं किए गए, परंतु गिरिपार के इन क्षेत्रों में मानों दुश्मनी की जैसे सैकड़ों वर्षों बाद बुनियाद ही हिल गई अर्थात हलाह के एक नवयुवक ने प्रेम प्रसंग के चलते मिल्ला गांव के नवयुवती से शादी का मामला सामने आया,जिस विवाह के तत्पश्चात दोनों क्षेत्रों में मानों एक बड़ा चिंतनीय एवं गंभीर स्थिति बन चुकी थी, परंतु मिल्ला गांव और हल्ला गांव के जागरूक लोगों ने सैकड़ों वर्षों पूर्व की दुश्मनी को रिश्तों में बदलने का निश्चय किया और इस विवाह के तत्पश्चात देवी-देवताओं के शरण में जाकर सैकड़ों पूर्व हुई घटनाओं को अपनी देव आस्था और विश्वास से समाप्त करने का प्रयास किया गया और एक दूसरे गांव के संपर्क एवं बुद्धिजीवियों के पहल के बाद जिसमें देवी-देवताओं का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया गया, जिनके आशीर्वाद और आदेशों के तत्पश्चात मिल्ला गांव और हल्ला गांव में इन सब दुश्मनी को सदैव के लिए खत्म करने का सराहनीय निर्णय लिया गया, जिस ऐतिहासिक फैसले की क्षेत्र समाज में भूरी-भूरी प्रसंशा भी हो रही है और जिस ऐतिहासिक फैसले के कारण इन तीनों क्षेत्रों में आपसी रिश्ते नाते पुन: शुरू हो गए हैं, परंतु जैसे ही मिल्ला गांव के धिरवान और हलाह गांव के लोगों में आपसी भाईचारा और सुलह हुआ उसी के साथ देवी-देवताओं के आशीर्वाद और आदेशानुसार मिल्ला गांव और कोटी ऊतरूऊ गांव के साथ भी रिश्ते फिर शुरू हुएं, जिसके कारण वर्तमान में अब फिर से तीनों गांवों में आपसी प्रेम प्यार और आपसी रिश्तेदारियों की शुरुआत हुई।



इस प्रकार के सराहनीय फैसले लेने के बाद क्षेत्र समाज में भी एक सकारात्मक और अमन शांति और आपसी सौहार्द का संदेश जा रहा है, तो वहीं वर्तमान में भी ऐसे अनेक सामूहिक और जनहित के मुद्दों पर हम सभी को आपसी मनमुटाव और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के लिए भी काम करने की आवश्यकता है।

इस प्रकार जिला सिरमौर के गिरिपार के मिल्ला, हल्लाह और कोटी ऊतरूऊ के लोगों ने निश्चित तौर पर सराहनीय एवं समय की नजाकत को समझते हुए और देवी-देवताओं के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से मानों एक नई सोच और फिर से आपसी प्रेम प्यार और सौहार्द का परिचय दिया, परंतु फिर भी जैसे कहा भी जाता है कि देर ही सही परंतु ईश्वर की गनीमत से फिर से आपसी रिश्तों की शुरुआत हुई। इस प्रकार के घटनाक्रम का इतिहास गिरिपार के अनेक क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलता है, परंतु समय के साथ और देवी-देवताओं के आशीर्वाद से क्षेत्र समाज ने कही न कही इन सभी आपसी दुश्मनाई और द्वेश को पीछे छोड़कर एक नई शुरुआत और जागरूकता का भी परिचय दिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जलवायु परिवर्तन और कृषि संकट चिंतपूर्णी के धार क्षेत्र में बढ़ता खतरा

हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी के धार क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि पर गहरा असर पड़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा खामियाजा यहां के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ते तापमान, बारिश के पैटर्न में बदलाव और चरम मौसमी घटनाएं जैसे बर्फबारी और सूखा, कृषि उत्पादों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इस बदलाव ने क्षेत्र में कृषि पर कड़ी चुनौती प्रस्तुत की है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।



लेखिका : संदीप कुमार
पर्यावरणविद्, चिंतपूर्णी

**जलवायु परिवर्तन का प्रभाव :** जलवायु परिवर्तन के चलते धार क्षेत्र में कृषि उत्पादकता पर व्यापक असर पड़ रहा है। मौसम के पैटर्न में बदलाव से पारंपरिक फसलों के उत्पादन में कमी आई है। मक्का, गेहूं, और अन्य प्रमुख फसलें इस बदलाव से खासे प्रभावित हो रही हैं। खासकर बढ़ते तापमान और असमय बारिश ने फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

**शोधकर्ताओं का अध्ययन :** हाल ही में, राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान संस्थान (एनआईएपी), पंजाब कृषि विश्वविद्यालय और डॉक्टर वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय से जुड़े शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन किया, जिसमें 1985 से 2021 तक के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन में हिमाचल प्रदेश के सात जिलों में तापमान और वर्षा में हुए बदलावों का अवलोकन किया गया। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि जलवायु परिवर्तन के कारण मक्का और गेहूं की पैदावार में भी कमी आई है। शोध के नतीजों से यह स्पष्ट हुआ कि 1985 से 2021 तक, खरीफ और रबी दोनों सीजनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यही नहीं, वार्षिक आंकड़ों के आधार पर यह भी देखा गया कि तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जो जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का संकेत है।



**धार क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयास :** चिंतपूर्णी के धार क्षेत्र के पर्यावरणविद् संदीप कुमार ने इस स्थिति से निपटने के लिए एक पहल शुरू की थी। उन्होंने कुछ वर्षों पहले एक प्रण लिया था कि वह अपने निजी भूमि पर जंगल तैयार करेंगे। साथ ही, विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मुख्य अतिथि से पौधा लगाने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाया। इस पहल से क्षेत्र के लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं और पौधारोपण अभियान का समर्थन कर रहे हैं। संदीप कुमार का मानना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयासों से क्षेत्र के लोगों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। उनका कहना है कि अगर क्षेत्र के लोग पर्यावरण को बचाने की दिशा में कदम उठाते हैं, तो न केवल जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम किया जा सकता है, बल्कि कृषि उत्पादन को भी बेहतर बनाया जा सकता है।

**निष्कर्ष :** जलवायु परिवर्तन के कारण चिंतपूर्णी के धार क्षेत्र में कृषि संकट बढ़ रहा है और किसानों को इससे बचने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। तापमान में वृद्धि, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाओं के कारण कृषि उत्पादन में कमी आ रही है। हालांकि, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाए गए प्रयासों से इस समस्या से निपटने में मदद मिल सकती है। ऐसे समय में, जब जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हर क्षेत्र में महसूस हो रहे हैं, हमें मिलकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण मिल सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लडभड़ोल में लगाई वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के तहत वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अर्थ निमृति के सहायक उपाध्यक्ष सलीम खान ने शिरकत की। अपने संबोधन में खान ने बताया कि शिक्षा, धनार्जन के साधन, और वित्तीय स्थिरता हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अर्थ निमृति, एक एनजीओ, द्वारा ग्रामीण छात्रों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के प्रयासों की जानकारी दी, जो उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव ने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, और अच्छे स्वास्थ्य के माध्यम से हर व्यक्ति मानव पूंजी के रूप में विकसित हो सकता है।

### बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने में छात्रों ने ली जानकारी



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल ने बैंकिंग क्षेत्र में करियर के अवसरों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.के कौंडल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में मुख्य वक्ता पीएनबी बरछवाड़ के प्रबंधक पुनीत कुमार, कृषि अधिकारी जतिन जोशी और विपणन अधिकारी मनीष राणा रहे और उन्होंने छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस कार्यशाला में बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को वित्तीय साक्षरता और बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न नौकरी के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अरुण शर्मा के साथ कॉलेज के अन्य शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में आशीष सांगला प्रथम



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में रेड रिबन क्लब ने एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ आरआर कौंडल मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में नारा लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। नारा लेखन में आशीष सांगला प्रथम रहे, द्वितीय स्थान भूमिका एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से कनिका और रिया ने हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आशीष सांगला ने बाजी मारी। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अंजली और साक्षी रहे।

### स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत




अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनेड़ पटड़ीघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस शिविर के समापन कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य उर्मिला चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्वयंसेवियों ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा अपने अनुभव साझा किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक 30 को

अनंत ज्ञान, मंडी। सामान्य वर्ग कल्याण समिति के जिला पदाधिकारियों व कार्यकारी सदस्यों, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों व महासचिवों की बैठक 30 नवंबर को 11:30 बजे शंकर गार्डन मंडी में होगी। जिला महासचिव लाभ सिंह जम्वाल ने देते हुए बताया कि सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

### बच्चे ने ली बैंकिंग प्रणाली की जानकारी



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर के राज्य सहकारी बैंक बस स्टैंड शाखा में आज गुम्मा स्कूल के बच्चों ने बैंकिंग प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गुम्मा स्कूल की अध्यापिका नीतू शर्मा ने बताया कि ये बच्चे बैंकिंग एंड फाइनेंस कक्षा के छात्र-छात्राएं हैं, जिन्हें बैंक की कार्यप्रणाली और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक शाखा के मैनेजर संजीव कुमार और सहायक मैनेजर रमेश कुमार ने बच्चों को बैंक के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। बच्चों को बचत करने के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया गया।

### विद्यार्थी शिक्षा के साथ सीखें तकनीकी कौशल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंदनगर के



वाणिज्य विभाग एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल ने मुंबई स्थित 'अर्थ निर्मित' (एनजीओ) संस्था के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन 'अर्थ निर्मित' संस्था के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सलीम खान ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न तकनीकी कौशल सीखने और रोजगार के विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी। सलीम खान ने बताया कि छात्रों को किस प्रकार से कमाई के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और किस तकनीक में महारत हासिल करनी चाहिए। कार्यशाला में 120 छात्रों ने भाग लिया और संस्था ने एक ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को 'अर्थ निर्मित' संस्था द्वारा इंटर्न के रूप में नियुक्त किया जाएगा, साथ ही स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर 'अर्थ निर्मित' संस्था के स्टेटेजिक मैनेजर कर्ण कौशल, महाविद्यालय की प्राचार्य निशा वैद्य, प्लेसमेंट सैल के डिप्टी हेड प्रो. नवीन निश्चल, वाणिज्य विभाग के प्रो. उपमा धीमान, प्रो. कुलदीप कुमार, प्लेसमेंट सैल की सदस्य प्रो. ममता देवी, प्रो. सरवन कुमार, तथा बीबीए विभाग के प्रो. संजीव कुमार और प्रो. चंपा देवी भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय ने 'अर्थ निर्मित' संस्था के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पूरे वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## सुंदरनगर में बीएसएल कॉलोनी पुलिस द्वारा 4.702 किलोग्राम चरस बरामदगी का मामला

# काबू आरोपी से पूछताछ के बाद 3 गिरफ्तार

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर




गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

सुंदरनगर में बीएसएल कॉलोनी पुलिस द्वारा बरामद 4.702 किलोग्राम चरस मामले में कई सनसनीखेज खुलासे हुए हैं।

पुलिस ने मामले में चरस के साथ धरे आरोपी चमन लाल से पूछताछ के बाद 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अब तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चारों न्यायिक हिरासत में सब जेल मंडी में बंद हैं। वहीं मामले के तार अंतरराज्यीय स्तर पर चरस का धंधा करने वाले नेटवर्क के साथ भी जुड़े हुए पाए हैं।

आरोपी चमन लाल मात्र एक कैरियर के तौर पर चरस को लेकर पंजाब जा रहा था, लेकिन मामले का किंगपिन राकेश कुमार उर्फ आरके है। पंजाब के जिला लुधियाना का खन्ना के रहने वाला राकेश कुमार इतना शातिर है कि औट से एचआरटीसी की बस में बैठने के बाद अलग-अलग टिकट लिए थे। आरके ने आरोपी चमन लाल का रोपड़ और अपना टिकट खरड़ का कटवाया था। राकेश कुमार ने चरस से भरे ट्राली बैग को चमन लाल के पास देकर किसी के पूछे जाने पर इसे अपना बताने के लिए कह रखा था। हैरानी की बात यह है कि जब पुलिस द्वारा आरोपी चमन लाल की चेकिंग की जा रही थी तो राकेश कुमार भी उसी बस में मौजूद था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस चरस को खेप को आरोपी राकेश कुमार ने ढालेराम पुत्र डोले राम निवासी गांव ढांगसी तहसील औट जिला मंडी से एक लाख 75 हजार रुपए में खरीदा था। आरोपी राकेश कुमार और ढालेराम दोस्त थे और चरस की खरीद-फरोख्त को लेकर फोन के माध्यम से डिलिंग हुई थी। जिसकी डिलिवरी लेने राकेश और चमन लाल मंडी जिला के टकोली आए थे, लेकिन पंजाब वापसी दौरान आरोपी चमन लाल को पुलिस टीम ने सुंदरनगर में 4.702 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था।(अनंत ज्ञान)

> पुलिस द्वारा 4.702 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किए गए आरोपी चमन लाल से गहन पूछताछ अमल में लाई गई है। मामले में पुलिस ने अन्य 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी को पंजाब के खन्ना और दो आरोपियों को मंडी जिला के औट से गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी न्यायिक हिरासत में बंद है और जांच जारी है।
>
> -भारत भूषण, डीएसपी सुंदरनगर।

### टकोली स्थित होम स्टे में आरोपियों ने पैक की चरस

पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी ढले राम ने आरोपी राकेश को बरामद चरस मुहैया कराई गई थी। इसमें एक अन्य आरोपी खेमराज निवासी औट ने भी सहायता की है। ढले राम द्वारा लाए गए बैग में काफी मात्रा में चरस मौजूद थी और आरोपियों ने इस चरस को राकेश के ट्राली बैग में पैक कर चमन लाल और राकेश कुमार की जिन्स की पैंट व एक कमीज डाल दी थी। इसके उपरांत आरोपियों ने होम स्टे में लिया गया कमरा छोड़ दिया और वापस जाने के लिए बस का इंतजार करने लग गए।

### पुलिस की मुस्तैदी से पकड़ा गया चरस का जखीरा

आरोपी राकेश ने होम स्टे से निकलते समय चरस वाला ट्राली बैग चमन लाल को दे दिया और पिट्ठू बैग अपने पास रख लिया। दोनों आरोपी होम स्टे के सामने बस का इंतजार करने लग गए, लेकिन बस नहीं मिलने पर दोनों पैदल सब्जी मंडी टकोली की ओर चलने लग गए। इसी दौरान अन्य दो आरोपी ढले राम और खेमराज मौके पर गाड़ी लेकर आए, ढले राम ने उन्हें औट बाजार में छोड़ दिया, लेकिन वहां बस में सीट न मिलने के कारण दोनों आरोपी राकेश और चमन होम स्टे में ही रूक गए।अगली सुबह 17 नवंबर को दोनों आरोपी मंडी जिला के औट से एचआरटीसी की बस में बैठकर पंजाब जाने के लिए निकल पड़े। इसी दौरान पुलिस ने हमसफर चौक के समीप आरोपी चमन लाल को चरस सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

# पद का दुरुपयोग करने पर प्रधान और वार्ड सदस्य निलंबित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सुंदरनगर विकास खंड के तहत ग्राम पंचायत खिलड़ा के प्रधान शेर सिंह व वार्ड सदस्य मंजू देवी को पद का दुरुपयोग करने पर जिला पंचायत अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। वहीं इस आदेश के बाद विकास खंड अधिकारी सुंदरनगर ने संबंधित पंचायत सचिव को निर्देशित किया है कि पंचायत प्रधान व वार्ड मेंबर के निलंबित होने के बाद उनके कब्जे में अगर पंचायत का कोई अभिलेख, धनराशि चल व अचल संपत्ति हो तो उसे तत्काल अपने कब्जे में ले लिया जाए।

ग्राम पंचायत खिलड़ा के उपप्रधान लखन सिंह ने प्रधान शेर सिंह व वार्ड सदस्य मंजू देवी के खिलाफ खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर के माध्यम से जिला पंचायत अधिकारी को शिकायत दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत में विकास कार्य के लिए पंचायत समिति सुंदरनगर के माध्यम से लोक निर्माण विभाग की सड़क से एंबुलेंस रोड पूर्व प्रधान पृथी चंद परमार के घर तक के निर्माण के लिए 1 लाख 10 हजार की राशि मंजूर की थी, लेकिन मौके पर पूर्व प्रधान के घर तक का कार्य विवाद व लोगों की मलकियत भूमि होने के कारण स्वीकृत स्थान पर निर्माण होना असंभव था। ग्राम पंचायत की बैठक द्वारा दो वर्ष से बिना उपयोग पड़ी राशि को प्रस्ताव संख्या 10 के तहत एंबुलेंस रोड धारंडा से शमशानघाट तक व्यय किया जाना पारित किया गया, जिसे ग्राम सभा ने भी मंजूरी प्रदान की थी, लेकिन शिकायत की जांच में पाया गया कि प्रस्तावित स्थल पर कोई कार्य न होकर राशि को लोक निर्माण विभाग की सड़क से एंबुलेंस रोड पूर्व प्रधान के घर तक पंचायत रिकार्ड में व्यय करना दर्शाया गया। इस कार्य का मस्ट्रोल वार्ड सदस्य के नाम पर था जिसने इस कार्य का सत्यापन भी किया था। यह कार्य पंचायत समिति द्वारा मंजूर होने के कारण इसे बदलने की प्रक्रिया भी पंचायत समिति ने ही करनी थी। लेकिन पंचायत ने इस प्रक्रिया के बिना ही कार्य करवा दिया।

शिकायत की जांच होने पर खंड विकास अधिकारी ने 30 सितंबर 2024 को प्रधान शेर सिंह व वार्ड सदस्य को मंजू देवी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब संतोषजनक व तर्कसंगत नहीं पाया गया। खंड विकास अधिकारी की रिपोर्ट के बाद जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने प्रधान ग्राम पंचायत खिलड़ा के प्रधान शेर सिंह व वार्ड सदस्य मंजू देवी को 25 नवंबर को जारी आदेश में पद से निलंबित कर दिया है। मामले की पुष्टि खंड विकास अधिकारी विवेक चौहान की।

# बिना अनुमति बरामदे में बना दी नाली, कटा 2 हजार का चालान

अनंत ज्ञान, मंडी

नगर निगम की निरीक्षण टीम द्वारा वीरवार को इंदिरा मार्केट की दुकानों में सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया की अध्यक्षता में निरीक्षण किया गया। इस दौरान इंदिरा मार्केट के एक व्यापारी द्वारा मार्केट के बरामदे को नगर निगम की अनुमति के बिना ही रात में खोदकर नाली बना दी गई और ऊपर से सीमेंट लगा दिया गया। जिस पर नगर निगम निरीक्षण टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दुकानदार का मौके पर 2 हजार का चालान किया।

साथ ही मार्केट बरामदे को पुरानी स्थिति में बदला नहीं गया तो उक्त मामले को नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त आयुक्त के ध्यान में लाया जाएगा और दुकान को सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।



कार्रवाई करती निगम की टीम।

## विश्वकर्मा चौक पर पहाड़ी पर लगेगा डंगा

मंडी। विश्वकर्मा चौक पर लगने वाले डंगे के मृदा परीक्षण और डिजाइन के लिए कन्सलटेंट टीम मंडी पहुंची। टीम द्वारा मिट्टी के सैंपल लिए गए हैं। सैंपल की रिपोर्ट एक हफ्ते में आ जाएगी वहीं डिजाइन भी तैयार करके दे दिया जाएगा। जिसके बाद लोकनिर्माण विभाग द्वारा जल्द ही डंगे का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

एक हफ्ते में ही टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से काम शुरू होगा। बता दें कि डंगे के निर्माण के लिए आपदा प्रबंधन बोर्ड द्वारा 60 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। वहीं निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ से अधिक खर्च होना है।

# महेंद्र ठाकुर ने नवाजे मेधावी विद्यार्थी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी/गोहर



पारितोषिक वितरण उत्सव के दौरान मौजूद गणमान्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परवाड़ा, राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला परवाड़ा, राजकीय मिडल स्कूल मझोठ-तलवाड़ा ने सामूहिक रूप से वार्षिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद्र ठाकुर निदेशक सीडी बैंक कॉपरेटिव सोसायटी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता प्रधानाचार्य तुला राम चौहान व विशिष्ट अतिथि स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा हंसा देवी ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देश भर की संस्कृति और सभ्यता का परिचय देते हुए उपस्थित मेहमानों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य तुला राम चौहान ने वार्षिक रिपोर्ट पसाल भर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यातिथि ने बच्चों के कार्यक्रम को सराहना करते हुए स्कूल के विकास के लिए हर संभव मदद करने आश्वासन देते विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल मझोठ तलवाड़ा व प्राथमिक विद्यालय परवाड़ा के विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर टेक चंद पूर्व मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सिराज, धर्मेंद्र ठाकुर सचिव युवा कांग्रेस, मनीराम उप प्रधान परवाड़ा, कर्म सिंह पूर्व उप प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

महेंद्र ठाकुर ने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु अपनी ओर से 10 हजार की राशि दी। स्कूलों के आफिस फर्नीचर के लिए 2 लाख का प्रावधान करने की घोषणा की।

# छात्र नशे और सोशल मीडिया से रहें दूर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



एनुअल स्पोर्ट्स मीट के दौरान सामूहिक चित्र में खिलाड़ी व अन्य।

माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल झलवाण में वीरवार को दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सकीनी कपूर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल प्रबंध निदेशक मनोज ठाकुर, प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर और को-ऑर्डिनेटर प्रियंका ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ परेड निरीक्षण और मशाल जलाकर किया। खेलों के इस महाकुंभ में कबड्डी, वॉलीबॉल, फ्रॉग रेस, लेमन रेस, बैडमिंटन सहित 30 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ जैसे विविध आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, जीवन में खेलों का उतना ही महत्व है, जितना अन्य विषयों का है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया से दूरी बनाने की अपील की। साथ ही, ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए भी निर्देश दिए।

पहले दिन की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में मेडल जीते। पहली कक्षा के लेमन रेस में विवान ने पहला, वेदांश ने दूसरा और वीरान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में प्रियांशी ने पहला, आव्या ने दूसरा और आशिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कंसा खड्ड में अतिक्रमण पर ग्रामीणों का हंगामा

मंडी। डडौर स्थित एक निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा कंसा खड्ड के बीचोंबीच अतिक्रमण कर बनाई जा रही दीवार के विरोध में ग्रामीणों ने खूब हंगामा किया।

ग्रामीणों के उग्र रूप को देखकर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी और पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और जारी कार्य को तुरंत बंद करने के निर्देश प्रशासन से करवाए। पुलिस, खनन विभाग व नगर परिषद की टीमें मौके पर पहुंचीं और कार्य बंद करवाया। बता दें डडौर के पास कंसा खड्ड के साथ ही एक स्कूल संस्था द्वारा लीज पर ली गई भूमि पर स्कूल का निर्माण किया गया है।

# नाली न होने से रोड पर जमा हो रहा पानी

भीम बसेड़ू, महादेव



केंद्र सरकार के अधीन आते फोरलेन के काम में जिस प्रकार सुस्त कार्यप्रणाली सामने आई है वह तो है ही मगर अब गुणवत्ता एवं तकनीक को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है।

बहरहाल गांव नौलखा आसपास के एक बड़े भाग में सर्विस रोड नाली निर्माण बिल्कुल ही नहीं होने से बरसाती पानी इधर-उधर फैलकर मार्ग को खराब कर रहा है और जो कुछ नाली निकली भी है वहां गंदा पानी जमा हालत में बदबू फैलाता रहता है जिससे प्रदूषण फैलता जा रहा है। रही बात सर्विस रोड की तो जहां निकला है वह अवैध कब्जे में व क्षतिग्रस्त हालत में भी देखा जा सकता है। साथ ही एक बड़ा भाग सर्विस रोड बनने की राह ऐसे स्थान में भी देख रहा है जहां पत्थर रोड़े एवं कूड़े-कचरे का साम्राज्य देखा जा सकता है।

बुद्धिजीवी लोगों ने इस दिशा में कार्य कर रहे संबंधित प्राधिकरण को कुंभकर्णी नींद में सोया बताते हुए केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही फोरलेन संबंधी मुकम्मल सहूलियतें उपलब्ध करवाई जाएं।( अनंत ज्ञान)

# डडौर को मिले पंचायत का दर्जा

आदर्श, नेरचौक



विक्रमादित्य को मांग पत्र सौंपते गणमान्य।

हिमाचल किसान यूनियन के बैनर तले डडौर वार्ड के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिला। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी की अगुवाई में लोक निर्माण मंत्री से मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने डडौर वार्ड नंबर 9 को नगर परिषद नेरचौक से बाहर करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने डडौर को पुनः पंचायत का दर्जा दिलाने की मंत्री से गुहार लगाई।

उन्होंने बताया कि गांव वासी अभी भी नगर परिषद का विरोध कर रहे हैं तथा यहां पुनः पंचायत स्थापित करवाना चाहते हैं। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि इस संदर्भ में वह मुख्यमंत्री तथा महामहिम राज्यपाल को भी मांग पत्र सौंप चुके हैं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी ने बताया कि विक्रमादित्य सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को डडौर वार्ड 9 को नगर परिषद से बाहर कर यहां दोबारा पंचायत का गठित करने का आश्वासन दिया है। (अनंत ज्ञान)

## बिजली बंद रहेगी




सरकाघाट। 100 केवी रामनगर वार्ड दो की एलटी लाइन के जरूरी रखरखाव व साथ लगते पेड़ों की टहनियों के कांट छांट के कार्य को करने हेतु इसके अधीन पड़ने वाले क्षेत्रों वार्ड नंबर दो राम नगर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, अग्निशमन कार्यालय पुलिस थाना में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल सरकाघाट के सहायक अभियंता ई. राज सिंह पराशर द्वारा सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेंगे : प्रो. ललित

अनंत ज्ञान, मंडी



कार्यशाला के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद को संवेदनशील बनाने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) मान्यता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अपनी तरह की पहली कार्यशाला थी। कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर ललित अवस्थी ने कहा कि आज हम सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं, जहां विश्वविद्यालय के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों को शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया, अनुसंधान और नवाचार में गुणवत्ता, नई तकनीक विकसित करने में और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय वातावरण बनाने के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय न केवल अपने लिए गुणवत्ता में योगदान देगा बल्कि हम कॉलेजों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और अनुसंधान सुनिश्चित करेंगे। पात्र होने के बाद, विश्वविद्यालय न केवल नैक बल्कि एनआईआरएफ (राष्ट्रीय रैंकिंग) और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए भी आवेदन करेगा।

प्रो.अवस्थी ने कहा कि मान्यता केवल सम्मान का प्रतीक नहीं है, बल्कि मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करने, नवाचार को बढ़ावा देने और छात्रों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यशाला में प्रति कुलपति प्रो. प्रोफेसर अनुपमा सिंह, परीक्षा नियंत्रक इंजिनियर सुनील वर्मा, विश्वविद्यालय के सभी डीन और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

## जयंती

## भाई हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद और दी श्रद्धांजलि

# गदर पार्टी के प्रमुख सदस्य और स्वतंत्रता सेनानी थे भाई हिरदाराम

पुष्पराज, मंडी

छोटी काशी मंडी से भी बहुत से स्वतंत्रता सेनानी रहे जिनमें से भाई हिरदाराम का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वीरवार को इंदिरा मार्केट की छत पर स्थापित भाई हिरदाराम की प्रतिमा के समक्ष एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 139वीं जयंती मनाई गई।



वरिष्ठ साहित्यकार एवं लेखक कृष्ण कुमार नूतन सहित नगर निगम के उपमहापौर माधुरी कपूर और भाई हिरदाराम के प्रपौत्र शमशेर सिंह मिन्हास सहित परिवार के सदस्यों और अन्य गणमान्य लोगों ने भाई हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार नूतन ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी ने कई यातनाएं सही, उन्होंने काफी समय भाई हिरदाराम के साथ गुजारा है और जब वे जेल में थे तो वीर सावरकर की यातनाओं के खिलाफ आवाज उठाई।

उन्होंने कहा कि आज हर भारतवासी बंटता जा रहा है लेकिन आज हमें एक होकर जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर भाई हिरदा राम के पौत्र शमशेर सिंह मिन्हास ने बताया कि वे अपने दादा भाई हिरदाराम के नाम से एक ट्रस्ट का संचालन करना चाहते हैं। यदि सरकार इस ट्रस्ट के लिए जमीन उपलब्ध करवाती है तो लोगों के सहयोग से इसका संचालन किया जाएगा और इसके माध्यम से लोगों की मदद और सेवा की जाएगी। शमशेर सिंह ने कहा भाई हिरदाराम की जयंती व पुण्यतिथि के कार्यक्रम को सरकारी कार्यक्रम घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भाई हिरदा राम और स्वामी कृष्णा नंद जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाएं है लेकिन प्रशासन इनकी देखभाल सही से नहीं कर रहा है।(अनंत ज्ञान)

### कौन थे भाई हिरदाराम

भाई हिरदाराम महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी थे। उनका जन्म 28 नवंबर 1885 को मंडी में हुआ। भाई हिरदाराम गदर पार्टी के प्रमुख सदस्य थे और उन्हें लाहौर बम कांड में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी की सजा दी गई थी जिसे आजीवन कारावास में बदल दिया गया। भाई हिरदा राम को अंडमान निकोबार की जेल में काले पानी की सजा दी गई जहां उन्हें कई प्रकार की यातनाएं सहन करनी पड़ी। 1929 को रिहा किया गया लेकिन इन्हें घर नहीं जाने दिया गया था। आजादी के बाद वे घर वापस आ सके थे। 21 अगस्त 1965 को उनका देहांत हो गया।

## वन परिक्षेत्र के 36 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापित

जोगिंद्रनगर। वनमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत वीरवार को दूसरे दिन वन परिक्षेत्र जोगिंद्रनगर के 36 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापित किए गए। दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया उपमंडल अधिकारी कार्यालय जोगिंदर नगर में शुरू हुई। वन परिक्षेत्र जोगिंदर नगर में आठ और उरला में दो बीट हैं। कमेटी के चेयरमैन और एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि बुधवार को शुरू हुई यह प्रक्रिया शुक्रवार को सम्पन्न होगी। पहले दिन वन परिक्षेत्र उरला के छह अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के साथ समाप्त होगी। पहले दिन वन परिक्षेत्र लडभड़ोल के 27 में से 23 अभ्यर्थियों और दूसरे दिन जोगिंद्रनगर के 36 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापित किए गए।

# मुफ्त वर्दी के नाम पर सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ भेदभाव : केएस जम्वाल

अनंत ज्ञान, मंडी



हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे पहली से 8वीं श्रेणी के सामान्य वर्ग के बच्चों को मुफ्त वर्दी से वंचित रखना रखना निंदनीय है। यह बात सामान्य वर्ग संयुक्त मंच के प्रदेशाध्यक्ष एवं राजपूत महासभा हिमाचल के प्रदेश महासचिव केएस जम्वाल ने कही।

जम्वाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ सरकार मुफ्त वर्दी के नाम पर भेदभाव कर रही है। केएस जम्वाल ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ यह भेदभाव बंद नहीं किया तो गांव व शहरों के वंचित बच्चों के परिवार सड़कों पर उतरकर प्रदेशव्यापी संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगे। हिमाचल प्रदेश में पहले प्रथम श्रेणी से 12वीं तक के सभी बच्चों को निःशुल्क वर्दी सिलाई के लिए 200 रुपए के साथ मिलती थी, मगर वर्तमान सरकार ने इसे बंद करके इसकी एवज में केवल 8वीं तक के बच्चों को 600 रुपए देने का निर्णय लिया था प्रदेश सरकार ने इसे केवल एससी, एसटी और ओबीसी, तक ही सीमित करके सामान्य वर्ग के बच्चों को इससे बाहर कर दिया है। सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ भेदभाव करना कतई तर्कसंगत नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### 127 लड़कियों को स्वेटर वितरित किए



**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यापिका सोना (टीजीटी हिंदी) ने छठी से लेकर बाहरवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण कर रही 127 लड़कियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर सोना ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर हर वर्ग के स्कूल पढ़ने वाले बच्चों की हमेशा सहायता की है तथा भविष्य में भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आम लोगों को भी ऐसे कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि हर बच्चा शिक्षित होकर आगे बढ़ सके। स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट ने कहा कि अध्यापिका सोना ने बच्चो को साफ पानी पीने के लिए एक वाटर कूलर भी लगाया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य बिहारी लाल, एसएमसी प्रधान डॉ. पवन कुमार, गुरबक्श, अनूप कुमार, राकेश कुमार, शक्ति देवी, बजिन्द्र सिंह, इंद्र सिंह, अरुण कुमार, रेनू, किरण ने इस पुनीत कार्य के लिए सोना का आभार जताया।

### स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में पौधों की निराई की



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा मे चल रहे सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर के छठे दिन वीरवार को स्वयंसेवियों द्वारा स्कूल परिसर मे लगे हुए पौधों की निराई की तथा खरपतवार को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया और खेल मैदान के आसपास सफाई कर कचरा एकत्रित किया। शाम के स्तर में ब्रह्माकुमारी आश्रम अंब की संचालक रितु ने एनएसएस स्वयंसेवियों व सभी छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि नशे की लत से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। नशे से लीवर खराब होने, हृदय संबंधी रोग, सांस संबंधी समस्याएं और शरीर में तंत्रिका तंत्र को हानि जैसे कई रोग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ध्यान एक अभ्यास है, जिसमें मानसिक और शारीरिक तकनीकों के संयोजन का उपयोग करके अपने मन को केंद्रित या साफ किया जाता है। आप जिस तरह का ध्यान चुनते हैं, उसके आधार पर आप आराम करके आप चिंता और तनाव को कम करने और बहुत कुछ करने के लिए ध्यान कर सकते हैं। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, एनएसएस प्रभारी यशविंद्र मिन्हास, महिला प्रभारी पूनम कुमारी, अजय शर्मा, राजीव ठाकुर, अविंद्र, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### भदसाली में एनएसएस शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भदसाली में एनएसएस का सात दिवसीय आवासीय शिविर का समापन हो गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान विजय लक्ष्मी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्रवक्ता अंग्रेजी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों प्रभारी के सहयोग से भिन्न-भिन्न मंदिरों की साफ सफाई भी की गई। स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष ने बच्चों को बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और बुरी शक्ति वाले बच्चे में फर्क दिखना चाहिए। शिक्षा केवल किताबें पढ़ लेना ही नहीं है, अपितु आपके जीवन की हर बात या हर काम से शिक्षा की झलक नजर आनी चाहिए। आदमी हर कदम पर सीखता है और सीखने से ही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अच्छी संगत रखते हैं और अपने काम से काम रखते हैं, वही जीवन में बुलंदियों को छूते हैं। समापन समारोह पर प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने कहा कि यदि आप संघर्ष करोगे, मेहनत करोगे तो उसका फल देने के लिए भगवान भी मजबूर हो जाएगा। जितना अच्छा काम करोगे, आने वाला समय उतना ही उज्ज्वल होगा और भविष्य सुखी और आनंद से व्यतीत होगा। यदि इस समय में आप आराम और ऐश करते हैं तो समझो कि आने वाला समय दुखों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि संघर्ष और मेहनत का रास्ता अपनाओगे तो हर जुबा पर एक दिन तेरा नाम होगा। हर कदम पर तुझे दुनिया का सलाम होगा। इस आयु में संघर्ष कर लो डटकर, फिर देखना वक्त भी तेरा गुलाम होगा।

### दो दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन कल से

**हरोली।** लखदाता दंगल कमेटी धर्मपुर की ओर से दो दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल 30 नवंबर को शुरू होगा तथा रविवार को माली का आयोजन होगा। विशाल दंगल में प्रदेश-देश के पहलवान भाग ले रहे हैं। आयोजन कमेटी के सदस्य राजीव शर्मा ने सभी से दंगल में पहुंचने की अपील की है।

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**विनोद शर्मा, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में 29 नवंबर को स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विवेक शर्मा एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार धीमान ने बताया कि विधायक विवेक शर्मा एवं अन्य अतिथि 11 बजे स्कूल में विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात शिक्षा एवं खेल की गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अपने कर कमलों के द्वारा सम्मानित करने के उपरांत अपना संदेश भी देंगे।

## वन माफिया पर चला खुफिया विभाग का चाबुक

# गगरेट और अंब उपमंडल में अवैध लकड़ी ले जा रहे पंद्रह वाहन पकड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

खुफिया विभाग के सुराग पर हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गगरेट क्षेत्र में वन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश में वन माफिया किस कदर दनदना रहा है, इसका ताजा उदाहरण जिला के गगरेट व अंब उपमंडल में मिला, जहां सीआईडी पुलिस और वन विभाग की टीमों ने अलग-अलग जगह पर नाकेबंदी करते हुए कुछ ही समय में 15 गाड़ियों को लकड़ी समेत पकड़ने में सफलता हासिल की है।

हैरानी की बात है हिमाचल के जंगलों को सफाचट करने वाले कितने गिरोह सक्रिय हैं। हिमाचल के वन लगातार खत्म होते जा रहे हैं और वन महकमा सुरक्षा के दावे ठोंक रहा है। एक साथ पंद्रह गाड़ियां लकड़ी की पकड़ा जाना बहुत विभागों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली को संदेह के दायरे में ला रहा है। हालांकि राहत यह है कि सूचना लीक हुए पुलिस ने वन माफिया की गैंग को काबू करने में सफलता पाई है। इसमें माफिया की इन गाड़ियों के सुरक्षित पंजाब पहुंचने के लिए रेकी कर रहे कुछ वाहन चालकों को भी पुलिस ने दबोचने में सफलता हासिल की।



लकड़ी से भरे वाहन जब्त किए गए ।

लकड़ी कहां से लाई गई और कहां ले जाई जा रही थी, इसको लेकर तफ्तीश शुरू कर दी गई है। पहली बार ऐसा मामला सामने आया कि तस्करी को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से कुछ लोग सड़क पर रेकी करते पकड़े गए। इनमें से 8 वाहन सीआईडी द्वारा पकड़े गए हैं, जबकि वन विभाग और पुलिस ने भी अलग-अलग जगह पर नाकाबंदी करते हुए 7 वाहनों को पकड़ने में सफलता अर्जित की है।

सीआईडी, पुलिस और वन विभाग की टीमों ने एक ही रात में लकड़ी की तस्करी करने के बड़े प्रयास को असफल करते हुए 15 वाहनों को लकड़ी समेत काबू किया है। इनमें से आठ गाड़ियां सीआईडी की टीम द्वारा पकड़ी गई है, जबकि सात वाहनों को पुलिस और वन विभाग की टीमों ने अलग-अलग जगह पर नाकाबंदी करते हुए पकड़ा।

लकड़ी कहां से लाई गई और कहां लेकर जाई जा रही थी, छानबीन जारी है। सीआईडी द्वारा गगरेट उपमंडल में कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जबकि पुलिस और वन विभाग की टीमों ने अंब और चिंतपूर्णी में नाकेबंदी करते हुए 15 वाहन पकड़े। जिला वन अधिकारी सुशील राणा का कहना है कि मामले को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। लकड़ी तस्करी करने वाले लोग कहां से लकड़ी को लेकर आए और कहां लेकर जा रहे थे, इसकी जांच और कार्रवाई की जा रही है।

## डिप्टी डायरेक्टर और प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची जल्द जारी की जाए

▶ लेक्चरर संघ ने प्रदेश सरकार से की मांग

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (एचपीएसएलए) के प्रदेश प्रधान लोकेंद्र नेगी, प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा, पूर्व राज्य प्रधान डॉ. अश्वनी कुमार ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रिंसिपल और उपनिदेशक के रूप में एक वर्ष से कम की सेवा वाले शिक्षकों को भी पदोन्नति दी जाए।

एसोसिएशन के प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि खासकर उन शिक्षकों के लिए जो कई वर्षों से अपनी पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उनको भी अवसर मिला चाहिए। एचपीएसएलए के सदस्यों का तर्क है कि काफी समय से प्रमोशन न होने के कारण या अन्य किसी कारण काफी वरिष्ठ कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर नहीं मिल पाया है। वर्तमान में कई लेक्चरर कार्यवाहक प्रिंसिपल के रूप में कार्य कर रहे हैं और कई प्रिंसिपल कार्यवाहक डिप्टी डायरेक्टर के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। कई कर्मचारी वर्ग की रिटायरमेंट के लिए भी अब कुछ समय ही रह गया है। लेक्चरर संघ ने कहा कि प्रभावित शिक्षकों में से कई ने अपनी विशिष्ट समर्पण, नेतृत्व और अकादमिक प्रदर्शन के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल की है। एचपीएसएलए प्रवक्ता ने कहा कि इन शिक्षकों में से कई ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वर्षों से काम किया है। स्कूल विकास और छात्र सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इतनी समर्पण के बाद उन्हें शीघ्रता से पदोन्नति मिलनी चाहिए।

एचपीएसएलए ने सरकार से सभी योग्य उम्मीदवारों को पदोन्नति के समान अवसर प्रदान करने का आग्रह किया है, चाहे उनका कार्यकाल कुछ भी हो। हालांकि, एचपीएसएलए ने चार उपनिदेशकों को संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत करने पर सरकार का आभार व्यक्त किया।

लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि स्कूल प्रिंसिपलों की प्रमोशन सूची और डिप्टी डायरेक्टर की प्रमोशन सूची शीघ्र जारी की जाए ।

## राशन वितरण समारोह में जरूरतमंदों को दिया जाएगा तीन माह का राशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद द्वारा 30 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे सुविधा पैलेस होटल में अमोदनी राशन वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में जिला ऊना की 56 पात्र चयनित विधवाओं को तीन माह का राशन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अक्तूबर, नवंबर व दिसंबर माह के लिए 2250 रुपए प्रत्येक के हिसाब से 1.26 लाख रुपए का राशन प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कार्यक्रम में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान से विभिन्न ट्रेडस में व्यवसायिक कोर्स उत्तीर्ण करने वाली 34 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान की फैशन डिजाइनिंग हॉबी कोर्स की 18 छात्राओं, ब्यूटी कल्चर ट्रेन की 11 छात्राओं व कटिंग टेलरिंग की 5 छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

**इन छात्राओं को मिलेंगे प्रमाण पत्र :** हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान की फैशन डिजाइनिंग ट्रेड की छात्रा संगीता देवी, सुमन देवी, नेहा, शालू देवी, अनिता कुमारी, मनप्रीत कौर, निशा, मीना, नीता कुमारी, चाहत, सोनाली, प्रिया, परीक्षा, अंजली, गगनदीप कौर, दीक्षा, शिवानी व दिव्या शर्मा, ब्यूटी कल्चर ट्रेड की छात्रा शायना शर्मा, शालिनी, लवलीन, भारती, नेहा, मनप्रीत कौर, अंजली, नेहा, हिमानी, दीक्षा, पायल तथा कटिंग टेलरिंग ट्रेड की छात्रा स्मृति, सुहानी, कोमल चौधरी, सिमरन शर्मा व खुशी सैनी को सफलता पूवर्क प्रशिक्षण प्राप्त करने पर हिमोत्कर्ष प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## उपमुख्यमंत्री ऊना जिले के प्रवास पर कल से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 30 नवंबर और 1 दिसम्बर को ऊना जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 29 नवंबर को न्यू दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री 30 नवंबर को प्रातः 11 बजे ऊना जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उसके उपरांत मुकेश अग्निहोत्री ऊना में जल शक्ति विभाग, को-ऑपरेशन, भाषा एवं संस्कृति विभाग, एचआरटीसी और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उपमुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा। उप मुख्यमंत्री 1 दिसंबर को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल (राम लीला मैदान) ऊना में आयोजित होने वाले ईट राइट मेला में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री सायं 3 बजे शिमला के लिए रवाना होंगे।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय वार्ड नंबर एक की राधे राधे कीर्तन मंडली के सौजन्य से अंब रोड यस बैंक ऊना के समीप चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन वृंदावन धाम से पधारे व्यास आचार्य मोहन श्याम जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा माता के साथ बाल्यपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माक्खन चोरी, गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंग का कथा के दौरान वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि यमुना नदी में रहने वाले कालिया नाग का अत्यधिक विष यमुना में हो जाने के कारण कोई पशु-पक्षी यदि नदी के ऊपर से निकलता था तो



श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

उसकी मृत्यु हो जाया करती थी जिस कारण भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गेंद का बहाना कर कालिया नाग को मारने के लिए यमुना में कूद गए।

कूदने के बाद कालिया नाग का वध कर यमुना नदी को विष से मुक्त किया, तत्पश्चात श्रीकृष्ण को कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्रीकृष्ण बड़े भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास जी द्वारा बीच-बीच मे सुनाए गए भजनों से श्रोतागण भाव-विभोर हुए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलियुग में हरिनाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है, इसके लिए कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर शशि राणा, सुनीता, मीनाक्षी, मीना ठाकुर, सविता, मधु, कमलेश, राजीव बाली, सुग्रीव राणा, पाल जमवाल, दविंदर सैनी और राजेश कुमार आदि शामिल थे।

## अभिभावक बच्चों को मोबाइल से रखें दूर : मृदु

**अनंत ज्ञान, बंगाणा 2**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी एवं लोअर बसाल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य, कुटलैहड़ की वरिष्ठ समाजसेवी एवं कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा की पत्नी मृदु शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके मेधावी छात्र-छात्राओं को इनाम बांट कर सम्मानित किया।

स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि मृदु शर्मा का स्कूल स्टाफ एवं प्रबंधन समिति ने भव्य स्वागत किया। वहीं, मुख्यातिथि ने ज्योति प्रज्वलित कर और छात्राओं ने सरस्वती गीत गाकर कार्यक्रम का आगाज किया। स्कूल स्टाफ द्वारा मंच से मुख्यातिथि को सम्मानित किया। वहीं, स्कूली छात्रों ने भांगड़ा, पहाड़ी नृत्य, एकल गान एवं छात्राओं ने नाटी डालकर पंडाल से खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान मुख्यातिथि



पीएम स्कूल धमांदरी और लोअर बसाल में रही वार्षिक कार्यक्रम की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने मचाया धमाल।

ने कहा कि वर्तमान समय में अभिभावक जिस प्रकार अपने बच्चों को नशे से दूर रखने का प्रयास करते हैं, अब उसी प्रकार बच्चों को फोन से भी दूरी बनाकर रखें।

मृदु शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए छात्र, गुरु और अभिभावक यानी तीन पहियों के सहयोग से शिक्षा का मॉडल हम कुटलैहड़ को बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकारी स्कूलों को और ज्यादा सुदृढ़ करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम और स्मार्ट क्लास रूम शुरू करवाए हैं ताकि निजी और सरकारी स्कूलों में कोई भेद भाव न रहे। बीते दो वर्षों से सरकारी तंत्र के शिक्षा क्षेत्र में बच्चे टॉपर बनकर नाम रोशन कर रहे हैं, इसलिए अभिभावकों और स्कूल स्टाफ से आग्रह है कि सरकारी स्कूलों की तरफ रुख करके अपने बच्चों को दाखिल करवाएं।

वहीं, मुख्यातिथि ने दोनों स्कूलों की मांगों को विधायक विवेक शर्मा तक पहुंचाकर उन्हें पूरा करवाने का आश्वासन दिया। दोनों स्कूलों के संस्कृत कार्यक्रम के लिए 5100-5100 और प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए 2100-2100 सौ रुपए देने की घोषणा की।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, राज्य कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, राज्य कांग्रेस सचिव देसराज गौतम, शोभित गौतम, वीरेंद्र सिंह, नरेश कुमार एवं स्कूल स्टाफ प्रशासनिक अधिकारी एवं कुटलैहड़ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं अभिभावक मौजूद रहे।




**मंथन** | जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक जिप अध्यक्ष नीलम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न

# सदस्यों ने कार्यालय अध्यक्षों के समक्ष रखीं समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक वीरवार को जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने-अपने जिला परिषद क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं संबंधित कार्यालय अध्यक्षों के समक्ष रखीं।



जिला परिषद ऊना की त्रैमासिक बैठक में मौजूद गणमान्य।

बैठक में 1 जुलाई से 31 अक्तूबर तक किए गए कार्यों के आय व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्तायोग के तहत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और मनरेगा की अनुपूरक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिप सदस्य गगरेट सुशील कालिया ने लोगों द्वारा पुराने घरों को तोड़कर निकलने वाले अपशिष्ट कंक्रीट को खड्डों व नालों में फेंके जाने पर नदी-नालों के वहाब में आने वाली रुकावट का मुद्दा उठाया। इस पर कार्यकारी अधिकारी ने प्रशासन के पास लिखित में शिकायत सौंपने के निर्देश दिए ताकि ऐसे करने वाले लोगों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकारण अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा सके। इसके अतिरिक्त सदस्य सुशील कालिया द्वारा गांवों में सहकारी सभाओं में खाद के साथ-साथ बीज की भी आपूर्ति की जाए ताकि कर्मचारियों की कमी की समस्या न बने। एडीसी ने मुबारिकपुर से कलरूही तक के शेष बचे एक किलोमीटर के रास्ते पर माता श्री चिंतपूर्णी ट्रस्ट के माध्यम से सोलर लाइटस स्थापित करने के निर्देश दिए।

जिप सदस्य कमल सैणी ने कहा कि टाहलीवाल-बाथू-बाथड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ऑवरलोड गाड़ियों और बढ़ती ट्रैफिक के चलते स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कार्यकारी अधिकारी महेंद्र पाल गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों को बड़ी गाड़ियों की समयसारिणी तय करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों, औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कमल सैणी द्वारा रिवरबैड पर स्थापित क्रशरों द्वारा मानदंडों के अनुरूप खुदाई न करने के लिए खनन विभाग से कार्रवाई करने की मांग भी की। उन्होंने हरोली में पंजाब के लोगों को नशा मुक्ति केंद्र खोलने की स्वीकृति न देने तथा संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित तौर पर जांच करने की मांग की। इस पर एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को जिला में संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्रों का हर छह माह में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर दूरसंचार कंपनी द्वारा केवल बिछाने के लिए की गई खुदाई के दौरान सड़कों को पहुंची क्षति को ठीक न करने का मामला उठाया।

इसके अलावा अपने जिला परिषद् क्षेत्र के अधीन बंगाणा में अग्निशमन केन्द्र में एक छोटा वाहन उपलब्ध करवाने, थानाकलां पटवार सर्किल को राजस्व तहसील बंगाणा के अधीन करने और थानाकलां में भूमि के मूल्यांकन के कम करने के साथ-साथ डीहर चौक व खड़ोह में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित बनाने की मांग की।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं एडीसी महेंद्र पॉल गुर्जर, डीएफओ सुशील राणा, एएसपी संजीव भाटिया, सीएमओ डॉ संजीव वर्मा सहित विभिन्न कार्यालयों से कार्यालयाध्यक्षों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिले के विभिन्न जिप सदस्यों ने भी भाग लिया।

## दी चमयाड़ी कृषि सहकारी सभा के लिए सचिव पद के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत दी चमयाड़ी कृषि सहकारी सभा सीमित की प्रबंधक कमेटी प सदस्यों सहित प्रधान पवन कु मार द्वारा बताया गया कि जगदीप कुमार सभा में सचिव पद पर कार्य कर रहा है। सहकारी नियम/उपनियम अधिसूचित नियमों के अनुसार सचिव जगदीप कुमार 31 नवंबर, 2024 को 62 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी सेवानिवृत्त करना जरूरी है। इसलिए प्रबंधक कमेटी नई नियुक्ति के लिए सभा कार्य क्षेत्र से सचिव पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए आवेदक सभा सदस्य होना चाहिए व सभा कार्यक्षेत्र का प्रार्थी होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।

नियुक्ति 56/3 नियम /उपनियम के तहत एक वर्ष के लिए तदर्भ आधार पर की जाएगी। वेतन 8000 रुपए पर नियुक्ति की जाएगी। आवेदक नियुक्ति के एक मास के भीतर 20000 नकद कैश व एक लाख की संपत्ति की जमानत सभा के हक में देनी होगी। विभाग द्वारा अन्य आपेक्षित योग्यताएं भी पूर्ण करनी होगी। प्रबंधक सभा द्वारा सर्वसम्मति से पास करती है कि आवेदनकर्ता 5 दिसंबर तक आवेदन सभा कार्यालय चमयाड़ी में समय शाम 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं।



# बाइक व मोटर की रफ्तार का रोमांच शुरू

## कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप का विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ




कुल्लू के खेल मैदान में फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते विधायक सुंदर सिंह ठाकुर (दाएं) प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए लोग।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित खेल मैदान में बाइक और मोटर की रफ्तार का रोमांच शुरू हो गया है।

हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स की ओर से कुल्लू में पहली बार आयोजित किए जा रहे कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड का वीरवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। तीन दिवसीय इस इवेंट में देशभर के रफ्तार के शौकीन 130 के करीब युवक व युवतियां (राइडर) भाग ले रहे हैं, जिनमें वूमेन कैटेगरी में कुल आठ राइडर हैं और उनमें पलक ठाकुर, जो कि एकमात्र बाइक कैटेगरी में भाग ले रही हैं, जबकि अन्य सात महिलाएं मोटर राइड में भाग ले रही हैं। इस मौके पर सबसे पहले हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष सुरेश राणा ने मुख्यातिथि को ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप के शुभारंभ से पूर्व टेस्ट राइड करवाया। इस मौके पर मुख्यातिथि पहुंचे कुल्लू के विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा पर्व के बाद कुल्लू में ऐसा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो अपने आप में अनूठा प्रयास आयोजकों द्वारा किया गया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भविष्य में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड राष्ट्रीय स्तर का मोटर स्पोर्ट्स ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक प्लेटफॉर्म मिल रहा है।

इस ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप के माध्यम से युवाओं को सेफ्टी को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटर स्पोर्ट्स में इस इवेंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का इवेंट बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप में महिलाएं भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, जिससे महिलाओं को भी ऑटो क्रॉस मोटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में आगे बढ़ने के लिए मौका मिल रहा है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। वहीं, हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष एवं रेड हिमालयन के 11 बाद विजेता रहे सुरेश राणा ने कहा कि कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड चैंपियनशिप में देशभर से 130 से अधिक राइडर भाग ले रहे हैं। प्रदेश में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में हर कोई हिस्सा ले सकता है, लेकिन उसकी आयु 18 साल होनी चाहिए। उसके पास लाइसेंस होना चाहिए, एक लाइसेंस एसोसिएशन भी देगी। इस इवेंट को अच्छा बनाने के लिए 25 कैटेगरी में फोर व्हीलर और टू व्हीलर रेस में हर कैटेगरी में पुरस्कार रखे गए हैं। 30 को इस इवेंट का समापन होगा और इस चैंपियनशिप में विजेताओं को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी भेंट की जाएगी। इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### लोगों का लगा रहा जमावड़ा

**कुल्लू** में पहली बार आयोजित हो रहे कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस चैंपियनशिप को देखने के लिए ढालपुर स्थित खेल मैदान में लोगों का सुबह से लेकर शाम तक खूब जमावड़ा लगा रहा। तीन दिनों तक यह बाइक व मोटर राइड लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी।

# नप मनाली को आज मिलेगा नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

## कांग्रेस से नवीन तनवर, तो भाजपा से मनोज कुमार हैं अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार

**एम बोकटापा, मनाली**

नगर परिषद मनाली को आखिर आज करीब तीन माह बाद अपने नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिलने जा रहे हैं। सुबह 11 बजे नगर परिषद के सभागार में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद का चुनाव होगा। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन बहुमत के आधार पर होगा।

नप मनाली में सात पार्षद हैं, लेकिन विधायक मतदान में भाग लेते हैं तो जीतने वाले को पांच मत चाहिए। बराबर मत पड़ने की सूरत में टोस भी हो सकता है। कांग्रेस से नवीन तनवर, तो भाजपा से मनोज कुमार अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं। नगर परिषद के अध्यक्ष पर भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक चमन कपूर काबिज थे। भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष मनोज लारजे, पार्षद चंद्रा पदान, कल्पना ठाकुर और कांग्रेस समर्थित सुनीता शर्मा ने चमन कपूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। 25 को बुलाई बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से अध्यक्ष की कुर्सी खाली चल रही है। अक्तूबर में मनोज द्वारा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यह कुर्सी भी खाली चल रही है। 26 अक्तूबर को कानूनी दाव पेच के चलते अध्यक्ष पद का चुनाव टल गया। उस दिन अध्यक्ष पद के लिए मनोज लार्जे, ललिता व नवीन तनवर ने नामांकन पत्र भरा। दूसरी तरफ चमन कपूर व नवीन तनवर ने मनोज लार्जे के खिलाफ शिकायत पत्र चुनाव अधिकारी को दिया, जिसमें आरोप लगाया कि मनोज वर्तमान में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात होते हुए अध्यक्ष पद का चुनाव कैसे लड़ सकते हैं। इस शिकायत को आधार मानते हुए चुनाव अधिकारी ने चुनाव रद्द कर आगामी कार्रवाई के लिए शिमला प्रेषित कर दिया था। अब चुनाव अधिकारी को सरकार की ओर से अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष के चुनाव करवाने की अनुमति मिल गई है। मनाली तहसीलदार अनिल राणा ने बताया कि शुक्रवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव करवाया जाएंगे। लिहाजा, नगर परिषद मनाली में लगभग ढाई महीने से चल रही सियासी उठापटक के खेल को आज विराम लगने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




### मनाली में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर

अध्यक्ष पद पर चुनाव तिथि तय होते ही मनाली में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है और सभी की निगाहें आज होने वाले अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव पर अटकी हुई हैं। इस समय भाजपा के पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर की प्रतिष्ठा दांव पर है। चार साल पूर्व मनाली नप में भाजपा के पांच पार्षद चुन कर आए थे और चमन कपूर अध्यक्ष बने थे, लेकिन चार साल बाद भाजपा के ही मनोज कुमार लार्जे, चंद्रा प्रधान और कल्पना ठाकुर ने बगावत करते हुए चमन कपूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा खेमे में खलबली मचा दी। पार्षदों की आपसी गुटबाजी को पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी दूर नहीं कर पाए, जिस कारण मनाली में भाजपा बेकफूट पर नजर आ रही है। फिलहाल मनाली नप अध्यक्ष पद की चाबी कांग्रेस समर्थित पार्षद सुनीता शर्मा के हाथ में है। भाजपा के मनोज कुमार लार्जे फिलहाल सुनीता शर्मा को अपने खेमे में होने का दावा कर रहे हैं। उनकी रणनीति सफल होती है, तो मनोज का अध्यक्ष बनना तय है, लेकिन मनाली विधानसभा के विधायक सक्रिय नजर आ रहे हैं, उससे मनोज का अध्यक्ष बनना इतना आसान भी नहीं होगा। अब विधायक की सक्रियता क्या गुल खिलाएगी यह देखना दिलचस्प रहेगा।

> **राजनीति** के तहत मनाली के अध्यक्ष पद के चुनाव को तीन माह तक लटकाया गया था, जिससे मनाली के विकास में ग्रहण लगा हुआ था। आज होने वाले चुनाव में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। गत 25 सितंबर को उनके अध्यक्ष बनना तय था, लेकिन जान-बूझकर चुनाव में अड़चन डाली गई और जिससे चुनाव नहीं हो पाए।
>
> **मनोज लार्जे, पूर्व उपाध्यक्ष नप मनाली।**

> मनाली के लोग मुझे अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन मेरे साथ राजनीति हुई है। नप के पार्षद एवं उपाध्यक्ष ने साजिश के तहत मुझे कुर्सी से हटाया है। मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं और मेरे लिए पार्टी सर्वोपरि है। हाई कमान जो निर्णय लेगा उसका पालन किया जाएगा।
>
> **चमन कपूर, पूर्व अध्यक्ष नप मनाली।**

# लाहौल-स्पीति में प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से देश में प्रकृति परीक्षण अभियान चलाया गया है। जिला लाहौल-स्पिति में भी इस अभियान के तहत जनता को स्वास्थ्य लाभ दिए जाएंगे। यह जानकारी डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आम जनता आसपास के आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपने आप को पंजीकृत करेंगें और मोबाइल ऐप (प्रकृति परीक्षण ऐप) के माध्यम से ही उन्हें अपने शरीर की प्रकृति के बारे में पता लगेगा। आम जनता को इस ऐप से जोड़ा जाएगा व क्यूआर कोड के माध्यम से आम लोगों की जानकारी भरी जाएगी फिर उन्हें अपने शरीर और स्वास्थ्य से जुड़े कुछ आसान सवालों का जवाब देना होगा, जिसके बाद यह जाना जाएगा कि व्यक्ति वात, पित्त, कफ में से कौन सी प्रकृति में आता है फिर इन लोगों को उनकी शरीर प्रकृति के अनुसार ही खान-पान और बाकी इलाज बताए जाएंगे। जिले में प्रथम चरण में 500 लोगों को चिन्हित किया जाएगा। डीसी ने जनता से आग्रह किया कि इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बनीता शर्मा ने इस अभियान के तहत सबसे पहले डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार का प्रकृति परीक्षण किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के विभिन्न डॉक्टर और सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिंयाबेहड़ व आसपास के क्षेत्रों में आज बिजली रहेगी बंद




**कुल्लू।** कुल्लू के मिंयाबेहड़ व आसपास के क्षेत्रों में आज यानी 29 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल कुल्लू ने बताया 11/0.415 वोल्ट 100 केवी सब-स्टेशन आईटीआई ढालपुर व 100 केवी-ए सब-स्टेशन मिंयाबेहड़ कुल्लू की एलटी लाइनों की मरम्मत व ट्रांस्फॉर्मर के आवश्यक रख-रखाव कार्य के लिए 29 को प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक बालाबेहड़, जीएम इंडस्ट्री नियर आईटीआई ऑफिस, मियां बेहड़ व नजदीक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# रोजगार मेले में 120 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार

## कुल्लू कॉलेज के बीसीए के 10 स्टूडेंट्स आईटी सेक्टर की कंपनियों में करेंगे इंटर्नशिप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में वीरवार को आयोजित रोजगार मेले में 120 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। बीसीए के 10 छात्रों का आईटी सेक्टर की कंपनी में इंटर्नशिपके लिए सेलेक्शन हुआ है।

रोजगार मेले का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने किया। बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि मानव जीवन में साक्षात्कार का विशेष महत्व है। साक्षात्कार से डरना नहीं, बल्कि सीखना चाहिए। साक्षात्कार के बाद शुरूआत में भले ही छोटी सेलरी मिलती है, लेकिन बड़ा पैकेज इंतजार करता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि छोटी सेलरी से शुरूआत करने वाले ही अनुभव के साथ बड़ा पैकेज पाते हैं। उन्होंने रोजगार मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कैरियर काउंसलिंग एवं परामर्श सेल के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में लगभग दो दर्जन प्रतिष्ठित कंपनियों के नियोक्ता एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिन्होंने 120 छात्रों का साक्षात्कार लिया। बीसीए अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 10 छात्रों का आईटी सेक्टर की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए सेलेक्शन हुआ है।

छह माह के इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद सभी को अच्छे पैकेज पर जॉब मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग, फाइनांस और रिटेल के क्षेत्र में 6 पास आउट छात्रों को भी जॉब का ऑफर मिला है।




कुल्लू कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में युवा-युवतियां व अन्य गणमान्य लोग (दाएं) साक्षात्कार लेते कंपनियों के नियोक्ता।

# करियाना की दुकान से 46 पेटी बियर और 13 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



**कुल्लू।** पुलिस थाना मणिकर्ण की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कालगा में एक करियाना की दुकान की तलाशी के दौरान 46 पेटियां बियर (552 बोतलें) व 13 पेटियां अंग्रेजी शराब (156 बोतलें) बरामद की गई हैं। इस संदर्भ में चमन लाल निवासी गांव बरशैणी जिला कुल्लू के खिलाफ थाना मणिकर्ण में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की पूछताछ जारी है।

## उदयपुर आईटीआई में केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं पर कार्यक्रम आयोजित

# रैली से लोगों को स्वच्छता बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर उदयपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार हमीरपुर द्वारा 2 दिवसीय एकीकृत संचार एवं आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम दिन जनजातीय क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में स्वच्छता पर जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस रैली को प्रेमलता ग्रुप इंस्ट्रक्टर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली आईटीआई के प्रांगण से शुरू होकर उदयपुर बाजार से होते हुए वापस आईटीआई के प्रांगण में समाप्त हुई। आईटीआई के छात्रों ने नारों के माध्यम से स्वच्छता अपनाओ बीमारियां भगाओ, स्वच्छ भारत सुंदर भारत आदि नारों से स्थानीय लोगों को जागरूक किया। इसी दौरान उपरोक्त विषय पर स्टूडेंट्स में चित्रकला प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला में कुशल प्रथम, अजय द्वितीय व अरुण तृतीय स्थान पर तथा नारा लेखन प्रतियोगिता में शुभम प्रथम, मनोज द्वितीय व साहिल तृतीय रहे।




उदयपुर आईटीआई में आयोजित जागरूकता रैली में भाग लेते विद्यार्थी।

# बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र शास्त्रीनगर में युवाओं को दिया जाएगा निशुल्क प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रभारी केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि शास्त्रीनगर कुल्लू में इस बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र का पिछले 25 वर्षों से संचालन किया जा रहा है, जिसमें कुल्लू के पहाड़ी ग्रामीण नौजवानों एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालंबन, सशक्तिकरण, स्वरोजगार के लिए निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है।

इस निशुल्क हैंडलूम प्रशिक्षण केंद्र पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न हस्त निर्मित उन्नी वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टाल्स, मफलर, वरी, जेंट्स चद्दर, कारपेट, बॉर्डर, बैग्स और सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने के लिए 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिसमें जरूरतमंद ग्रामीण/पहाड़ी क्षेत्र महिला उम्मीदवारों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्यदिवसों पर प्रक्षिक्षणार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन 125 रुपए की दर से वजीफा राशि भी प्रोत्साहन के लिए संबंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर द्वारा सीधे ट्रांसफर किया जाता है। इस प्रशिक्षण के लिए प्रक्षिक्षणार्थियों कि आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा पर्याप्त साक्षर (पढ़ा लिखा) होना चाहिए।

# रवि ठाकुर के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति विकास मंच के पदाधिकारियों की भाजपा में घर वापसी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

लाहौल भाजपा के लिए पूरी तरह समर्पित पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने लाहौल-स्पीति में भाजपा संगठन को एकजुट करने के लिए युवाओं को साथ लेकर सदस्यता अभियान और भाजपा के बिखरे कुनबे को इक्ट्ठा करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

प्रदेश संगठन की रणनीति के तहत कार्य करते हुए रवि ठाकुर भाजपा में रूठों को मनाने और व्यक्ति विशेष के साथ गए भाजपाइयों को वापस लाने में सफल होने लगे हैं। इसी का परिणाम है कि वीरवार को लाहौल-स्पीति विकास मंच के पदाधिकारियों ने मनाली में रवि ठाकुर से मुलाकात कर पुन: भाजपा में घर वापसी की है। रवि ने भाजपा में वापसी पर इन पदाधिकारियों का स्वागत किया और पार्टी संगठन को लाहौल-स्पीति में मजबूत कर जनजातीय जिले के विकास की बात कही। लाहौल-स्पीति विकास मंच का गठन पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने भाजपा छोड़ने के बाद किया था। लाहौल-स्पीति विकास मंच को छोड़कर जिन पदाधिकारियों ने भाजपा में वापसी की है, उनमें विकास मंच की उपाध्यक्ष देवी सिंह, सचिव सतीश कुमार, तिंदी गांव के विकास मंच कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार शामिल हैं।



संदीप ने बताया कि लाहौल-स्पीति विकास मंच के साथ गए हुए कई युवा दोबारा भाजपा में घर वापसी करने का इंतजार कर रहे हैं। रवि ठाकुर का लाहौल दौरा लगभग 200 से अधिक व्यक्ति विकास मंच छोड़ दोबारा पार्टी में वापसी करेंगे और लाहौल में रवि ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

**पुरस्कृत** आनी में दो आदर्श पाठशालाओं का वार्षिक समारोह आयोजित, मेधावी नवाजे

# कांग्रेस प्रदेश हित में लगातार कर रही कार्य : रोहित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी व आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्कूल की प्रतिभावान एवं मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के हित में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत करीब 2 सालों में शिक्षा विभाग में हजारों पदों को भरा गया है। ये प्रक्रिया लगातार जारी है।

वर्तमान में प्रदेश में 15 हजार से अधिक शिक्षण संस्थान हैं। इस वित्त वर्ष में 9860 करोड़ का बजट शिक्षा विभाग को आवंटित किया गया है। उन्होंने सरकार के गुणात्मक शिक्षा पर प्रमुखता देने के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार द्वारा 3200 के लगभग अध्यापक हाल ही में नियुक्त किए हैं तथा सरकार ने निर्णय लिया है कि शैक्षणिक सत्र के दौरान अध्यापकों का कोई तबादला न हो, ताकि बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर न पड़े। 15 हजार पदों की स्वीकृत कैबिनेट द्वारा दी गई है, जिसमें स्कूल, कॉलेज के अध्यापकों के पद भरे जाएंगे।

प्रदेश सरकार के प्रावधानों के अनुसार आनी से भी बच्चे विदेशों में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के स्कूल भवन का टेंडर प्रक्रिया जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंगश, लगौटी, कोठी स्कूल के लिए भी जल्द बजट प्रदान किया जाएगा। भविष्य में यहां भव्य ऑडिटोरियम निर्माण के लिए अगले वित्त वर्ष में बजट का प्रावधन किया जाएगा। जहां संख्या कम है, वहां पर स्कूलों को मर्ज करेंगे, ताकि संसाधनों का बेहतर लाभ सभी को मिल सके।

उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रत्येक प्रस्तुति को 15 हजार प्रदान किए। शिक्षा मंत्री ने स्कूल को बधाई देते हुए कहा कि आनी के दोनों राजकीय स्कूल शैक्षणिक व सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस स्कूल से कई प्रतिभाएं निकली हैं, जिन्होंने प्रदेश का नाम देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में चमकाया है और आज इस समारोह में बेटियों के विशेष प्रदर्शन को देखकर उन्हें आने वाले भारत की झलक देखने को मिली है। (अनंत ज्ञान)



आनी स्कूल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे शिक्षा मंत्री व उनके साथ अन्य गणमान्य लोग।

# एनएचपीसी के अध्यक्ष राज कुमार को एसजेवीएनएल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राज कुमार चौधरी को एसजेवीएन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में चौधरी भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार का नवरत्न उद्यम एनएचपीसी में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। चौधरी के पास बिजली क्षेत्र और जलविद्युत विकास के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का समृद्ध और व्यापक अनुभव है।



जलविद्युत परियोजना के विकास की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक के सभी पहलुओं में विशेषज्ञता और गहन ज्ञान है और उन्होंने भारत और भूटान में जलविद्युत के विकास में योगदान दिया है। चौधरी बीआईटी सिंदरी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और उन्होंने मैनेजमेंट में एडवांस डिप्लोमा भी अर्जित किया है। 1989 में झारखंड के कोयल कारो जलविद्युत परियोजना में प्रोबेशनरी एक्जीक्यूटिव (सिविल) के पद से एनएचपीसी में अपनी सेवा की शुरुआत की। 7 अगस्त 2024 को एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार संभालने से पहले अपने उत्कृष्ट करियर में चौधरी ने एनएचपीसी में विभिन्न पदों पर कार्य किया है, जिसमें एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) का पद भी शामिल है। चौधरी ने भूटान में मंगदेछू और पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजनाओं में निदेशक (तकनीकी) के पद पर भी कार्य किया है। चौधरी ने कलपोंग जलविद्युत परियोजना की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक कार्य किया। यह परियोजना निर्धारित समय से 16 महीने पहले चालू की गई। एनएचपीसी के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी क्योंकि यह परियोजना अंडमान एवं निकोबार के एक सुदूरवर्ती द्वीप में अवस्थित थी।

चौधरी ने सिक्किम में तीस्ता-5 जलविद्युत परियोजना (510 मेगावाट) और भूटान में मांगदेछू जलविद्युत परियोजना (720 मेगावाट) को चालू करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।



## न्यूज ब्रीफ

### माताओं को विकासात्मक गतिविधियों के बारे में बताया



**दाड़लाघाट।** सोलन के शिक्षा खंड धुंदन के बीआरसी कार्यालय परिसर में पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बृजलाल पंवर ने बताया कि इस कार्यशाला में शिक्षा खंड धुंदन व अर्की से कुल 31 माताओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्री प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के बारे में जागरूक करना था। पहली शिक्षक मां कार्यक्रम में मुख्य विषय प्री प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास और रचनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिसोर्स पर्सन दिलीप कुमार और दीपक सुमन का मुख्य योगदान रहा।

### बिजली बोर्ड यूनियन ने शिक्षा मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**आनी।** वीरवार को हिमाचल बिजली बोर्ड एंप्लाइज यूनियन बिजली मंडल आनी का प्रतिनिधिमंडल मुख्य संगठन सचिव झाबे राम शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आनी में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली बोर्ड में समस्त एनपीएस कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से ओपीएस देने की मांग, 81 आउट सोर्स ड्राइवर की सेवाए तुरंत बहाल करने की मांग, इंजीनियरों के खत्म किए गए 51 पदों की बहाली की मांग, जेओए (आईटी) और (एकाउंट्स) के आर एंड पी नियम जल्द लागू करने और आउटसोर्स पर लगे सभी कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने आदि की मांगें प्रमुखता से रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री रोहित को कहा कि इनदिनों बिजली बोर्ड में चल रहे घटना क्रम से कर्मचारी काफी आहत हैं और वे अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधक वर्ग से मांग की है कि 1030 पदों को भरने की जो एक वर्ष पहले स्वीकृति प्रदान हो चुकी है उन पदों को जल्द भरा जाए, ताकि कार्य क्षेत्र में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं और कर्मचारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को भी कुछ हद तक कम किया जा सके।

# नगर निगम व ठेकेदारों के विवाद से पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन और ठेकेदारों के बीच पेंडिंग बिल को लेकर उपजे विवाद के कारण शहर के कई महत्वपूर्ण कार्य अधर में लटक गए हैं।

शहर में पेयजल व्यवस्था और लीकेज समस्या के समाधान के लिए निगम ने टैंक रोड से जवाहर पार्क तक नई पाइप लाइन बिछाने के लिए करीब 1.15 करोड़ का प्रावधान किया है पर टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने से यह कार्य एक वर्ष से लंबित है। यदि यह कार्य समय रहते पूरा होता, तो इससे पानी की लीकेज से निजात मिलने के साथ पानी की व्यवस्था सुचारू होती। निगम के हाउस से मंजूरी के बाद इसे तकनीकी कमेटी ने भी क्लियर कर दिया है। नई पाइप लाइन से शहर के माल रोड, ओल्ड बस स्टेंड क्षेत्र और नया बस अड्डा, आईटीआई सहित आसपास के क्षेत्रों में आगामी दिनों में पेयजल की आपूर्ति पहले से बेहतर होगी। जानकारी के अनुसार इस कार्य में करीब एक करोड़ 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बीते दिनों नगर निगम के हाउस में नई पाइप लाइन बिछाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। वर्तमान में पेयजल सप्लाई के मुख्य टैंक से जवाहर पार्क स्थित टैंक को भरने के लिए एक ही पाइप लाइन है, जो छह इंच की है। इससे टैंक को भरने में काफी समय लग जाता है। वहीं, जब शहर में इस टैंक से पेयजल सप्लाई करनी होती है तो टैंक एक से डेढ़ घंटे में ही खाली हो जाता है। लाइन पुरानी होने के चलते इसमें बड़ी मात्रा में पानी की लीकेज हो जाती है। मुख्य टैंक से पानी का बहाव कम होने से निगम पूरे क्षेत्र में पानी सप्लाई भी नहीं कर पाता है कि यह टैंक खाली हो जाता है। इसी समस्या से निपटने के लिए निगम ने एक नई पाइप लाइन बिछाने की योजना तैयार की है, जिससे टैंक खाली होने के साथ भरता भी रहे। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

**1.15 करोड़ रुपए का आएगा खर्च, पानी की लीकेज का होगा समाधान**

### एक अन्य टैंक को भी जोड़ने की योजना

पेयजल सप्लाई के मुख्य टैंक से जवाहर पार्क तक बिछाई जाने वाली पाइप लाइन से बीच में ब्वायज स्कूल के समीप पड़ने वाले एक अन्य टैंक को भी जोड़ा जाएगा। यहां तक इस लाइन की मोटाई आठ इंच रहेगी। यहां से आगे जवाहर पार्क तक लाइन छह इंच की बिछेगी। ब्वायज स्कूल के समीप स्थित पानी के टैंक से ठेडो मैदान के आसपास के क्षेत्र, शक्ति नगर सहित अन्य क्षेत्रों को पानी की सप्लाई की जाती है। सोलन शहर में रोजाना 20 से 22 लाख गैलन पानी की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए गिरि व अश्विनी दो पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति की जाती है। गर्मियों व बरसात के मौसम में सोलन शहर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



"पेयजल सप्लाई के मुख्य टैंक से जवाहर पार्क स्थित टैंक तक एक नई पाइप लाइन बिछाने की योजना है। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही कार्य शुरू किया जाएगा।"
**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# घनागुघाट पंचायत में सिविल ट्रेड से संबंधित उपकरणों की मरम्मत की



घनागुघाट पंचायत में विशेष कम्युनिटी सपोर्ट शिविर के आयोजन पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट ने घनागुघाट पंचायत में एक विशेष कम्युनिटी सपोर्ट शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को तकनीकी सहायता प्रदान करना और उन्हें घरेलू उपकरणों की मरम्मत और देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी और सेवाएं मुहैया करवाना था। शिविर में आईटीआई के प्रशिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सिविल ट्रेड से संबंधित विभिन्न उपकरणों की मरम्मत की गई। इस शिविर में जो प्रमुख उपकरणों की मरम्मत की गई, उनमें हीटर, इंडक्शन चूल्हा, आयरन प्रेस, होम थियेटर, रेडियो, टीवी, सीसीटीवी कैमरे, वाशिंग मशीन शामिल थे। इस शिविर में पंचायत के उपप्रधान प्रवीण कुमार और वार्ड मेंबर कुसुम लता भी मौजूद रही, जिन्होंने कैंप की गतिविधियों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों को इस पहल का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आईटीआई दाड़लाघाट ने इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सिंगर कंपनी के साथ मिलकर कार्य किया। आईटीआई दाड़लाघाट के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि इस तरह के शिविर का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोग अपने रोजमर्रा के जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बन सकें। इस शिविर ने पंचायत के लोगों को न केवल तकनीकी सहायता प्रदान की, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम और बढ़ने का अवसर दिया।

# सोलन कॉलेज ने नाटक, माइम स्किट में हासिल किए पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजकीय महाविद्यालय सोलन ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज युवा महोत्सव समूह-4 में विविध परितोषिक अर्जित किए।

यह प्रतियोगिता कुल्लू कॉलेज में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर के लगभग 30 कॉलेजों ने भाग लिया। सोलन कॉलेज से डॉ. रेखा गुप्ता तथा डॉ. हीरा छेत्री के मार्गदर्शन में 20 विद्यार्थियों के समूह ने कवि कालिदास के जीवन पर आधारित आषाढ़ का एक दिन नाटक का मंचन किया, जो कि वहां उपस्थित निर्णायक मंडल तथा दर्शकों ने खूब सराहा तथा चार प्रतिस्पर्धाओं में से तीन में पारितोषिक अर्जित किए। नाटक में दूसरा स्थान, माइम में दूसरा व स्किट में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो कि कॉलेज की अब तक की प्रतियोगिता में सबसे बड़ी उपलब्धि है।

प्राचार्य डॉ. एचएल ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पंचायत स्तर पर पुस्तकालय निर्माण पर खर्च किए जा रहे 88 करोड़: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर पुस्तकालय निर्माण पर इस वर्ष 88 करोड़ रुपए खर्च कर रही है, ताकि युवाओं को अपने घर के समीप पठन-पाठन की गुणवत्तायुक्त सुविधा प्राप्त हो सके।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत कुंहर के राजकीय उच्च विद्यालय लढ़ोग में आयोजित वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में पुस्तकालयों की अहम भूमिका है। युवाओं को बेहतर पुस्तकें एवं स्थान उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर तक पुस्तकालय तथा वाचनालय निर्मित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से युवा, विद्यालय तथा कॉलेज स्तर पर प्राप्त शिक्षा को और बेहतर बनाने में सफल होंगे। इस वर्ष पंचायत स्तर पर 493 पुस्तकालय निर्मित कर यहां पुस्तकें एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। एकाग्रता, दृढ़ निश्चय व कठिन परिश्रम किसी भी लक्ष्य को पाने में सारथी का कार्य करते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करें और एक अचूक कार्य योजना बनाकर लक्ष्य की ओर बढ़ें। छात्रों को सर्वागींण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए, ताकि भविष्य की चुनौतियों के लिए वह बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को सहज एवं स्वाभाविक शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, ताकि मानसिक विकास के साथ-साथ छात्रों का समग्र विकास भी सुनिश्चित हो सके।



अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कुंहर के राजकीय उच्च विद्यालय लढोग के वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए विधायक संजय अवस्थी।

विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए अनुकूल वातावरण व सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षकों व विद्यालय प्रबंधन समिति की भी अग्रणी भूमिका रहती है। संजय अवस्थी ने कहा कि छात्रों को उत्तरदायी नागरिक बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व नैतिक मूल्यों का ज्ञान देना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को अपनी संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों व परंपराओं से अवगत करवाएं, ताकि छात्र बेहतर चरित्र के साथ अच्छे नागरिक बनें। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार यह प्रयास कर रही है कि युवा गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त कर बेहतर रोजगार व स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर छात्रों से आग्रह किया कि शिक्षा को बोझ नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ सुनहरे भविष्य का माध्यम मानें। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। विधायक ने राजकीय उच्च विद्यालय लढ़ोग के भवन के निर्माण कार्य के प्रारूप को स्वीकृत करवाने के लिए उच्च स्तर पर मामला उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की। आदर्श ग्राम सुधार सभा चोरटू को क्रिकेट किट देने की तथा आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

# 18 लाख स्वीकृत करने पर शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शरगांव के भवन निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसकी घोषणा बीते दिनों शरगांव के प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की ओर से की गई थी।

स्वीकृत पत्र मिलने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान कुलदीप सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी तारा दत्त शर्मा, रत्न कश्यप, श्याम दत्त शर्मा, मेघ राम, प्रताप सिंह, जीवन सिंह, सेवाराम चौहान सहित स्थानीय गांव के लोगों ने सीएम सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर का आभार व्यक्त किया।

# कंडाघाट में फील्ड प्रशिक्षणों की जरूरतों पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कंडाघाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सोलन में 19वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति एवं वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने की।

बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान जोन 1, लुधियाना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेश राणा, खुंब अनुसंधान निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर सतीश कुमार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा के सहनिदेशक डॉ. दिनेश ठाकुर, कृषि उपनिदेशक, उद्यान, पशुपालन विभाग तथा आत्मा परियोजना के पदाधिकारियों के अतिरिक्त प्रगतिशील किसान, बागवानों और केवीके के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ केंद्र में लगाई गई प्रदर्शनी के अवलोकन से हुआ। इस बैठक का उद्देश्य कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा तथा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करना था। इस अवसर पर प्रोफेसर चंदेल ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट के किसानों को विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों के साथ जोड़ने का भी प्रयास करना चाहिए।

प्रो. चंदेल ने केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र का आईसीएआर पुरस्कार जीतने पर बधाई दी।



कृषि विज्ञान केंद्र सोलन में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित प्रतिभागी।

### गर्भवती और धात्री महिलाओं के बच्चों के साथ कार्यक्रम का आयोजन

# डिंपल देवी और सविता देवी बनी स्वस्थ माता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के तहत पोषण और स्वास्थ्य की महत्ता पर गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के साथ कार्यक्रम का आयोजन पंचायत दाड़लाघाट के तेली आंगनबाड़ी केंद्र में किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को समझाना और गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्वस्थ्य रखने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य निर्माण अधिकारी और नार्थ रीजन हेड अंबुजा सीमेंट लिमिटेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से स्वस्थ मातृत्व और स्वस्थ्य शिशु के महत्व पर बल दिया जाना चाहिए। पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना समन्वयक अजीत कुमार सिंह और क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट सदैव ऐसे ही पोषण और स्वास्थ्य दिवस का विधि आयोजन स्वास्थ्य विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना के तहत चिन्हित गांवों और पंचायतों के माध्यम से नियमित रूप से करता रहेगा। स्वस्थ्य परियोजना के तहत 42 से अधिक गावों में कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई और उन्हें स्वस्थ जीवन के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान, अविका शर्मा को प्रथम और चारवी को द्वितीय स्थान मिला। स्वस्थ माता का पहला स्थान संयुक्त रूप से डिंपल देवी और सविता देवी को दिया गया।



# बिजली मीटर की केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाएं उपभोक्ता: अंकित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ बिजली उपमंडल में बिजली मीटर के खाता संख्या को आधार कार्ड (केवाईसी) से जोड़ने का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

सहायक अभियंता बिजली उपमंडल राजगढ़ अंकित वर्मा ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वह अपने बिजली मीटर की केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाएं अन्यथा सरकार से बिजली खपत पर मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रह जाएंगे। केवाईसी करवाने के लिए आधार कार्ड के अतिरिक्त राशन कार्ड और पुराना बिजली बिल साथ लाना जरूरी होगा। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता को अपना मोबाईल सेट साथ में रखना होगा, जिसका नंबर आधार लिंक होना चाहिए। अंकित वर्मा ने बताया कि यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता ऐसी स्थिति में उसे सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी नहीं मिलेगी। यदि किसी उपभोक्ता को केवाईसी करवाने में दिक्कत पेश आ रही है, तो उपभोक्ता बिजली उपमंडल कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर केवाईसी करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिन उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल जमा नहीं करवाएं हैं, वह भी समय पर बिजली बिल जमा करवा दें अन्यथा ऐसे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति एवं सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

# उपभोक्ताओं तक पूर्व में पहुंचे घरेलू गैस वितरित करने की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं लक्षित वर्गों का संबल बन रही हैं।

मनमोहन शर्मा जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन में 340 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से जुलाई से अक्तूबर, 2024 तक विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को लगभग 10,722 क्विंटल चीनी, 47,920 क्विंटल चावल, 75,456 क्विंटल आटा, 11,206 क्विंटल उड़द, चना, मूंग एवं मलका दाल, 7,63,172 खाद्य तेल तथा लगभग 2686 क्विंटल आयोडाईज्ड नमक वितरित किया गया। जिले में 340 उचित मूल्य की दुकानों में से 202 दुकानें सहकारी सभाओं, 130 व्यक्तिगत, 2 महिला मंडलों तथा 6 पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही हैं। सोलन में वर्तमान में 19 गैस एजेंसियों के माध्यम से 2,04,334 पंजीकृत घरेलू गैस उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। जिले में उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस वितरित करने की जानकारी पूर्व में पहुंचनी चाहिए, ताकि सभी बिना किसी परेशानी के घरेलू गैस प्राप्त कर सकें।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रूट चार्ट के अनुसार रसोई गैस वितरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता एवं मांग के अनुसार उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए चयनित स्थानों पर विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य की दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें, ताकि उचित मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता की खाद्य सामग्री बिल के साथ उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो। बैठक में स्कूली बच्चों की मिड-डे-मील, गर्भवत्ती एवं धात्री महिलाओं तथा 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार सहित अन्य विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई।

डीसी ने संबंधित अधिकारियों को मिड-डे-मील के राशन का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र धीमान ने विभागीय कार्य प्रणाली एवं आवश्यक मदों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# जगत सिंह नेगी, डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास तथा जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 29 नवंबर को अर्की उपमंडल के प्रवास पर आ रहे हैं। जगत सिंह नेगी 29 को सायं 4.30 बजे अर्की के कुनिहार में 'रियासत विंटर कार्नीवाल' में मुख्यातिथि होंगे। वहीं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 29 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 29 को प्रात: 11.30 बजे कंडाघाट स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।






**आयोजन** डीसी ने सर्दी के मौसम से संबंधित तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के प्रमुखों और एसडीएम के साथ की बैठक, कहा-

# विभाग मौसम की चुनौतियों के लिए रहे तैयार, पूर्ण करे तैयारियां

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने डीसी कार्यालय में जिले के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित कर सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिले के सभी एसडीएम व खंड विकास अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया। उन्होंने जिले के अधिकारियों को हिमस्खलन और भारी बर्फबारी वाले क्षेत्रों में मानव संसाधन, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्री की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से बर्फबारी वाले क्षेत्रों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की ओर ट्रैकर्स या यात्रियों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मौसम की चुनौतियों के लिए तैयार रहें तथा आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी एसडीएम को सर्दियों की तैयारियों और प्रतिक्रिया के दौरान कुशल समन्वय के लिए उपमंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए तथा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विभागों के साथ शीतकालीन तैयारियों को लेकर बैठक ओयोजित करने के लिए कहा। डीसी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को उन क्षेत्रों में पर्याप्त राशन और ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा जहां बर्फबारी और सड़क अवरोध के कारण सर्दी के मौसम में संपर्क कट जाता है। उन्होंने बिजली, जल शक्ति, दूर संचार व लोक निर्माण विभागों के अधिकारियों से ऐसे क्षेत्रों में दूरसंचार, बिजली व पानी जैसी आवष्यक बुनियादी व्यवस्था सुचारू रखने को कहा।



जिले के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करते डीसी सुमित खिमटा।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक दवाइयों व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी चेतन चैहान ने बैठक का संचालन करते हुए जिला आपदा प्रबंधन (डीडीएमए) की पूर्व तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सर्दियों की तैयारियों के महत्व पर प्रकाश डाला और खंड स्तर तक समीक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि बैठक के दौरान तैयार की गई कार्ययोजना का परीक्षण क्षेत्र में किया जाना चाहिए तथा भविष्य के लिए किसी भी कमी को दस्तावेज में दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को, पानी के पाइप और बिजली के खंभों के भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में ग्लोबल एलायंस फॉर राइट्स एंड ड्यूटीज ने भारत विकास परिषद के साथ मिल कर 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट हाई स्कूल, सेक्टर-30 में किया। इस अवसर पर ग्लोबल एलायंस फॉर राइट्स एंड ड्यूटीज के अध्यक्ष देवेश मौदगिल, महामंत्री सरदार जसजोत सिंह अलमस्त और भारत विकास परिषद ईस्ट-1 की अध्यक्ष मीनल गुप्ता ने स्कूल की प्रिंसिपल इन्दु बब्बर को भारत के संविधान की प्रस्तावना भेंट की। इस दौरान उनके साथ शिखा निझावन अध्यक्ष रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अमिता मित्तल भी उपस्थित थे।

### हीमोफीलिया मरीज की फोर्टिस में सफल सर्जरी

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** फोर्टिस अस्पताल मोहाली के आर्थोपेडिक्स विभाग ने हाल ही में टाइप ए हीमोफीलिया से पीड़ित 48 वर्षीय मरीज पर सफलतापूर्वक टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) सर्जरी की है। हीमोफीलिया एक दुर्लभ विकार है, जिसमें मरीज का खून सामान्य रूप से नहीं जमता क्योंकि इसमें पर्याप्त ब्लड क्लोटिंग प्रोटीन की कमी होती है और उपचार में देरी जानलेवा साबित हो सकती है। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हीमोफीलिया मरीज पर सर्जरी करना एक चुनौतीपूर्ण और जटिल प्रक्रिया है। इसका कारण है कि मरीज के खून में रक्त जमाव प्रोटीन की कमी के कारण रक्त जमता नहीं है। यदि इसे सही तरीके से प्रबंधित नहीं किया जाए, तो रक्त स्राव या चोट का खतरा बढ़ जाता है। जबकि टाइप ए हीमोफीलिया 10,000 लोगों में से एक को प्रभावित करता है, वहीं टाइप बी हीमोफीलिया 40,000 में से एक को होता है।

### अपहरण के 31 साल बाद परिवार से मिला युवक

**गाजियाबाद (उप्र)।** गाजियाबाद जिले में वर्ष 1993 में अगवा किया गया सात साल का राजू 31 साल बाद अपने परिवार से मिला। फिरौती की रकम देने में असमर्थ होने पर उसके परिवार ने उसे मजबूरन भाग्य के भरोसे छोड़ दिया था मगर तीन दशक के बाद उसे सही-सलामत अपने बीच पाकर परिवार बेहद खुश है। दिल्ली बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए तुला राम के लिए अपने बेटे राजू से 31 साल बाद पुनर्मिलन बेहद खुशी का क्षण था। साहिबाबाद क्षेत्र के रहने वाले तुला राम ने बताया कि उनके बेटे राजू का सितंबर 1993 को साहिबाबाद के दीनबंधु पब्लिक स्कूल से घर लौटते समय अपहरण कर लिया गया था। एक टेंपो में सवार तीन लोगों ने उसे अगवा किया था। उस वक्त राजू की उम्र सात साल थी। उन्होंने बताया कि मामले में साहिबाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। काफी खोजबीन के बाद भी पुलिस राजू को बरामद नहीं कर पाई। इसी दौरान उन्हें एक पत्र मिला था जिसमें राजू को छोड़ने के एवज में आठ लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। रकम दे पाने में असमर्थ होने पर तुला राम ने मामले को भाग्य के भरोसे छोड़ दिया और जांच ठंडे बस्ते में चली गई। तुला राम ने कहा, "इस दौरान हम इस बात को लेकर अनिश्चित में रहे कि हमारा बेटा जीवित है भी या नहीं, लेकिन 27 नवंबर को हमारे लिए मायूसी बहुत बड़ी खुशी में बदल गई। राजू हमारे पास वापस आ गया। वह अब 38 साल का हो चुका है।" उन्होंने कहा, "शुरुआत में मुझे यह मानने में हिचकिचाहट हुई कि क्या यह वाकई हमारा राजू ही है। मैं उसे घर ले गया और उसकी मां और बहनों ने उसकी छाती पर एक तिल और खोपड़ी में एक गड्ढे से उसकी पहचान की। आखिरकार 31 साल बाद हमारा खोया हुआ राजू हमें वापस मिल गया।"

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से लड़की की मौत

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले में बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 13 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक लड़की की पहचान गौरवी के तौर पर हुई है जो यहां श्याम नगर स्थित अपनी मौसी के घर आई हुई थी। अधिकारियों के मुताबिक, घर की छत पर खेलने के दौरान बुधवार शाम वह हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई और उसकी मौत हो गई।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर बिगड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वीरवार को सुबह प्रदूषण का स्तर थोड़ा बढ़ गया और वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 313 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को सुबह नौ बजे यह 301 था। राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की मोटी परत छाई रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता आंकड़ा दर्ज करने वाले 38 निगरानी केंद्रों में से किसी ने भी एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में नहीं बताया। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री कम 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली में जापानी इंसेफेलाइटिस का पहला केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जापानी इंसेफेलाइटिस का पहला मामला सामने आया है। एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारियों और महामारी विज्ञानियों को अलर्ट जारी कर मोर्चा संभालने को कहा है। निगरानी बढ़ाने और वेक्टर नियंत्रण उपायों को तेज करने और जापानी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान सहित समुदाय आधारित पहल करने का निर्देश दिया है।

### मणिपुर में आज से खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने ऐलान किया कि इंफाल घाटी जिलों और जिरीबाम में स्कूलों और कॉलेजों में कक्षाएं 29 नवंबर से पुनः शुरू होंगी। लगभग 13 दिन के बाद शिक्षण संस्थान खुलने जा रहे हैं। मणिपुर में जिरी और असम में बराक नदी से जिरीबाम की तीन महिलाओं तथा तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद 16 नवंबर से इन जिलों में शैक्षणिक संस्थान बंद हैं।

### ट्रंप को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एरिजोना के मैनुअल तामायो-टोरेस ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो पोस्ट किए थे, जिसमें पूरे परिवार को मार देने की बात थी। अदालती दस्तावेजों से पता चला है कि संदिग्ध ने हाल के महीनों में फेसबुक पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं।

# ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था वो आज बन गया है वट वृक्ष : नायब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए कहा कि यह कॉलेज महाराजा अग्रसेन जी के मानव सेवा के अभियान को निरंतर जारी रखेगा।

ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था, वो आज वट वृक्ष बन गया है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। यह मेडिकल कॉलेज हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ये दो नई सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेंगी। 4 एकड़ में बने खेल परिसर में तीन मल्टी पर्पस हॉल, स्विमिंग पूल, एक जिम, योग कक्ष व रेस्टोरेंट बनाए गए हैं। इस पर 10 करोड़ रुपए की लागत आई है। 5 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से तीन एकड़ में बने छात्रावास में 54 कमरे बनाए गए हैं, जिससे छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल की खुदाई की मंजूरी दी है।

इससे अग्रोहा की प्राचीन विरासत के जल्द ही उजागर होने की उम्मीद जगी है। इस महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर संरक्षित करेंगे।

आज जब हम अपने गणतंत्र का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो अग्रोहा गणतंत्र पर हमें विशेष गर्व है। महाराजा अग्रसेन का यह गणतंत्र वर्तमान समय में दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र भारत की नींव है। हरियाणा सरकार ने महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और सिद्धांतों को याद रखते हुए हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा है। एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में चल रहा है, इसका जल्द उद्घाटन किया जाएगा।

## आईएएस अधिकारी अरुण गुप्ता सीएम के प्रधान सचिव नियुक्त

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। वह तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। हरियाणा सरकार ने गुप्ता के अलावा चार और नौकरशाहों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। वर्ष 1992 बैच के आईएएस अरुण कुमार गुप्ता वर्तमान में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त एसीएस के पद पर कार्यरत हैं। मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी उमाशंकर का स्थानांतरण करने से यह पद रिक्त हुआ था, जिस पर गुप्ता को नियुक्त किया गया है।

# दिल्ली में पीवीआर के पास विस्फोट, एक व्यक्ति घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के रोहिणी में पीवीआर प्रशांत विहार के पास गुरुवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट उसी इलाके में एक पार्क के पास एक मिठाई की दुकान के सामने हुआ जहां 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की एक दीवार भीषण विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूर्वाह्न 11:47 बजे प्रशांत विहार में बंसी वाला मिठाई की दुकान के सामने विस्फोट होने की सूचना मिली। बम का पता लगाने वाली टीम, खोजी कुत्ते, पुलिस और दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मौके से सफेद पाउडर बरामद हुआ। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए जांच जारी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के समय मल्टीप्लेक्स के अंदर फिल्म का शो चल रहा था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धुआं फैल जाने से आगंतुकों और निवासियों में दहशत फैल गई। घटना के बाद सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में मल्टीप्लेक्स के चारों ओर धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है।

पीवीआर और विस्फोट स्थल के बीच की दूरी कुछ ही मीटर की है। विस्फोट के कुछ घंटे बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल होने का आरोप लगाया।

## भारतीय वायुसेना का 'व्हाइट वाटर राफ्टिंग' चमोली से शुरू

**एजेंसी, गोपेश्वर**

भारतीय वायुसेना का गुरुवार को उत्तराखंड के चमोली में अलकनंदा नदी में 'व्हाइट वाटर राफ्टिंग' अभियान शुरू हुआ। अलकनंदा और गंगा नदियों के जलप्रवाह के साथ नावों के जरिए संचालित होने वाला यह अभियान तीन दिसंबर को ऋषिकेश में पूरा होगा।

'एयरफोर्स हेडक्वार्टर एडवेंचर सेल' दिल्ली के तत्वाधान में चमोली में अलकनंदा नदी के घाट से शुरू हुए इस अभियान का वायु सेना के विंग कमांडर विजय भट्ट नेतृत्व कर रहे हैं। इसमें वायु सेना के 14 जवान एवं दो गाइड शिरकत कर रहे हैं।

'व्हाइट वाटर राफ्टिंग' के लिए गंगा नदी खासतौर पर उसकी प्रमुख सहायक नदी अलकनंदा नदी की घाटी सबसे चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। विंग कमांडर भट्ट ने बताया कि वायु सेना द्वारा इस तरह के कार्य, म समय— समय पर आयोजित किए जाते हैं और वायु सैनिकों को साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि इससे जहां युवा सेना में आने के लिए प्रेरित होंगे वहीं स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

गाइड विवेक नेगी ने बताया कि अभियान के दौरान वायु सैनिकों को 'व्हाइट वॉटर रिवर राफ्टिंग' में 'रेस्क्यू', 'पैड लिंग' आदि गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बंबीहा गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि दविंदर बंबीहा गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान एसएएस नगर के गांव महमदपुर निवासी हरिंदर सिंह और एसएएस नगर के वराना निवासी गुरजिंदर सिंह के रूप में हुई है।

आरोपियों को अमेरिका में रहने वाला कुलवीर सिंह उर्फ लाला बेनीपाल निर्देशित कर रहा था, जो फरार गैंगस्टर लकी पटियाल का सहयोगी है। आरोपी लाला बेनीपाल ने इससे पहले एसएएस नगर में दो अलग-अलग हमलों की साजिश रची थी, जिसमें सितंबर 2023 में एक फाइनेंसर पर और दिसंबर 2023 में एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य पर हमला शामिल था।

# रेवाड़ी लूटपाट मामला : लापरवाही के आरोप में चार थाना प्रभारी निलंबित

**एजेंसी, चंडीगढ़**



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने रेवाड़ी जिले में हाल ही में हुई लूटपाट की घटना का संज्ञान लेते हुए जिले के चार पुलिस थानों के प्रभारियों को लापरवाही बरतने के लिए निलंबित करने का गुरुवार को निर्देश दिया।

पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी कपूर ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ किसी भी तरह के समझौते को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों या कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेवाड़ी जिले के बावल कस्बे के कटला बाजार में इस महीने की शुरुआत में तीन नकाबपोश बदमाशों ने दिन-दिहाड़े एक सर्राफा व्यवसायी के बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया और उसकी दुकान से नकदी और कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई। बयान में बताया गया कि पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें शामिल हुए। बैठक में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई।

डीजीपी ने जवाबदेही पर जोर देते हुए अधिकारियों से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों से नियमित रूप से पूछताछ करने के लिए कहा।

डीजीपी कपूर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के लिए जमीनी स्तर पर तैनात पुलिसकर्मियों को जवाबदेह बनाएं।

## देश-विदेश

# यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर रूस ने दागीं मिसाइलें

**एजेंसी, कीव**



**रूस** ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर वीरवार को भीषण मिसाइल और ड्रोन हमले किए। हमले के बाद इस बात की आशंकाएं बढ़ गई हैं कि रूस का इरादा सर्दी से पहले यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को तहस-नहस करना है।

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हर्मन हलुशेंको ने कहा कि पूरे यूक्रेन में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है। कीव, खारकीव, रिव्ने, खमेलनित्सकी, लुत्स्क समेत मध्य और पश्चिमी यूक्रेन के कई शहरों में धमाके होने की जानकारी मिली है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने ठंड के मौसम में यूक्रेनी बुनियादी ढांचे और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए ताबड़तोड़ हमले किए हैं। उत्तर कोरिया समेत रूस के सहयोगियों ने उसकी मदद की।

## राजस्थान में सरकारी स्कूल की दीवार गिरी 3 की मौत, एक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में वीरवार को एक हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सायला थाना इलाके में पोषणा गांव में हुआ। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि पोषणा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भवन निर्माण का काम किया जा रहा था, तभी वीरवार सुबह भवन की एक निर्माणाधीन दीवार गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे चार श्रमिक मलबे में दब गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबे मजदूरों को बाहर निकाला। हादसे में मोहनलाल, भैराराम व बीरमाराम की मौत हो गई और घायल जगदीश की हालत खतरे से बाहर है।

# खाली जमीन का अधिग्रहण या कब्जा करने का इतिहास में कोई उल्लेख नहीं

**एजेंसी, अजमेर**

**अजमेर** दरगाह और उससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर याचिका दाखिल की गई है, जिसमें कई अहम बिंदुओं को लेकर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अजमेर के प्रसिद्ध इतिहासकार हरविलास शारदा की पुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि अजमेर दरगाह के लिए किसी प्रकार की खाली जमीन का अधिग्रहण या कब्जा करने का इतिहास में कहीं भी कोई उल्लेख नहीं है।

> **अजमेर दरगाह विवाद याचिकाकर्ता ने इतिहासकार की पुस्तक के हवाले से किए कई खुलासे**

याचिका में आरोप लगाया है कि दरगाह परिसर में मौजूद तीन छतरियां, जो वर्तमान में एक गेट के पास स्थित हैं, संभवतः हिंदू धर्म से संबंधित भवनों के अवशेष हैं। याचिकाकर्ता ने अजमेर दरगाह के ऐतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए बताया कि हर विलास शारदा की पुस्तक में इन तीन छतरियों का विवरण दिया गया है। ये छतरियां किसी हिंदू भवन के टूटे हुए टुकड़े प्रतीत होती हैं और उनके डिजाइन और संरचना से यह संकेत मिलता है कि ये हिंदू मंदिरों या अन्य धार्मिक संरचनाओं के अवशेष हो सकते हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इन छतरियों में जो सामग्री और वास्तुकला दिखाई देती है, वह हिंदू धर्म के प्रतीकों से मेल खाती है। इन छतरियों की नक्काशी को रंगों के कई कोटों से छिपा दिया गया है और पुताई करने के बाद असली पहचान को छुपा लिया गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि इन छतरियों का निर्माण लाल पत्थर से किया गया है, जो पुराने जैन मंदिर के अवशेष हो सकते हैं, जिसे बाद में ध्वस्त कर दिया गया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा लाभ लेने के आरोप में बर्खास्त परिवीक्षाधीन प्रशासनिक अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण इस बीच जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के वकील के विरोध पर कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्षों को सुना गया। आदेश सुरक्षित रखा जाता है।

## दिल्ली में छापेमारी कर रही ईडी टीम पर हमला

**नई दिल्ली।** साइबर धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली में छापेमारी कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर बृहस्पतिवार को कथित तौर पर हमला किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के बिजवासन इलाके में हुई घटना के संबंध में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# आयुष्मान भारत योजना लागू करने से संबंधित भाजपा सांसदों की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भाजपा के सात सांसदों की याचिका पर वीरवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से जवाब मांगा, जिनमें सरकार को राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) लागू करने का निर्देश देने की अपील की गई है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने सांसदों की जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किया जाए। प्रतिवादियों के वकील ने हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा है और उन्हें समय दिया जाता है।

मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि दिल्ली एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जहां योजना अभी तक लागू नहीं की गई है, लिहाजा वे पांच लाख रुपये की आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं।

# क्राइम कैपिटल बनी दिल्ली असुरक्षित हैं लोग : केजरीवाल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

> **कानून व्यवस्था बनाए रखने में केंद्र सरकार नाकाम**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बनाए रखने में केंद्र सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। दिल्ली पूरी तरह से असुरक्षित है। सरेआम गैंगवार व दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं। केजरीवाल ने गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की बुरी हालत होती जा रही है। पिछले 1-1.5 साल से दिल्ली में अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

# सेंसेक्स 1190 अंक धड़ाम निफ्टी में 360 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** वीरवार को 1190 अंक की गिरावट के साथ 79,043 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 360 अंक की गिरावट रही, ये 23,914 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 221 अंक गिरकर 54,782 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और केवल 1 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में गिरावट और 4 में तेजी रही। एनएसई का आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.39 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। इंफोसिस, रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सेंसेक्स को ऊपर खींचने की कोशिश की। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.56 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.064 फीसदी की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## अमेरिकी नागरिक पाक के पेशावर का दौरा न करें : अमेरिका

**पेशावर।** अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने नागरिकों से 16 दिसंबर तक पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर का दौरा न करने को कहा है।

'सेरेना होटल, पेशावर को खतरा' शीर्षक से सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया, जिसमें अमेरिकी दूतावास के कर्मियों को यहां स्थित उक्त होटल जाने से बचने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बयान में कहा गया कि अमेरिकी नागरिकों को इस अवधि के दौरान होटल और इसके आसपास के क्षेत्र में जाने से बचने तथा यात्रा योजनाओं पर पुनर्विचार करने की सलाह दी जाती है।

# सीरिया में विद्रोही गुट का मिलिट्री बेस पर कब्जा, 89 लोगों की मौत



**एजेंसी, दमिश्क**

**हयात** तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही समूह और उसके सहयोगी गुटों ने अलेप्पो प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया। झड़पों में 89 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एचटीएस और उसके समर्थक गुटों के 52 लड़ाके और सीरियाई सरकारी बलों के 37 सैनिक शामिल थे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि एचटीएस और अल-फतह अल-मुबीन ऑपरेशन रूम के गुटों ने ऑपरेशन शुरू होने के 12 घंटे से भी कम समय में 21 गांवों, कस्बों और रणनीतिक स्थलों पर नियंत्रण कर लिया।

# गुकेश ने लिरेन पर बनाई मानसिक बढ़त

**एजेंसी, सिंगापुर**

**विश्व शतरंज चैंपियनशिप**

भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप में एक दिन के विश्राम के बाद शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा। 18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं। इससे पहले गुकेश को शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ़-डेढ़ अंक हैं।

पहली बाजी में शिकस्त का सामना करने वाले गुकेश ने स्पष्ट रूप से अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और बेहतर तैयारी दिखाई है। लिरेन को तीसरी बाजी में चालों की गणना करने में गलती का खामियाजा उठाना पड़ा। उन्होंने इस दौरान बहुत अधिक समय लिए, जिससे उनके लिए चीजें जटिल होती चली गई। तेरहवीं चाल तक गुकेश के पास एक घंटे की बढ़त थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किए थे। लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे।

खेल के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता। बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने सटीक चालों से उन पर दबाव बढ़ा दिया।



## खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार

18 वर्षीय गुकेश विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने की कोशिश कर रहे हैं। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। इस बात की संभावना अधिक है कि स्कोर बराबर होने पर लिरेन आक्रामक की जगह अधिक सतर्क रवैया अपनाएं। गुकेश का ध्यान अपनी मानसिक बढ़त को बनाए रखने के साथ चीन के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं देने पर होगी। चेन्नई का यह खिलाड़ी सफेद मोहरों से बेहतर खेल दिखाता है और वह अगर इसे जारी रखने में सफल हुए तो लिरेन दबाव में आ जाएंगे।



## चीन के डिंग लिरेन में वापसी करने की क्षमता

लिरेन ने पिछला विश्व चैंपियनशिप खिताब रूस के इयान नेपोमनियाचची के खिलाफ तीन बार पिछड़ने के बाद जीता था। उन्होंने तब मुकाबले के आखिरी चरण में बढ़त बनाई थी और अंतिम दिन टाईब्रेकर ने खिताब के विजेता का फैसला किया था। लिरेन की वापसी करने की क्षमता को देखते हुए उन्हें कम नहीं आंका जा सकता है। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने बुधवार की हार के बाद स्पष्ट रूप से कहा, 'इस मुकाबले का परिणाम शायद आराम के दिन मेरी भावनाओं को प्रभावित करेगा।'' अब यह देखना होगा कि वह किस तरह से वापसी करते है।

> बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा।''
>
> **-डी गुकेश**
> **(दूसरे दौर में जीत के बाद)**

# अभ्यास मैच से पहले टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम से की मुलाकात

**एजेंसी, कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने 30 नवंबर से प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट) अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को यहां भारतीय क्रिकेट टीम की एक स्वागत समारोह में मेजबानी की। यह मैच मनुका ओवल में खेला जाएगा जो छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए अच्छी तैयारी के तौर पर काम करेगा।



भारत ने पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट को 295 रन से जीता था। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर रनों से टीम की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपने सभी साथियों को उनसे मिलवाया। अल्बानीज ने इस दौरान पर्थ टेस्ट में टीम की जीत के नायक रहे जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली की प्रशंसा की। ऑस्ट्रेलिया की संसद में बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, '' इस सप्ताह मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के सामने एक शानदार भारतीय टीम के खिलाफ बड़ी चुनौती होगी।'' जैक एडवर्ड्स के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एकादश ने भी अल्बानीज से भी मुलाकात की। क्रिकेट कूटनीति भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का एक हिस्सा है। अल्बानीज ने पिछले साल भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ अहमदाबाद में टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पार्थ जिंदल ने कहा-ऋषभ पंत और हमारी विचारधारा में अंतर था



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने खुलासा किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी से पहले ऋषभ पंत को बनाए रखने के लिए फ्रेंचाइजी ने हर संभव कोशिश की लेकिन इस दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ टीम संचालन को लेकर प्रबंधन के विचार एक जैसे नहीं थे। कैपिटल्स ने पंत को टीम में बरकरार नहीं रखा और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को हाल ही में मेगा नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। जिंदल ने कहा, ''फ्रेंचाइजी के संचालन पर हमारी सोच अलग-अलग थी। यही कारण है कि यह (पंत का टीम से अलग होना) हुआ। इसका पैसे से इसका कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''ऋषभ के लिए पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं रहा। हमारे लिए भी पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं था। मुझे लगता है कि हम तीनों (किरण ग्रांधी, जिंदल और पंत) की सोच एक जैसी नहीं थी।''

### डेनिएल व्याट ने 2010 में किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** डैनी के नाम से मशहूर इंग्लिश ऑलराउंडर डेनियल व्याट ने 2010 में मुंबई में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। 2018 में, उन्होंने भारत के खिलाफ मैच में अपना दूसरा ट्वेंटी-20 शतक बनाया। 10 जून, 2024 को उन्होंने अपने लंबे समय के साथी जॉर्जी हॉज से लंदन में शादी की।



# आईसीसी बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए 'हाइब्रिड' मॉडल पर होगी मुख्य चर्चा

**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी।

चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड' मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है।



फाइल फोटो

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, '' इस समय 'हाइब्रिड' मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है।'' आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक 'जियो स्टार' ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है।

आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

इस सूत्र ने भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने की संभावना को खारिज करते हुए कहा, ''मुझे नहीं लगता कि टेलीविजन अधिकार धारक इस बात से सहमत होंगे। वे ग्रुप चरण में ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की मांग करेंगे, ताकि टूर्नामेंट की लोकप्रियता और मौद्रिक आय में वृद्धि हो सके। दोनों टीमों का सामना अगर नॉकआउट चरण में होगा, तो यह उनके लिए किसी बोनस की तरह होगा।''

उन्होंने कहा, '' भारत ने पहले ही तय कर दिया है कि नॉकआउट चरण में पहुंचने पर भी टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी ऐसे में यह चर्चा हाइब्रिड मॉडल के इर्द-गिर्द होगी।'' भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है, जिसमें 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

## भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी: नकवी



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान यात्रा करने से इनकार करने का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी। चैंपियंस ट्रॉफी का भविष्य अधर में लटका है क्योंकि बीसीसीआई ने आईसीसी को टीम पाकिस्तान भेजने में असमर्थता जताई है और वैश्विक संस्था ने अंतिम निर्णय लेने के लिए अपने कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। नकवी ने गद्दाफी स्टेडियम में कल रात निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा, ''यह संभव ही नहीं है कि पाकिस्तान भारत में जाकर सभी टूर्नामेंट खेलता रहे और भारतीय अधिकारी अपनी टीम पाकिस्तान में खेलने के लिए भेजने को तैयार नहीं हों। हम ऐसी विषम स्थिति नहीं होने दे सकते।''

## भारत दौरे पर हेली मैथ्यूज को कमान



**सेंट जोंस (एंटीगा)।** ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज अगले महीने भारत दौरे के दौरान 15 सदस्यीय वेस्टइंडीज महिला टीम की अगुवाई करेंगी।

वेस्टइंडीज की महिला टीम इस दौरे पर तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज 15 दिसंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में शुरू होगी और इसके बाद 22 दिसंबर से वडोदरा के वडोदरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी।

टीम की दिग्गज खिलाड़ी स्टेफनी टेलर फिलहाल चोट से उबर रही हैं और वह इस दौरे से बाहर रहेंगी।

**टीम।** हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलेने, शमिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डिएंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जाएदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मुंगसर, अश्मिनि मुनिसर, करिश्मा रामहैरक, राशदा विलियम्स।

# पहला टेस्ट : न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 319 रन

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

केन विलियम्सन ने चोट से वापसी पर 93 रन की शानदार पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 319 रन बनाए। दिन का खेल जब 83 ओवर के बाद खत्म हुआ उस समय ग्लेन फिलिप्स 41 और टिम साउथी 10 रन बनाकर खेल रहे थे। साउथी इस सीरीज के बाद संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं।



विलियम्सन चोट के कारण पिछले महीने भारत में न्यूजीलैंड की 3-0 की ऐतिहासिक जीत के दौरान टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने इस साल जून के बाद सिर्फ दो टेस्ट और प्रथम श्रेणी का एक मैच खेला है। न्यूजीलैंड की टीम चाय के विश्राम से पहले तीन विकेट पर 193 रन बनाकर अच्छी स्थिति में, लेकिन इंग्लैंड ने दिन के आखिरी सत्र में विलियम्सन सहित पांच विकेट झटक कर अच्छी वापसी की। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने 20 ओवर में 69 रन देकर चार विकेट लिए।

# अंतर-बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

26वीं अंतर-बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन आज राजकीय बहुतकनीकी हमीरपुर के परिसर में हुआ। इस आयोजन का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक अक्षय सूद ने किया।



यह अंतर-बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें कुल पांच खेलों (कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल और बैडमिंटन) का आयोजन किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक खेलकूद मीट में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों के 476 छात्र अपनी खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। राजकीय बहुतकनीकी हमीरपुर के प्रधानाचार्य चंदर शेखर ने प्रतिभागियों, अधिकारियों और दर्शकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक रंगों से भरा पहला दिन।** पहले दिन के खेल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। बैडमिंटन में राजकीय बहुतकनीकी हमीरपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय बहुतकनीकी जंडौर को हराकर जीत हासिल की। वहीं, कबड्डी के एक अन्य मुकाबले में राजकीय बहुतकनीकी बिलासपुर की टीम ने राजकीय बहुतकनीकी उदयपुर को हराया। खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया।

सरुची और उनके दल ने मंच पर भांगड़ा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों से जोरदार तालियां मिलीं। यह प्रस्तुति इस आयोजन में सांस्कृतिक उत्साह का प्रतीक बनी।

**अब तक के खेलों के परिणाम**

कबड्डी में बिलासपुर बनाम उदयपुर में बिलासपुर बना विजेता, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रगतिनगर (गुम्मा) बनाम तलवाड़ में प्रगतिनगर कॉलेज के छात्र विजेता, टेबल टेनिस में सुंदरनगर बनाम चंबा में सुंदरनगर विजेता, हमीरपुर बनाम पांवटा में हमीरपुर विजेता, बैडमिंटन में हमीरपुर बनाम जंडौर में हमीरपुर विजेता, तलवाड़ बनाम बनिखेत में बनिखेत विजेता बना।

## राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में दो दिविसीय जूडो प्रतियोगिता आरंभ

**रविदत भारद्वाज, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में दो दिविसीय अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्ववविद्यालय सहित प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र वर्मा व प्रतियोगिता की प्रभारी डा. शशि किरण ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ निदेशक खेल शिक्षा एंव युवा सेवाएं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रोफेसर संजय शर्मा द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 27 महाविद्यालयों के लगभग 130 छात्र छात्राएं भाग ले रही है। (अनंत ज्ञान)

## पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी को चुना था, इसने करियर बना दिया : अभिषेक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता फारवर्ड अभिषेक ने पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान, 'स्टारडम' और वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे। अभिषेक ने हालांकि पत्राचार के माध्यम से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने में कामयाबी हासिल की। पेरिस ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक जीतने के अभियान में अहम योगदान निभाने वाले अभिषेक ने कहा, ''मैंने 11 या 12 साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया था। सोनीपत में इसके अलावा मेरे पास कोई और विकल्प नहीं था।'' उन्होंने कहा, '' मेरा एक दोस्त हॉकी खेलने के लिए काफी यात्रा करता था। मुझमें कभी पढ़ाई करने का धैर्य नहीं था और जब मैंने देखा कि मेरे दोस्त को हॉकी में व्यस्त होने के कारण स्कूल कम आना होता है, तो मैंने सोचा कि अगर मैं भी हॉकी खेलना शुरू कर दूं तो मैं भी ऐसा ही कर सकता हूं।''



**फुटबॉल**

## यूएफ चैंपियंस लीग में रीयाल मैड्रिड को 2-0 से दी पटकनी

# एलिस्टर-गाकपो के गोल के दम पर जीता लीवरपूल

**एजेंसी, लीवरपूल**

एलेक्सिस मैक एलिस्टर और कोडी गाकपो के गोल के दम पर लीवरपूल ने यूएफ चैंपियंस लीग (सीएल) फुटबॉल मैच में हराकर लगातार 5वीं जीत दर्ज की। लीवरपूल की इस जीत में गोलकीपर कोइमहिन केलहर और रक्षापंक्ति के युवा खिलाड़ी कोनोर ब्रैडली ने भी प्रभावी योगदान दिया।

केलहर ने मैच के 61वें मिनट में रीयाल मैड्रिड के दिग्गज किलीयन एमबापे की पेनल्टी कीक का शानदार बचाव किया जबकि 21 साल के ब्रैडली ने मैच के दूसरे हाफ में फ्रांस के इस खिलाड़ी को गोल करने के मौका बनाने से दूर रखा।

ब्रैडली का एमबाप्पे को शानदार तरीके से किया गया टैकल करना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लीवरपूल की यह पांच मैचों में 5वीं जीत है और टीम 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पायदान पर है। चैंपियंस लीग के इस सत्र को नए प्रारूप में खेला जा रहा है, जिसमें जनवरी के आखिरी में शीर्ष-8 स्थान पर रहने वाली टीमें अंतिम-16 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि नौ से 24वें स्थान की टीमें आठ स्थान के लिए प्लेऑफ मुकाबले में भिड़ेगी।



इस हार के बाद मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में दो जीत से छह अंक के साथ 25वें पायदान पर है। टीम की यह पांच मैचों में तीसरी हार है। लीग के अन्य मैचों में बेनफिका ने मोनाको को 3-2 से हराया।

मोनाको के पास इस मैच को जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका था लेकिन टीम पांच मैचों में 10 अंक के साथ 8वें पायदान पर है। बोरुसिया डॉर्टमंड ने डाइनेमो जगरेब को 3-0 से शिकस्त दी जबकि पीएसवी आइंडहोवन ने मैच के 87वें मिनट तक 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की।

## डरबन में श्रीलंका 42 रनों पर सिमटी

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन (13 रन देकर सात विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत किंग्समीड में श्रीलंका को टेस्ट क्रिकेट में उसके न्यूनतम 42 रन के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर पाकिस्तान के खिलाफ कैंडी में 71 रन पर था।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को पहली पारी में केवल 83 गेंद (13.5 ओवर) में आउट कर दिया। 100 साल में इतनी कम गेंद में पारी समेटने का भी यह रिकॉर्ड रहा। इंग्लैंड ने 1924 में दक्षिण अफ्रीका को 75 गेंद में ढेर कर दिया था। किंग्समीड पर भी यह न्यूनतम स्कोर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर रहा। न्यूजीलैंड की टीम 2013 में केपटाउन में 45 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलते हुए 111 रन जोड़े और पहली पारी 191 रन पर खत्म की।